CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 16°C
न्यूनतम : 05°C

हल्द्वानी, बुधवार 14 जनवरी 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 158 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com माघ कृष्ण पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2082 24 रजब 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



'प्रगति' पोर्टल से सुशासन को मिली नई गति, 97 फीसद मामलों का हुआ समाधानः योगी पेज 2



भारत की नजरें न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज जीतने पर खेल टाइम्स



गंभीर बीमारियों का खतरा दूर करने के लिए रागी और आंवला को अपनाएं सम्पादकीय



ईरान के साथ व्यापार करने वाले देशों पर अमेरिका ने 25 प्रतिशत शुल्क लगाया पेज 12

## भारत ने संभाली 10 देशों के समूह ब्रिक्स 2026 की कमान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत ने 10 देशों के समूह 'ब्रिक्स' की अध्यक्षता औपचारिक रूप से संभालते हुए वर्ष 2026 के लिए आधिकारिक लोगो व वेबसाइट लॉन्च की।

इस वर्ष के अंत में भारत 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने कमल के आकार वाले लोगो और वेबसाइट का शुभारंभ करते हुए कहा कि भारत अपनी अध्यक्षता और इस लोगो के माध्यम से 'मानवता प्रथम और जन-केंद्रित दृष्टिकोण' को आगे बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स की अध्यक्षता के दौरान भारत का प्रयास ब्रिक्स देशों की क्षमता को




वैश्विक कल्याण के लिए एकजुट करना होगा। डा. जयशंकर ने कहा कि जब भारत 2026 में ब्रिक्स की अध्यक्षता संभालने की तैयारी कर रहा है, तो यह इस समूह की यात्रा का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। उन्होंने कहा कि 2026 में ब्रिक्स अपनी स्थापना के 20 वर्ष पूरे कर लेगा। इन वर्षों में यह समूह उभरते बाजारों और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के बीच सहयोग के एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में विकसित हुआ है। उन्होंने कहा कि बीते सालों में ब्रिक्स ने बदलती वैश्विक चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए अपने एजेंडे और सदस्यता का विस्तार किया है। साथ ही आम जनता को केंद्र में रखने वाला विकास इस समूह की प्राथमिकता रहा है, जिससे बातचीत और व्यावहारिक सहयोग को बढ़ावा मिला है। डा. जयशंकर ने कहा कि वर्तमान वैश्विक

- विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने लॉन्च किए वर्ष 2026 के लिए आधिकारिक लोगो व वेबसाइट
- 2026 में ब्रिक्स अपनी स्थापना के 20 वर्ष करेगा पूरे

वातावरण जटिल और परस्पर जुड़ी चुनौतियों, भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं, आर्थिक विषमताओं, जलवायु जोखिमों और तकनीकी परिवर्तनों से घिरा है। ऐसे में ब्रिक्स एक महत्वपूर्ण मंच बना हुआ है, जो अलग-अलग समय पर अलग-अलग देशों की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए संवाद, सहयोग और व्यावहारिक समाधनों को प्रोत्साहित करता है। उन्होंने लोगो की विशेषता बताते हुए कहा कि इसमें परंपरा और आधुनिकता का समावेश है। इसकी पंखुड़ियों में सभी ब्रिक्स सदस्य देशों के झंडों के रंग शामिल हैं, जो विविधता में एकता और साझा उद्देश्य की भावना को दर्शाते हैं।

## उत्तराखंड में झरना जमा यूपी में दो लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** पहाड़ी राज्यों में बढ़ती सर्दी ०बर्फबारी के असर से मध्य प्रदेश, उप्र, राजस्थान, बिहार, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली में तेज सर्दी जारी है।

उत्तराखंड के पिथौरागढ़, चमोली, उत्तरकाशी और रुद्रप्रयाग में झरने का पानी जम गया है। पिथौरागढ़ के आदि कैलाश और रुद्रप्रयाग के केदारनाथ धाम में तापमान लगातार दूसरे दिन -16 डिग्री सेल्सियस रहा। हरिद्वार और ऊधम सिंह नगर में कोल्ड डे की स्थिति है। उत्तर प्रदेश के चित्रकूट में सर्दी से 2 लोगों की मौत हुई। मंगलवार को 23 जिलों में घना कोहरा छाया रहा। बरेली का तापमान 3.8 डिग्री सेल्सियस रहा। सर्दी के कारण 8वीं तक के स्कूल नोएडा में 15 जनवरी, झांसी में 14 और गोरखपुर-आगरा-बिजनौर में 13 जनवरी तक बंद रखे गए हैं। गाजियाबाद में 5वीं तक के स्कूल 15 जनवरी तक बंद रहेंगे।

- राजस्थान में तापमान माइनस एक डिग्री

## संक्षिप्त समाचार

### 'जन नायकन' फिल्म पर रोक लगाना मोदी का तमिल संस्कृति पर हमला : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि तमिल फिल्म 'जन नायकन' पर केंद्र सरकार ने प्रतिबंध लगाया है और ऐसा कर उसने तमिल संस्कृति पर हमला किया है। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया है कि इस फिल्म पर रोक लगाकर पीएम मोदी ने तमिल संस्कृति पर हमला करने का काम किया है और तमिल लोगों की आवाज दबाने का प्रयास किया है, लेकिन वह इस प्रयास में कभी सफल नहीं होंगे।

### गुजरात हाईकोर्ट ने केजरीवाल की याचिका की खारिज

**अहमदाबाद।** गुजरात हाईकोर्ट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गुजरात यूनिवर्सिटी डिग्री से जुड़े मानहानि मामले में 'आप' प्रमुख और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका खारिज कर दी। केजरीवाल ने इस मामले में पार्टी नेता संजय सिंह से अलग ट्रायल चलाने की मांग की, जिसे अदालत ने स्वीकार करने से इन्कार कर दिया। जस्टिस एमआर मेंगदे ने मंगलवार को आदेश सुनाते हुए कहा कि यह याचिका खारिज की जाती है। हालांकि, कोर्ट के आदेश की पूरी प्रति आना बाकी है।

### NIA को सौंपा गया 'बांग्लादेशी घुसपैठ साजिश' मामला

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों को कथित तौर पर सुविधाएं देने का मामला दिल्ली पुलिस से लेकर एनआईए के हवाले कर दिया गया है। दिल्ली पुलिस की ओर से दर्ज की गई कम से कम दो बड़ी साजिशों वाली प्राथमिकियों में से एक प्राथमिकी से संबंद्ध यह कार्रवाई इन कथित नेटवर्क को निशाना बनाने वाले अभियान का एक महत्वपूर्ण कदम है।

### बागेश्वर में लगे भूकंप के झटके

**बागेश्वर।** उत्तराखंड के बागेश्वर में मंगलवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी शिखा सुयाल के अनुसार मंगलवार सुबह सात बजकर 25 मिनट पर आए भूकंप की तीव्रता रिएक्टर पैमाने पर 3.5 मापी गई है। इसकी गहराई 10 किमी पर रही, जबकि भूकंप का केंद्र बागेश्वर रहा है। भूकंप से जनपद में फिलहाल जान माल के नुक़सान की कोई सूचना नहीं है।

## कुत्ते के काटने पर भारी मुआवजा होगा तयः SC

### अदालत की दो टूकः जो आवारा कुत्तों को लेकर चिंतित, वे अपने घर ले जाएं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को आवारा कुत्तों के हमलों पर सख्त टिप्पणी की। अदालत ने कहा कि बच्चों या बुजुर्गों को कुत्तों के काटने, चोट लगने या मौत के हर मामले में हम राज्य सरकारों से भारी मुआवजा दिलवाएंगे, क्योंकि उन्होंने पिछले 5 सालों में नियमों को लागू करने के लिए कुछ नहीं किया।

कोर्ट ने कहा कि आवारा कुत्तों को खाना खिलाने वालों की भी जिम्मेदारी तय की जाएगी, अगर आपको इन जानवरों से इतना प्यार है, तो इन्हें अपने घर क्यों नहीं ले जाते। ये कुत्ते सड़कों पर क्यों घूमते रहें, लोगों को काटें और डराएं। उन्हें हम ऐसे ही नहीं छोड़ सकते। जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने कहा कि कुत्तों में एक खास तरह का वायरस होता है, जिसका कोई इलाज नहीं है। अब तक चार दिन की सुनवाई में इमोशन सिर्फ कुत्तों के लिए ही दिख रही है। जब कुत्ते 9 साल के बच्चे पर हमला करते हैं, तो उसका जिम्मेदार कौन होगा? क्या हम इस पर आंखें मूंद लें। इस मामले में अब अगली सुनवाई 20 जनवरी को दोपहर 2 बजे से होगी। जस्टिस संदीप मेहता ने महिला वकील की दलील पर कहा कि क्या आप सच में ऐसा कह रही हैं? एक वकील ने अभी-अभी हमें सड़कों पर रहने वाले अनाथ बच्चों के आंकड़े दिखाए। शायद कुछ वकील उन बच्चों को गोद लेने की पैरवी कर सकते हैं। जस्टिस मेहता ने कहा कि 2011 में प्रमोशन के बाद से मैंने इतनी लंबी बहसें कभी नहीं सुनीं और अब तक किसी ने भी इंसानों के लिए इतनी लंबी बहस नहीं की है। इसी के साथ सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार की सुनवाई खत्म कर दी। अब 20 जनवरी को दोपहर 2 बजे से अगली सुनवाई होगी। एक अन्य महिला वकील ने अपनी दलीलें पेश करते हुए कहा कि जब रेलवे स्टेशन पर एक छोटी बच्ची के बगल में कोई आवारा कुत्ता सो रहा होता है, तो उसके साथ रेप नहीं होगा। एक महिला होने के नाते, मुझे दिल्ली में उन कुत्तों के साथ चलने में सुरक्षित महसूस होता है। अगर मुझ पर कोई हमला करेगा, तो वे भौंकेंगे। वकील ने आगे कहा कि जब किसी शेल्टर होम में कोई कुत्ता बीमार पड़ जाता है, तो उनमें से जो वायरस पैदा होते हैं, उन पर दवाओं का असर नहीं होगा। मुझे बुरा लगता है जब आरडब्ल्यूए कुत्तों के लिए शेल्टर होम बनाने के लिए और अधिक फंड की मांग करते हैं। सबसे पहले बच्चों को सड़कों से हटाना होगा, कुत्तों को नहीं। बच्चों को शेल्टर होम की ज्यादा जरूरत है। वकील ने कहा कि मैं एक 80 -शेष पृष्ठ दो पर



- बेंच ने कहा: उन्हें ऐसे नहीं छोड़ सकते, कुत्तों में एक खास तरह का वायरस होता है, जिसका कोई इलाज संभव नहीं है

### भ्रष्टाचार कानून पर बंटे सुप्रीम कोर्ट के जज, CJI के पास भेजा गया मामला

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को भ्रष्टाचार के मामलों में सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ जांच से पहले परमिशन लेने की अनिवार्यता पर सुनवाई हुई।

जस्टिस नागरत्ना और जस्टिस विश्वनाथन की बेंच ने इस पर स्प्लिट वर्डिक्ट (बंटा हुआ फैसला) सुनाया। मामला भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम (पीसीएक्ट) की धारा 17ए की संवैधानिक वैधता से जुड़ा है। इसमें किसी भी सरकारी कर्मचारी के खिलाफ जांच करने से पहले सरकार की परमिशन लेना जरूरी है। इसी को लेकर विवाद है। सुनवाई में जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि धारा 17ए असंवैधानिक है। किसी भी जांच के लिए पहले परमिशन लेना जरूरी नहीं। वहीं, जस्टिस विश्वनाथन ने कहा कि धारा 17ए संवैधानिक रूप से वैध है। इस प्रावधान को खत्म करने मतलब 'नहाने के पानी के साथ बच्चे को फेंकने' -शेष पृष्ठ दो पर

- जस्टिस नागरत्ना बोलीं: धारा 17ए असंवैधानिक
- जस्टिस विश्वनाथन बोले: प्रावधान खत्म करना नहाने के पानी के साथ बच्चा फेंकने जैसा

## पाकिस्तान बॉर्डर पर आठ आतंकी कैंप एक्टिवः आर्मी चीफ

**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने मंगलवार को कहा कि नियंत्रण रेखा के पार अभी भी आठ से 10 आतंकवादी शिविर सक्रिय हैं, जिनमें 100 से 150 आतंकवादी हैं। जनरल द्विवेदी ने सेना दिवस से पहले वार्षिक संवाददाता सम्मेलन में सवालों के जवाब में कहा कि जम्मू-कश्मीर के भीतरी इलाकों में भी करीब 140 आतंकवादी सक्रिय हैं, लेकिन आतंकवादियों की भर्ती पिछले काफी समय से नहीं हो रही है।

उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में स्थिति नियंत्रण में लेकिन संवेदनशील बनी हुई है। उन्होंने कहा कि सीमा पार के क्षेत्र में अभी भी आतंकवादियों के आठ से 10 शिविर सक्रिय हैं, जिनमें से छह नियंत्रण रेखा के पार और दो अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पार हैं। उन्होंने कहा कि सीमा पार के क्षेत्र में हुर्रियत पूरी तरह सक्रिय है और इन आतंकवादियों को बढ़ावा तथा समर्थन दे रहा है। इन्हें पाकिस्तान की ओर से भी समर्थन मिल रहा है। सेना को उनकी गतिविधियों की जानकारी है और अगर किसी तरह की हरकत की जाती है, तो इसका मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। जनरल द्विवेदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के हिटरलैंड में भी करीब 140 आतंकवादी सक्रिय हैं। उन्होंने कहा कि यह आतंकवादी पहले से ही अलग-अलग जगह पर छिपे हुए हैं और पिछले काफी समय से कोई नई भर्ती नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि सेना का ऑपरेशन सिंदूर अभी भी खत्म नहीं हुआ है और किसी भी आतंकवादी हरकत का सेना करारा जवाब देगी। एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि उत्तरी सीमा पर स्थिति स्थिर है, लेकिन सतर्कता बनाए रखना जरूरी है।



- शिविरों में करीब 150 आतंकी सक्रिय, ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी है
- किसी भी दुस्साहस का जवाब दिया जाएगाः सेना प्रमुख

### चौथे दिन तीनों सेनाओं की गतिविधियों की भनक लगते ही पाक ने घुटने टेक दिए

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के दौरान मध्यस्थता और सैन्य कार्रवाई रोकने को लेकर लगाई जा रही तमाम अटकलों और दावों के बीच सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने कहा है कि इस अभियान के दौरान दस मई की सुबह तीनों सेनाओं को शीर्ष स्तर पर दिए गए कुछ निर्देशों के बाद पाकिस्तान की समझ में आ गया कि अब युद्ध को रोकने का समय आ गया है। सेना उस समय पूर्ण जमीनी ऑपरेशन के लिए भी तैयार थी और पाकिस्तान को इसकी भनक भी लग गई थी।

सेना प्रमुख ने मंगलवार को 78 वें सेना दिवस से पहले यहां वार्षिक संवाददाता सम्मेलन में सवालों के जवाब में कहा कि इस ऑपरेशन में दो निर्णायक मोड़ थे। पहला निर्णायक मोड़ सात मई की रात का 22 मिनट का हमला था जो सेना ने आतंकवादी ठिकानों पर किया। इस हमले से पाकिस्तान की निर्णय लेने की व्यवस्था हिल गई और अफरा-तफरी मचने से उन्हें यह समझने में समय लगा कि क्या हो रहा है। उन्होंने कहा कि दूसरा निर्णायक मोड़ 10 मई की सुबह उस समय आया जब शीर्ष स्तर से तीनों सेनाओं को कुछ निर्देश दिए गए थे कि यदि यह युद्ध और बढ़ता है, तो क्या होगा। उन्होंने कहा जिन्हें (पाकिस्तान) यह समझना था, उन्होंने इसे समझ लिया। उन्हें (पाकिस्तान को) उपग्रहों के माध्यम से इस बारे में पूरी जानकारी मिल रही थी कि कौन सा युद्धपोत, कौन सा हमला या रणनीतिक मोड़, कौन सी मुख्य इकाई या कौन सा विमान कब और कहां जा रहा है।

## शीर्ष अदालत ने अबू सलेम की समय से पहले रिहाई की याचिका पर की सुनवाई

**नई दिल्ली।** शीर्ष अदालत ने मंगलवार को 1993 के मुंबई सिलसिलेवार बम विस्फोटों के दोषी अबू सलेम की समय से पहले रिहाई की याचिका पर सुनवाई करते हुए उसके इस दावे पर स्पष्टीकरण मांगा कि उसने पहले ही 25 साल की जेल की सजा पूरी कर ली है।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने सलेम से उसकी जेल की सजा के हिसाब को सही ठहराने को कहा और उसे महाराष्ट्र राज्य के संबंधित नियम रिकॉर्ड पर रखने का निर्देश दिया, ताकि यह पता लगाया जा सके कि आतंकी और विघटनकारी गतिविधियां अधिनियम (टाडा) के तहत सजा पाए दोषी को छूट दी जा सकती है या नहीं। पीठ ने इस दावे पर सलेम के वकील से पूछा कि



आप 2005 से 25 साल की सजा की गणना कैसे करते हैं, जब यह बताया गया कि सलेम ने पुर्तगाल से अपने प्रत्यर्पण के दौरान दिए गए भरोसे के अनुसार जेल की ज्यादा से ज्यादा सजा पूरी कर ली थी। अबू सलेम को 11 नवम्बर, 2005 को पुर्तगाल से एक लंबी कानूनी प्रक्रिया के बाद प्रत्यर्पित किया गया था। यह तब हुआ जब भारत ने पुर्तगाली अधिकारियों को भरोसा दिलाया कि पुर्तगाल के घरेलू कानून और अंतर्राष्ट्रीय जिम्मेदारियों के मुताबिक उसे न तो मौत की सजा दी जाएगी और न ही 25 साल से ज्यादा जेल में रखा जाएगा। इसके बाद जून 2017 में सलेम को 1993 के मुंबई सीरियल ब्लास्ट मामले में एक स्पेशल टाडा अदालत ने उसे दोषी ठहराया और उम्रकैद की सजा सुनाई। इससे पहले सलेम ने प्रत्यर्पण के भरोसे के तहत समय से पहले रिहाई के लिए बॉम्बे उच्च न्यायालय का रुख किया था कि साथ ही यह भी साफ किया था कि उसने अभी तक अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबद्वता के मुताबिक उच्चतम न्यायालय द्वारा तय 25 साल की सजा पूरी नहीं की है।

## चीन सीमा पर स्थिति स्थिर, सतर्कता जरूरीः जनरल द्विवेदी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल द्विवेदी ने कहा है कि उत्तरी सीमा से लगती वास्तविक नियंत्रण रेखा पर स्थिति स्थिर बनी हुई है, लेकिन निरंतर सतर्कता बनाए रखने की जरूरत है और वहां तैनात सैनिकों की संख्या में कमी विशेषज्ञ तथा कार्य समूहों के निर्देश के आधार पर लिया जाएगा।

उन्होंने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में शक्सगाम घाटी में चीन के निर्माण पर विरोध जताते हुए कहा कि चीन और पाकिस्तान के बीच 1963 के समझौते को भारत ने कभी नहीं माना और यह गैर कानूनी है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों की ओर से परस्पर विश्वास बढ़ाने की दिशा में कदम उठाए जाने से स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हो रही है। सेना प्रमुख ने मंगलवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में सवालों के जवाब में कहा कि उत्तरी मोर्चे पर स्थिति स्थिर बनी हुई है, लेकिन निरंतर सतर्कता की आवश्यकता है। शीर्ष स्तर की बातचीत, संपर्क बढ़ने और विश्वास बढ़ाने के उपायों से स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हो रही है। इसके परिणामस्वरूप उत्तरी सीमाओं से लगते क्षेत्रों में पशुओं के चराने, हाइड्रोथेरेपी शिविरों और अन्य गतिविधियों को भी संभव बनाया जा सका है। उन्होंने कहा कि इस मोर्चे पर निरंतर बातचीत से वास्तविक नियंत्रण रेखा सैनिकों की तैनाती संतुलित और मजबूत बनी हुई है। साथ ही संपूर्ण सरकार के दृष्टिकोण के तहत क्षमता विकास और अवसंरचना कार्य भी आगे बढ़ रहा है। सेना प्रमुख ने कहा कि दोनों पक्ष धीरे-धीरे अपनी उपस्थिति बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अक्टूबर 2024 में बनी समझ और उससे पहले दोनों देशों के शीर्ष नेताओं के बीच कजान में मुलाकात, इसके बाद तियानजिन बैठक और विशेष प्रतिनिधि स्तर की बैठकें भी होती रहीं। इसके अलावा हमारे रक्षा मंत्री ने उनके रक्षा मंत्री से दो बार मुलाकात की है। दोनों देशों के विदेश मंत्रियों की भी बात हुई है। इन सबका परिणाम यह हुआ है कि दोनों पक्षों में सीमाओं को यथासंभव शांत और स्थिर बनाए रखने को लेकर एक तरह की तात्कालिकता और स्वीकार्यता बनी है और यह भी समझ बनी है कि इसे कैसे किया जाए। इस दिशा में सबसे पहले बातचीत के स्तर को बढ़ाया गया है। दोनों सेनाओं के बीच छोटे से लेकर बड़े स्तर पर बातचीत होती है और यह कोशिश की जाती है कि समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर ही हो जाए। शक्सगाम घाटी में चीन की निर्माण गतिविधियों पर जनरल द्विवेदी ने भारत और पाकिस्तान दोनों को स्पष्ट संदेश दिया कि यह भारत का हिस्सा है और भारत पाकिस्तान तथा चीन के बीच के समझौते को अवैध मानता है। उल्लेखनीय है कि विदेश मंत्रालय ने पिछले सप्ताह कहा था कि यह भारत का अभिन्न क्षेत्र है।

- पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में शक्सगाम घाटी में चीन का निर्माण कार्य अवैधः सेना प्रमुख

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रपति मुर्मू ने फसल उत्सवों पर बधाई दी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने फसलों के उत्सव लोहड़ी, मकर संक्रांति, पोंगल और माघ बिहू के मौकों पर देशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि ए त्योहार भारत की समृद्ध कृषि विरासत और राष्ट्रीय एकता की भावना के प्रतीक हैं। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक संदेश में कहा, ष्मैं लोहड़ी, मकर संक्रांति, पोंगल और माघ बिहू के शुभ अवसर पर भारत और विदेश में रहने वाले सभी भारतीयों को हार्दिक बधाई देती हूं।

### शुभेंदु हमला मामले में सीबीआई जांच की मांग मंजूर

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने मंगलवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है और पश्चिमी मिदनापुर जिले में उनके काफिले पर हुए कथित हमले की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने की मांग की। न्यायमूर्ति शुभ्रा घोष ने इस मामले की जांच की स्वीकृति दी है। सप्ताह के अंत में सुनवाई हो सकती है।

### ताजमहल में शाहजहां का 371 वां उर्स 15 जनवरी से

**आगरा।** विश्व प्रसिद्ध ताज. महल पर मुगल बादशाह शाहज. हां का 371 वां उर्स 15 से 17 जनवरी के बीच मनाया जाएगा। उर्स के लिए 1720 मीटर लंबी चादर तैयार की गई है, जिसे उर्स के आखिरी दिन 17 जनवरी को शाहजहां की कब्र पर चढ़ाया जाएगा। इस चादर को बनाने में करीब एक महीने का वक्त लगा है। इस चादर को बनाने के लिए आम लोग अपनी मर्जी से रेशमी कपड़ा देते हैं। उर्स कमेटी के लोग जिनमें सभी धर्मो के लोग शामिल हैं वो लोग चादर को तैयार करते हैं।

# शक्सगाम घाटी पर चीन के दावे का जवाब दें मोदी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि चीन लगातार भारत की सीमाओं को अपना बताकर वहां ढांचागत बुनियादी सुविधा विक. सित करने को सही बता रहा है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इसका करारा जवाब देना चाहिए।

कांग्रेस ने कहा है कि चीन अब जम्मू-कश्मीर की शक्सगाम घाटी को अपना हिस्सा बता रहा है। उसके विदेश मंत्रालय ने इस क्षेत्र में बुनियादी ढांचा के विकास को सही ठहराया है। पार्टी ने श्री मोदी से सवाल किया है इस बारे में वह चुप क्यों हैं। उनको इसका जवाब देना चाहिए। पार्टी ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया पेज एक्स पर मंगलवार को लिखा कि मोदी सरकार की विदेश नीति वेंटिलेटर पर पड़ी है। अब चीन ने जम्मू-कश्मीर की शक्सगाम घाटी को अपना बताया है। चीन के विद. श मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निग ने कहा- शक्सगाम घाटी चीन का इलाका है, यहां बुनियादी ढांचा बनाना गलत नहीं है।

### खड़गे-राहुल ने दी लोहड़ी की बधाई

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने लोहड़ी के अवसर पर देशवासियों को मंगलवार को बधाई दी और सबके जीवन में खुशहाली की कामना की। श्री गांधी ने कहा कि आप सभी को लोहड़ी की लख-लख बधाईयां।

# मनरेगा बचाओ संग्राम को मिल रहा व्यापक समर्थन

## लोग तब तक चैन से नहीं बैठेंगे, जब तक सरकार मनरेगा कानून को वापस नहीं लेती: कांग्रेस

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मंगलवार को कहा कि सरकार के ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की महत्वपूर्ण योजना मनरेगा को खत्म करने के खिलाफ पार्टी के दस जनवरी से शुरू हुए मनरेगा बचाओ संग्राम को पूरे देश में व्यापक समर्थन मिल रहा है और कर्नाटक, केरल सहित कई राज्यों में इस अभियान को गति देने के लिए आज कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि ऐतिहा. सिक मनरेगा के स्थान पर 'वीबी-जी राम जी' कानून लाने के केंद्र के विनाशकारी फैसले के खिलाफ राष्ट्रव्यापी मनरेगा बचाओ संग्राम के हिस्से के रूप में केरल कांग्रेस के दिन-रात के धरने की शुरुआत की। देश के हर हिस्से की तरह केरल में भी केंद्र के इस कदम को व्यापक रूप से खारिज किया गया है और लोग तब तक चैन से नहीं बैठेंगे जब तक सरकार मनरेगा कानून को वापस नहीं लेती है। कर्नाटक कांग्रेस ने भी 'मनरेगा बचाओ संग्राम' के तहत प्रदर्शन किया और सोशल मीडिया एक्स पर बताया ष्आज कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के नेतृत्व में और उपमुख्यमंत्री तथा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डी के शिवकुमार ने ग्रामीण श्रमिकों की जीवन रेखा-मनरेगा पर मोदी सरकार के हमले के खिलाफ देशव्यापी मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत एक मजबूत विरोध प्रदर्शन किया। हम काम के अधिकार और प्रत्येक श्रमिक के सम्मान की रक्षा के लिए लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने मनरेगा बचाओ संग्राम को देशव्यापी अभियान बताते हुए सबसे इसमें शामिल होने का आग्रह करते हुए लिखा कि मनरेगा बचाओ संग्राम' देश के 2.5 लाख ग्राम पंचायतों और करोड़ों लोगों तक पहुंच रहा है। भारत के करोड़ों लोगों की जीवनरेखा बन चुकी मनरेगा योजना पर सरकार ने बुलडोज़र चला दिया है।

इसी के खिलाफ यह देशव्यापी संघर्ष काम के अधिकार, मज़दूरी के अधिकार और जवाबदेही के संवैधानिक अधिकार की बहाली के लिए है। आप भी इस आंदोलन से जुड़िए। इसके साथ ही उन्होंने एक्स पर मनरेगा से जुड़ने का आग्रह करते हुए एक बैनर भी पोस्ट किया, जिसमें लिखा है ष्ग्रामीण भारत में लाखों भारतीयों के 'संवैधानिक काम के अधिकार की रक्षा के लिए संघर्ष। मनरेगा की मूल भावना और दृष्टि को बचाने के इस आंदोलन में हमारे साथ जुड़िए। इस मुहिम से जुड़ें और 987301060 पर मिस्ड कॉल करें और दूसरों को भी जागरूक करे।

# उप्र बना देश का इंफ्रास्ट्रक्चर ग्रोथ इंजन:योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ द इंटेंट, टेक्नोलॉजी और अकाउंटेबिलिटी के समन्वय से ठोस और समयबद्ध परिणाम सुनिश्चित हो रहे हैं: मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रो-एक्टिव गवर्नेंस एंड टाइमली इम्प्लीमेंटेशन (प्रगति) केवल बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स की समीक्षा का मंच नहीं, बल्कि नए भारत की नई कार्यसंस्कृति का सशक्त प्रतीक है।

इंटेंट, टेक्नोलॉजी और अकाउंटेबिलिटी के समन्वय से ठोस और समयबद्ध परिणाम सुनिश्चित हो रहे हैं, जिसके कारण उत्तर प्रदेश आज देश का प्रमुख इंफ्रास्ट्रक्चर ग्रोथ इंजन बनकर उभरा है। मंगलवार को आयोजित विशेष प्रेस कांफ्रेंस में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रगति उस प्रशासनिक मॉडल को दर्शाता है, जिसकी नींव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए रखी थी और वर्ष 2014 के बाद इसे राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती मिली। यह प्लेटफॉर्म आज डिजिटल गवर्नेंस और कोऑपरेटिव फेडरलिज्म को सुदृढ़ करते हुए अंतर-मंत्रालयीय और अंतर-विभागीय समन्वय का प्रभावी माध्यम बन चुका है। उन्होंने कहा कि प्रगति ने यह सिद्ध कर दिया है कि जब नीयत स्पष्ट हो, तकनीक का प्रभावी उपयोग हो और जवाबदेही तय हो, तो परिणाम स्वत: सामने आते हैं। यह केवल एक रिव्यू मैकेनिज्म नहीं, बल्कि व्यापक गवर्नेंस रिफॉर्म है, जिसने शासन को फाइल-केंद्रित संस्कृति से फील्ड-आधारित परिणामों की दिशा में आगे बढ़ाया है। इससे निर्णय प्रक्रिया तेज हुई है, समय और लागत की बर्बादी रुकी है तथा केंद्र और राज्यों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित हुआ है। योगी ने बताया कि प्रगति मॉडल की अवधारणा वर्ष 2003 में गुजरात में 'स्वागत' द्धस्टेट वाइड अटेंशन ऑन ग्रीवांसेज बाई एप्लिकेशन ऑफ टेक्नोलॉजीऋ के रूप में शुरू हुई थी, जिसका उद्देश्य नागरिक शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना था। यही मॉडल आगे चलकर राष्ट्रीय स्तर पर 'प्रगति' के रूप में विक. सित हुआ और मेगा इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं, सामाजिक योजनाओं तथा सिस्टम रिफॉर्म के क्षेत्र में टीम इंडिया अप्रोच को मजबूती मिली।

राष्ट्रीय स्तर पर प्रगति के प्रभाव का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके माध्यम से 86 लाख करोड़ से अधिक की परियोजनाओं को गति मिली है। प्रधानमंत्री द्वारा 377 प्रमुख परियोजनाओं की प्रत्यक्ष समीक्षा की जाती है, जबकि कुल 3162 मुद्दों में से 2958 का समाधान किया जा चुका है, जो शासन की विश्वसनीयता और कार्यकुशलता को दर्शाता है। उत्तर प्रदेश के संदर्भ में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रगति मॉडल राज्य के लिए एक गेम-चेंजर साबित हुआ है। एक्सप्रेस-वे नेटवर्क, देश का सबसे बड़ा रेलवे नेटवर्क, सर्वाधिक शहरों में मेट्रो सेवाएं, व्यापक एयर कनेक्टिविटी, देश की पहली रैपिड रेल, अंतर्देशीय जलमार्ग और रोपवे जैसी परियोजनाएं समयबद्ध ढंग से आगे बढ़ी हैं। इन सभी परियोजनाओं के पीछे निरंतर समीक्षा और समस्या-समाधान का सशक्त मंच प्रगति रहा है।

### सीएम ने लोहड़ी पर्व पर दी शुभकामनाएं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रकृति के प्रति कृतज्ञता और अन्नदाताओं के परिश्रम को समर्पित पावन पर्व लोहड़ी के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि लोहड़ी का पर्व परिश्रम, ऊर्जा और समृद्धि का प्रतीक है। उन्होंने कामना की कि यह पर्व सभी के जीवन में खुशियां, सकारात्मक ऊर्जा और नई उमंग लेकर आए तथा समाज में आपसी सौहार्द और भाईचारे को और अधिक मजबूत करे। उन्होंने कहा कि ऐसे पारंपरिक पर्व हमारी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के साथ-साथ समाज को एकता के सूत्र में पिरोने का कार्य करते हैं। मुख्यमंत्री ने सभी से पर्व को हर्षोल्लास, शांति और सद्भाव के साथ मनाने की अपील की। गौरतलब है कि लोहड़ी मूल रूप से सूर्य, अग्नि और प्रकृति की आराधना का पर्व है। अग्नि को साक्षी मानकर लोग पुरानी नकारात्मकताओं को त्यागते हैं और नई शुरुआत का संकल्प लेते हैं। यह पर्व सिखाता है कि जीवन में गर्माहट रिश्तों से आती है।

# कफ सिरप मामले के मास्टर माइंड का भाई सींखचों के पीछे

**वाराणसी।** कोडीन युक्त प्रतिबंधित कफ सिरप मामले में कोतवाली पुलिस ने सोमवार को 75 हजार रुपये के इनामी मुख्य सरगना शुभम जायसवाल के मौसेरे भाई आदित्य जायसवाल को गिरफ्तार कर लिया है। आदित्य जायसवाल की सप्तसागर मंडी में 'स्वस्तिक फार्मा' नाम से फर्म है। शुभम जायसवाल को लाभ पहुंचाने की नियत से आदित्य जायसवाल द्वारा 'शिव इंटरप्राइजेज' नामक फर्म में नगदी जमा करने का काम किया जाता था। पुलिस के अनुसार, स्वस्तिक फार्मा फर्म के प्रोप्राइटर आदित्य जायसवाल द्वारा पालीकोठी स्थित एक बैंक की शाखा में एक करोड़ रुपये नगद जमा किए गए थे। बैंक में पैसा जमा करते समय एक स्लिप पर आदित्य जायसवाल द्वारा अपना नाम और नंबर लिखा गया था। पूछताछ में आदित्य ने बताया कि वह करीब सात-आठ वर्षों से यह फर्म चला रहा है। करीब दो वर्ष पहले शुभम जायसवाल द्वारा षड्यंत्र के तहत फर्जी टैक्स, इनवॉइस और ई-बिल बनाने के लिए कई फर्मो को खोली गई थी। इसी योजना के तहत 'शिव इंटरप्राइजेज' नामक फर्म खोली गई, जिसमें नगदी रुपये आदित्य जायसवाल द्वारा जमा किए जाते रहे। आदित्य जायसवाल धीरे-धीरे शुभम जायसवाल और उसके पिता भोला प्रसाद के काले कारोबार से जुड़ गया और रिश्तेदार से राजदार बन गया। आदित्य ने पूछताछ में यह भी बताया कि कई लोग इस नेटवर्क से जुड़े हैं, जो नगदी को फर्मों और बैंकों में जमा करने का काम शुभम जायसवाल के लिए करते रहे हैं।



सेंसेक्स 83627.69
निफ्टी 25732.30



सोना रु. 145000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 271000
प्रति किलो



# शेयर बाजार में गिरावट, सेंसेक्स 250 अंक टूटा

मुंबई, वार्ता



■ आईटी, बैंकिंग, मीडिया और रसायन समूहों के सूचकांक हरे निशान में बंद हुए

**मुंबई।** विदेशों से मिले मिश्रित संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को गिरावट रही और बीएसई का संसेक्स 250.48 अंक द्ध0.30 फीसदीऋ टूटकर 83,627.69 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 57.95 अंक यानी 0.22 प्रतिशत गिरकर 25,732.30 अंक पर रहा। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, रियलिटी, फार्मा, तेल एवं गैस, ऑटो और एफएमसीजी सेक्टरों के सूचकांक लाल निशान में रहे।

आईटी, बैंकिंग, मीडिया और रसायन समूहों के सूचकांक हरे निशान में बंद हुए। संसेक्स की कंपनियों में ट्रेंट और एलएंडटी में तीन प्रतिशत से अधिक की गिरावट रही। रिलायंस इंडस्ट्रीज और इंडिगो के शेयर भी लगभग दो फीसदी टूटे। मारुति सुजुकी, आईटीसी, अडानी पोर्ट्स और बीईएल के शेयर एक प्रतिशत से ज्यादा गिरे। एक्सिस बैंक, भारती एयरटेल, हिंदुस्तान यूनीलिवर, महिंद्रा एंड महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, सनफार्मा, टाटा स्टील और बजाज फाइनेंस के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए। इटरनल का शेयर सवा तीन फीसदी की बढ़त में बंद हुआ। टेक महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर एक प्रतिशत से अधिक चढ़े। टीसीएस में भी लगभग एक प्रतिशत की तेजी रही। एनएसई में मझौली कंपनियों के सूचकांकों में गिरावट रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.30 प्रतिशत गिर गया। छोटी कंपनियों के स्मॉलकैप-100 सूचकांक में 0.60 प्रतिशत की तेजी रही।

### ईरान के साथ मात्र 168 करोड़ डॉलर है भारत का द्विपक्षीय व्यापार

**नई दिल्ली।** ईरान के साथ भारत का द्विपक्षीय व्यापार महज 168.30 करोड़ डॉलर है, और इसमें व्यापार संतुलन भारत के पक्ष में है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के आंकड़े बताते हैं कि भारत ने वित्त वर्ष 2024-25 में ईरान को 124.12 करोड़ डॉलर का निर्यात किया। यह भारत के कुल निर्यात का 0.14 प्रतिशत है। दूसरी तरफ ईरान से भारत का आयात 44.18 करोड़ डॉलर रहा जो देश के कुल आयात का महज 0.06 प्रतिशत है। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार के स्तर में पिछले कुछ समय से लगातार गिरावट आ रही है। पिछले चार वित्त वर्षों में से तीन में व्यापार घटा है। इसमें 2023.24 में 20.75 प्रतिशत और 2024.25 में 8.90 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इससे पहले, 2020.21 में भी यह 9.10 फीसदी घटा था जबकि 2022.23 में 21.77 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई थी। पिछले साल जहां ईरान से आयात में 29.32 प्रतिशत की भारी गिरावट दर्ज की गई।

# चावल, गेहूं, चीनी और खाद्य तेलों के दाम बढ़े, दालों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल के औसत भाव बढ़े। चावल के साथ जहां गेहूं, चीनी और खाद्य तेलों में भी तेजी रही। वहीं, दालों में उतार.चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 21 रुपये बढ़कर 3,863 रुपये प्रति क्विटंल पर पहुंच गई।

गेहूं सात रुपये महंगा हुआ और 2,864 रुपये प्रति क्विटंल पर रहा। आटे की कीमत भी पांच रुपये बढ़ गई। दाल-दलहनों में मिलाजुला रुख रहा। तुअर दाल औसतन नौ रुपये प्रति क्विटंल सस्ती हुई। वहीं, मसूर दाल के दाम 42 रुपये और मूंग दाल के 35 रुपये बढ़ गए। चना दाल सात रुपये और उड़द दाल तीन रुपये प्रति क्विटंल महंगी हुई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा 27 रिंगिट की गिरावट के साथ 4,063 रिंगिट प्रति टन रह गया। मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.40 प्रतिशत चढ़कर 50.47 डॉलर के भाव बोला गया। सरसों तेल की औसत कीमत 97 रुपये क्विटंल बढ़ गई। सूरजमुखी तेल में 59 रुपये और पाम ऑयल में 39 रुपये की तेजी रही। वनस्पति 37 रुपये और मूंगफली तेल 15 रुपये प्रति क्विटंल मजबूत हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव 22 रुपये प्रति क्विटंल बढ़ गए। चीनी भी सात रुपये प्रति क्विटंल महंगी हुई। जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे :. दाल-दलहन : दाल चना 7794.80 रुपये, मसूर काली 8153.88 रुपये, मूंग दाल 10113.35 रुपये, उड़द दाल 10417.34 रुपये, तुअर दाल 10616. 70 रुपये प्रति क्विटंल । अनाज : (भाव प्रति क्विटंल ) गेहूं दड़ा 2863.69 रुपये और चावल 3863.55 रुपये प्रति क्विटंल । आटा (गेहूं) 3309.42 रुपये प्रति क्विटंल । चीनी-गुड़ : चीनी एस 4302.79 रुपये और गुड़ 5009.09 रुपये प्रति क्विटंल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 17685.67 रुपये, मूंगफली तेल 17912.81 रुपये, सूरजमुखी तेल 15946.03 रुपये, सोया तेल 13793. 57 रुपये, पाम ऑयल 12499.89 और वनस्पति 14511.98 रुपये प्रति क्विटंल के स्तर पर रहा।

# यात्री वाहनों की बिक्री बढ़ी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश में यात्री वाहनों की थोक बिक्री दिसम्बर में 26-8 प्रतिशत बढ़कर 3,99,216 इकाई पर पहुंच गई। यात्री वाहनों में कारें, उपयोगी वाहन और वैन शामिल होते हैं। वस्तु एवं सेवा कर द्धजीएसटीऋ में नई पीढ़ी के सुधारों और रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दरों में कटौती से ऋण पर ब्याज कम होने के कारण अक्टूबर-दिसम्बर की पूरी तिमाही में मांग मजबूत बनी रहने से तिमाही और सालाना बिक्री का भी नया रिकॉर्ड बना है।

वाहन निर्माता कंपनियों के संगठन सियाम द्वारा मंगलवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि दिसम्बर 2025 में दुपहिया वाहनों की बिक्री 39.4 फीसदी बढ़कर 15,41,036 इकाई दर्ज की गई।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**कुत्ते के...**साल की महिला का प्रतिनिधित्व कर रही हूं, जो सड़क पर रहती है। वह 200 कुत्तों की देखभाल करती है। दिल्ली में उन्हें डॉग अम्मा के नाम से जाना जाता है। कुत्तों गोद लेने की पॉलिसी पर विचार किया जाना चाहिए। एक राष्ट्रीय अभियान शुरू किया जा सकता है। यहां कई वकील हैं, जिनके घर में 8-10 देसी कुत्ते हैं। जस्टिस मेहता ने कहा कि अगर कोई आवारा कुत्ता किसी पर हमला कर दे, तो उसकी जिम्मेदारी किसकी होगी? इस पर वकील ने कहा कि स्वयंसेवी संस्थाओं के लिए जिम्मेदारी तय की जा सकती है। जस्टिस मेहता ने कहा कि आवारा कुत्ता किसी के कब्जे में नहीं होना चाहिए। अगर आप पालतू जानवर रखना चाहते हैं, तो लाइसेंस लें।

**भ्रष्टाचार कानून...**जैसा होगा। जस्टिस विश्वनाथन ने यह भी कहा कि इस प्रावधान को खत्म करनाऔर इसका इलाज बीमारी से भी ज्यादा नुकसानदेह साबित होगा। बशर्ते जांच की मंजूरी लोकपाल या राज्य लोकायुक्त के जरिये तय की जाए। जस्टिस नागरत्ना और जस्टिस विश्वनाथन की अलग-अलग राय के चलते अब मामला सीजेआई सूर्यकांत के पास भेजा गया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि चीफ जस्टिस इस मुद्दे पर सुनवाई के लिए बड़ी बेंच गठित करेंगे, जो अंतिम फैसला देगी। दरअसल एनजीओ सेंटर फॉर पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन (सीपीआईएल) एनजीओ ने जनहित याचिका दायर की है। याचिकाकर्ता की ओर से प्रशांत भूषण ने सुप्रीम कोर्ट ने दलील दी कि यह प्रावधान भ्रष्टाचार विरोधी कानून को कमजोर करता है, क्योंकि सरकार से अक्सर जांच की मंजूरी नहीं मिलती। वहीं केंद्र सरकार की ओर से तुषार मेहता ने पक्ष रखा था।

# सस्ते ऋण और ई-कॉमर्स पर नियंत्रण की मांग

शाह टाइम्स ब्यूरो




खुदरा व्यापारियों के हितों का ध्यान रखते हुए अखिल भारतीय व्यापारी परिसंघ ने वित्त मंत्री के सामने रखे सुझाव

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय व्यापारी परिसंघ (कैट) ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से वित्त वर्ष 2026-27 के बजट में खुदरा व्यापारियों के हितों का ध्यान रखते हुए उनके लिए सस्ते ऋण और ई-कॉमर्स की अनुचित प्रतिस्पर्धा सुरक्षा की मांग की। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री एवं चांदनी चौक सीट से लोकसभा सांसद प्रवीन खंडेलवाल मंगलवार को बताया कि कैट ने वित्त मंत्री के समक्ष ऐसे सुझाव रखे हैं, जो व्यापार के लिए सम्मान, सरलता, सुरक्षा और समता से परिपूर्ण अवसर प्रदान करते हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने कारोबार की आसानी, लोकल के लिए वोकल, वैश्विक बाजार के लिए लोकल, डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसे अभियानों से देश के व्यापारिक वातावरण को नई दिशा दी है। अब आगामी बजट में इन पहलों को और मजबूत करने की जरूरत है। कैट ने छोटे व्यापारियों के लिए सिगल विडो अनुपालन तंत्र, अनावश्यक नोटिस और निरीक्षण पर रोक तथा व्यापारिक कानूनों से आपराधिक प्रकृति को हटाने में तीव्रता की मांग की है। उसने कहा है कि प्रत्येक जिले में अधिकारियों और व्यापारियों की संयुक्त समिति गठित करने का सुझाव दिया गया है जिससे व्यापारिक समस्याओं का समाधान जिला स्तर पर ही हो सके। श्री खंडेलवाल ने ई-कॉमर्स और क्विक-कॉमर्स में भारी छूट, बाजार पर कब्जा करने के उद्देश्य से बेहद कम मूल्य निर्धारण और विदेशी फंडिंग से होने वाली अनुचित प्रतिस्पर्धा पर तत्काल नियंत्रण की जरूरत पर जोर दिया ताकि छोटे खुदरा व्यापारियों के हित सुरक्षित रह सकें। कैट ने ईमानदार करदाता को प्रोत्साहन देने के लिए करदाता रेटिंग प्रणाली, कम छानबीन, रिफंड में तेजी और सस्ते ऋण की सुविधा देने की भी मांग की है। भाजपा सांसद ने कहा कि व्यापारिक समुदाय देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में यदि व्यापारियों को सम्मान, सुरक्षा, सरलता और समान अवसर मिलते हैं, तो भारत को पांच लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था और विकसित भारत 2047 बनने से कोई नहीं रोक सकता।

### एक किलो चांदी 2.71 लाख के पार, 10 ग्राम सोना 1.45 लाख पर

**नई दिल्ली।** वैश्विक अनिश्चितता और भू-राजनीतिक तनाव के बीच भारतीय सर्राफा बाजार में कीमती धातुओं की कीमतों ने अब तक के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। मंगलवार को दिल्ली के सर्राफा बाजार में चांदी की कीमतों में 6,000 रुपये का जोरदार उछाल देखा गया। चांदी 2,71,000 प्रति किलोग्राम के नए लाइफटाइम हाई पर पहुंच गई है। इसी तरह, सोने ने भी अपनी चमक बढ़ाते हुए 1,45,000 प्रति 10 ग्राम का नया ऐतिहा. सिक स्तर छू लिया है। चांदी की कीमतों में आई यह तेजी बाजार में स्टसकहोल्डर्स की निरंतर लिवाली का परिणाम है। ऑल इंडिया सर्राफा एसोसिएशन के अनुसार, चांदी में पिछले तीन कारोबारी सत्रें से लगातार बढ़त जारी है। पहले सोमवार को चांदी 15,000 रुपये की छलांग लगाकर 2,65,000 पर पहुंची थी।

# सीएम ने चंपावत को दी 170 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात

■ मुख्यमंत्री ने किया क्षेत्रीय जनता से संवाद रणकोची धाम से लिया जनकल्याण का संकल्प

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**चंपावत।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को जनपद चम्पावत स्थित पावन माता रणकोची मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर राज्य की सुख-समृद्धि की कामना की तथा मंदिर परिसर में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में प्रतिभाग कर क्षेत्रीय जनता से सीधे संवाद किया। मुख्यमंत्री ने ''मुख्यमंत्री संस्कृति संवर्धन पहल'' के अंतर्गत जनपद चम्पावत के ऐतिहासिक मंदिरों के पुजारियों को "कला, परंपरा और पहचान" किट वितरित की, जिसमें वाद्य यंत्र, धार्मिक पुस्तकें, पूजा सामग्री एवं अन्य सांस्कृतिक सामग्री शामिल थीं। इस पहल का उद्देश्य नशा मुक्त भारत एवं नशा मुक्त देवभूमि के संकल्प को साकार करना है।

मुख्यमंत्री ने माता रणकोची मंदिर परिसर से जनपद चम्पावत के लिये ₹170.15 करोड़ की लागत की 20 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। जिसमें ₹33.95 करोड़ की 9 योजनाओं का लोकार्पण तथा ₹136.20 करोड़ की लागत की 11 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा विभिन्न विभागों के लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र एवं सहायता सामग्री भी वितरित की गई।



मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने चम्पावत के विकास हेतु 7 महत्वपूर्ण घोषणाएँ कीं जिसमें सीम, खेत, चूका एवं सौराई क्षेत्रों में बाढ़ सुरक्षा कार्य, तल्लादेश क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों का सौंदर्यीकरण कार्य, पूर्णागिरि मेला 2026 के सुचारु संचालन के लिए 2.5 करोड़ की धनराशि दिये जाने के साथ विधानसभा चम्पावत के मंचकारी मोटर मार्ग तथा रमैला-गागरी-दमतोला मोटर मार्ग का डामरीकरण कार्य, जिला चिकित्सालय चम्पावत की निर्माणाधीन क्रिटिकल यूनिट में लिफ्ट सहित अन्य मरीज सुविधाओं के विस्तार का कार्य, ग्राम सभा नीड में आयुष्मान आरोग्य मंदिर (एएनएम उपकेंद्र) की स्थापना सहित चम्पावत में इंटीग्रेटेड सैनिक कॉम्प्लेक्स के निर्माण हेतु 15 नाली भूमि उपलब्ध कराई जाने की घोषणा शामिल हैं।

जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि चम्पावत आस्था, संस्कृति और इतिहास से समृद्ध भूमि है, जहाँ आस्था केवल पूजा का माध्यम नहीं बल्कि जीवन को दिशा देने वाली चेतना है। उन्होंने कहा कि किसी भी राज्य की वास्तविक शक्ति उसकी संस्कृति में निहित होती है। माता रणकोची मंदिर का विकास केवल निर्माण कार्य नहीं बल्कि सांस्कृतिक पुनर्जागरण का सशक्त प्रयास है।

मुख्यमंत्री ने जनपद चम्पावत में किये जा रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि सरकार का मूल मंत्र "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" है। जनपद चम्पावत में न्याय पंचायत स्तर पर आयोजित जनसंवाद कार्यक्रमों के माध्यम से बड़ी संख्या में जनसमस्याओं का समाधान हुआ है और पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ मिला है।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि आस्था, संस्कृति, संवाद और विकास के समन्वित प्रयास से जनपद चम्पावत आने वाले वर्षों में उत्तराखण्ड का एक आदर्श, सशक्त और आत्मनिर्भर जनपद बनेगा। उन्होंने सभी नागरिकों से संस्कृति संरक्षण, विकास और जनभागीदारी के संकल्प को मजबूत करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भाजपा गोविन्द सामन्त, नगर पालिका अध्यक्ष टनकपुर विपिन वर्मा, नगर पंचायत बनबसा अध्यक्ष रेखा देवी, क्षेत्र पंचायत प्रमुख चम्पावत अंचला बोहरा, नगर पालिका अध्यक्ष चम्पावत प्रेमा पाण्डेय, प्रदेश मंत्री भाजपा निर्मल माहरा, विधायक प्रतिनिधि प्रकाश तिवारी, दीपक रजवार, जिला महामंत्री मुकेश कलखुड़िया, जिलाधिकारी श्री मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक पिथौरागढ़ रेखा यादव, सूरज प्रहरी, शंकर पांडे सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# सीएम ने किसान स्व. सुखवंत सिंह के परिजनों को दिलाया न्याय का भरोसा

■ मुख्यमंत्री ने स्व. सुखवंत के भाई परविंदर सिंह से दूरभाष पर वार्ता कर संवेदनाएं जताई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने काशीपुर के किसान स्व. सुखवंत सिंह की मृत्यु के मामले में परिजनों को न्याय का भरोसा दिलाते हुए कहा है कि इस मामले की जांच में किसी भी स्तर पर कोई कोताही नहीं बरती जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ पीड़ित परिवार के साथ है और इस दुखद घटना के लिए किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को स्व. सुखवंत सिंह के भाई परविंदर सिंह से दूरभाष पर वार्ता कर हार्दिक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए परिजनों को ढांढस बंधाया। मुख्यमंत्री ने दिवंगत सुखवंत सिंह के पिता एवं अन्य परिजनों की मौजूदगी में उनके भाई के साथ दूरभाष पर वार्ता कर कहा कि इस दुखद घटना की भरपाई तो संभव नहीं है, लेकिन सरकार इस मामले में दोषी लोगों को कानूनी रूप से सख्त से सख्त सजा दिलवाने के लिए प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मामले की जानकारी मिलते ही तत्काल उच्चाधिकारियों को कार्रवाई करने के निर्देश देने के साथ ही कुमाऊँ कमिश्नर को मजिस्टीरियल जांच करने के आदेश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने परिवार को हर कीमत पर परिवार को इंसाफ का भरोसा दिलाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कोई भी घटना होने पर सरकार ने तत्परता एवं प्रतिबद्धता से कार्रवाई सुनिश्चित पीड़ितों के न्याय दिलाने का काम किया है। मुख्यसमंत्री ने कहा कि वह जल्दी पीड़ित परिवार से भी मिलेंगे।

## सीएम ने दी मकर संक्रांति की शुभकामनाएं

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को मकर संक्रांति एवं उत्तरायणी पर्व की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने समस्त प्रदेशवासियों के सुख, शांति, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की है।

## नए साल पर धामी सरकार की बड़ी सौगात

# निम्न आय वर्ग का 'अपने घर' का सपना होगा साकार

■ लैंड पूलिंग के तहत निम्न आय वर्ग के लिए भूमि अधिग्रहण की तैयारी, उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी की अध्यक्षता में एमडीडीए की मैराथन बैठक

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड सरकार गरीब कल्याण और समावेशी विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए लगातार जनहितकारी निर्णय ले रही है। इसी कड़ी में नए वर्ष की शुरुआत के साथ धामी सरकार निम्न आय वर्ग के लोगों के "अपने घर" के सपने को साकार करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाने जा रही है।

इस महत्वाकांक्षी योजना को मूर्त रूप देने के लिए मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) में उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी के नेतृत्व में कार्ययोजना पर तेजी से काम शुरू कर दिया गया है। इसी क्रम में आज प्राधिकरण मुख्यालय में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रस्तावित आवासीय परियोजना के भूमि चयन, बजट, डीपीआर और क्रियान्वयन जैसे अहम पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके साथ ही उपाध्यक्ष मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) प्राधिकरण की अन्य महत्वपूर्ण गतिमान परियोजनाओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी परियोजनाओं को गुणवत्ता पूर्ण, ससमय पूर्ण किया जाये। कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाशत नहीं की जायेगी।



## आवासीय व विकास परियोजनाओं पर फोकस

बैठक में एमडीडीए क्षेत्र के अंतर्गत संचालित आवासीय, वाणिज्यिक, पुनर्विकास, पार्किंग एवं हरित परियोजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की गई। बैठक में आलयम् आवासीय परियोजना की अद्यतन प्रगति से अवगत कराया गया। अधिकारियों ने बताया कि परियोजना के निर्माण कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण किया जाना है। इस पर निर्देश दिए गए कि परियोजना को रेरा में निर्धारित अवधि के भीतर ही पूर्ण कराया जाए, जिससे प्राधिकरण पर किसी भी प्रकार की रेरा पेनल्टी अधिरोपित न हो। धौलास आवासीय परियोजना की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया। अभियंत्रण अनुभाग द्वारा अवगत कराया गया कि परियोजना स्थल पर प्राथमिकता के आधार पर ईडब्ल्यूएस इकाइयों का निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिसकी कार्य पूर्ति तिथि 31 मार्च 2028 निर्धारित है।

इस मौके पर प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारी एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आवासीय योजनाओं में ईडब्ल्यूएस और निम्न आय वर्ग को प्राथमिकता

एमडीडीए उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार शहरों के सुनियोजित विकास और आमजन को बेहतर सुविधाएं देने के लिए लगातार कार्य कर रही है। प्राधिकरण की प्राथमिकता है कि सभी विकास परियोजनाएं समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण हों। आवासीय योजनाओं में विशेष रूप से ईडब्ल्यूएस और निम्न आय वर्ग के लोगों को प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि हर जरूरतमंद का अपने घर का सपना साकार हो सके। अवैध निर्माणों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। साथ ही हरित क्षेत्र, पर्यावरण संरक्षण और नागरिक सुविधाओं को विकास का अभिन्न हिस्सा बनाया जा रहा है।

## धिकरण की संचालित सभी योजनाओं की नियमित समीक्षा:बर्निया

एमडीडीए सचिव मोहन सिंह बर्निया ने कहा कि प्राधिकरण द्वारा संचालित सभी योजनाओं की नियमित समीक्षा की जा रही है। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और समयसीमा का विशेष ध्यान रखा जाए। आवासीय, पुनर्विकास और पार्किंग परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जा रहा है, ताकि आमजन को शीघ्र लाभ मिल सके।

# जोशी ने की बारिश न होने से फसलों को हो रहे नुकसान की समीक्षा

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**



**देहरादून ।** कृषि मंत्री गणेश जोशी ने अपने कैम्प कार्यालय में कृषि एवं उद्यान विभाग के अधिकारियों के साथ प्रदेश में बारिश न होने से फसलों को नुकसान हो रहे नुकसान की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विभागीय मंत्री ने अधिकारियों को प्रदेश में बारिश न होने के कारण फसलों को हो रहे नुकसान की दृष्टिगत शीघ्र सर्वे कर बारिश न होने से हुए नुकसान का आंकलन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। कृषि मंत्री ने कृषि उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने और किसानों की आय में वृद्धि के उद्देश्य से इंटीग्रेटेड पैक हाउस निर्माण एवं अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप टेस्टिंग लैब की स्थापना के लिए कागजी कार्यवाही जल्द पूर्ण कर कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रदेश के 93 राजकीय उद्यानों को पुनर्जीवित (रिवाइब) करने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि इन उद्यानों को आय सृजन से जोड़ने के लिए ठोस प्रयास किए जाएं। साथ ही जायका परियोजना, कीवी मिशन, एप्पल मिशन और ड्रैगन फ्रूट मिशन के लिए स्पष्ट एवं प्रभावी कार्ययोजना तैयार कर योजनाबद्ध ढंग से कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान मंत्री जोशी ने केंद्र एवं राज्य पोषित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए भी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।इस अवसर पर सचिव कृषि डा एसएन पांडे, उद्यान निदेशक सुंदर लाल सेमवाल, कैप निदेशक डॉ. नृपेंद्र चौहान, बागवानी मिशन निदेशक महेंद्र पाल, कृषि उपनिदेशक अजय वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# सरकार की नजर मे हर मछली समान, तथ्यहीन राजनीति कर रही कांग्रेसः चौहान

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि धामी सरकार सम भाव और भेद रहित शासन चला रही है और कांग्रेस ही तालाब मे मछलियों की विशेषज्ञ है तो उसका इसमें अच्छा अनुभव रहा होगा।

भ्रष्टाचार को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष के बयान पर पलटवार करते हुए चौहान ने कहा कि अब तक जो भी मामले सामने आये हैं तो उन पर रिपोर्ट दर्ज करने से लेकर कार्यवाही तक मे कोई गुंजाइश नही बची है।

चौहान ने कहा कि कांग्रेस को भ्रष्टाचार के मामले मे अपना ट्रैक रिकॉर्ड देखने की जरूरत है। राज्य मे जनता ने जो बदलाव किया है उसमे भ्रष्टाचार अहम था। जनता की कहीं सुनवाई नही थी और सरकार के सरंक्षण मे भ्रष्टाचार आम हो गया था। जनता ने खनन, शराब तथा खरीद फरोख्त के स्टिंग खुली आँखों से देखे। लेकिन कांग्रेस भाजपा पर तो. हमत लगा रही है। उत्तराखंड की जनता ने कांग्रेस शासन मे खुली लूट और छोटी तथा बड़ी मछलियों को नजदीक से देखा और भेदभाव का बेरहम शासन भी देखा।चौहान ने कहा कि भेदभाव रहित सम भाव का शासन सीएम पुष्कर सिंह धामी के कार्यकाल से समझा और देखा जा सकता है जो कि एक नजीर है। उन्होंने कहा कि भर्ती मामलों मे बिना काल खंड देखे और हर रसूखदार को जांच के दायरे मे लाकर धामी ने जीरो टॉलरेंस का उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया। हालांकि आज जो राजनैतिक रूप से आरोप लगा रहे है तब उन्होंने धामी के साहसिक निर्णय की प्रसंशा भी की थी। चौहान ने कहा कि अं. कता हत्याकांड मे हाथ से बाजी खिसकते देखकर कांग्रेस दूसरे मामलों मे दोषारोपण कर रही है।

# आकर्षक फिल्म नीति 2024 की गई है लागू : तिवारी

■ उत्तराखण्ड फिल्म एंड म्यूजिक एसोसियेशन ने की सराहना, राज्य की फिल्म नीति को बताया प्रभावी एवं बेहतर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**देहरादून।** उत्तराखण्ड फिल्म एंड म्यूजिक एसोसियेशन ने राज्य में फिल्मों की शूटिंग तथा क्षेत्रीय सिनेमा को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की है। एसोसिएशन ने कहा कि राज्य में प्रभावी और आकर्षक फिल्म नीति लागू किए जाने से स्थानीय एवं क्षेत्रीय फिल्म निर्माताओं को व्यापक लाभ मिल रहा है।

उत्तराखण्ड फिल्म एंड म्यूजिक एसोसियेशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को रिंग रोड स्थित सूचना भवन में महानिदेशक सूचना एवं उत्तराखण्ड फिल्म विकास परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बंशीधर तिवारी से भेंट की। इस दौरान प्रति. निधिमंडल ने क्षेत्रीय सिनेमा को प्रोत्साहन देने तथा फिल्मों को अनुदान प्रदान किए जाने के लिए उनका आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर महानिदेशक सूचना एवं उत्तराखण्ड फिल्म विकास परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बंशीधर तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशन में राज्य में आकर्षक फिल्म नीतिख्र2024 लागू की गई है। इस नीति में राज्य के स्थानीय फिल्म निर्माता, निर्देशक, कलाकार एवं तकनीशियनों के हितों का विशेष ध्यान रखा गया है।उन्होंने बताया कि क्षेत्रीय फिल्म निर्माण को बढ़ावा देने के लिए फिल्मों को राज्य में किए गए व्यय का अधिकतम 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम 2 करोड़ रुपये तक अनुदान दिए जाने का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही ओटीटी प्लेटफॉर्म, वेब सीरीज, टीवी सीरियल, डॉक्यूमेंट्री एवं लघु फिल्मों को भी अनुदान दिए जाने की व्यवस्था की गई है। तिवारी ने बताया कि राज्य में राष्ट्रीय स्तर का फिल्म महोत्सव एवं फिल्म पुरस्कार समारोह आयोजित करने की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है, जिसके लिए भारत सरकार के उपक्रम एनएफडीसी से पत्राचार किया जा रहा है। उत्तराखण्ड फिल्म एंड म्यूजिक एसोसियेशन के संरक्षक अनुज जोशीने मुख्य कार्यकारी अधिकारी बंशीधर तिवारी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि परिषद द्वारा क्षेत्रीय सिनेमा के हित में सराहनीय कार्य किए जा रहे हैं।इस अवसर पर उत्तराखण्ड फिल्म विकास परिषद के नोडल अधिकारी एवं संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. नितिन उपाध्याय, उत्तराखण्ड फिल्म एंड म्यूजिक एसोसियेशन के उपाध्यक्ष बृजेश भट्ट, महासचिव गंभीर जयाड़ा तथा सदस्य जितेन्द्र पंवार, हरीश नेगी, विजय शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।





















# उत्तरायणी पर्व हमारी सांस्कृतिक विरासत, परंपराओं का प्रतीक

## उत्तरायणी मेले में मुख्यमंत्री धामी का वर्चुअल सम्बोधन, मंत्री सौरभ बहुगुणा ने किया मेले का शुभारंभ

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**बागेश्वर।** बाबा बागनाथ की पावन भूमि पर आयोजित होने वाले ऐतिहासिक उत्तरायणी मेले का शुभारंभ

### बागेश्वर को मिली महत्वपूर्ण विकास घोषणाएं

उत्तराखंड सरकार के पशुपालन, दुग्ध विकास एवं कौशल विकास मंत्री सौरभ बहुगुणा ने दीप प्रज्वलित कर विधिवत रूप से किया। इस अवसर पर मंचासीन समस्त अधिकारियों का बैज अलंकरण एवं शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। उत्तरायणी मेले के अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्चुअल माध्यम से जनपदवासियों को उत्तरायणी, घुघुतिया पर्व एवं मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि उत्तरायणी पर्व हमारी सांस्कृतिक विरासत, परंपराओं और सामाजिक एकता का प्रतीक है, जिसे संजोकर अगली पीढ़ी तक पहुंचाना हम सभी का दायित्व है।

मुख्यमंत्री ने बागेश्वर को पौराणिक, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण बताते हुए मेले को स्थानीय संस्कृति, व्यापार और पर्यटन के लिए अहम बताया। उन्होंने पर्यटकों के प्रति सौहार्दपूर्ण व्यवहार, स्वच्छता बनाए रखने और मेले को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने की अपील की। इस



अवसर पर मुख्यमंत्री ने वर्चुअल सूरजकुंड से मंडलसेरा बाइपास पुल के निर्माण, मंडलसेरा कुंती नाले के निर्माण तथा सूरजकुंड क्षेत्र में घाट निर्माण कराए जाने की घोषणा की।

प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा ने बागनाथ की जय के उद्घोष के साथ अपने संबोधन की शुरुआत करते हुए जनपदवासियों को उत्तरायणी मेले की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि उत्तरायणी पर्व उत्तराखंड की आस्था, परंपरा और सामाजिक एकता का प्रतीक है।

इस मेले में कुमाऊँ की समृद्ध लोक संस्कृति का भव्य उत्सव देखने को मिलता है। मेले के माध्यम से स्थानीय लोग स्टॉल लगाकर अपनी आर्थिकी को सुदृढ़ करते हैं और अपनी संस्कृति को आगे बढ़ाते हैं। उत्तराखंड के लोग सरकार की योजनाओं से जुड़कर आत्मनिर्भर बन रहे हैं। जनपद में कीवी उत्पादन निरंतर बढ़ रहा है, जिसे क्लस्टर के माध्यम से और सशक्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिस दिन जनपद में दुग्ध उत्पादन निर्धारीत लक्ष्य तक पहुँचेगा, उस दिन बागेश्वर दुग्ध संघ की स्थापना की जाएगी। इस दौरान प्रभारी मंत्री ने मेले में लगाए गए विभिन्न विभागीय एवं स्थानीय उत्पादों के स्टालों का निरीक्षण भी किया। जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने भी सभी को मेले की बधाई दी और कहा कि लोग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का भरपूर आनंद लें तथा इन पलों को स्मृतियों में संजोएं। कार्यक्रम के दौरान अनेक मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्हें दर्शकों ने सराहा। इस अवसर पर बागेश्वर विधायक पार्वती दास, कपकोट विधायक सुरेश गड़िया, दर्जा राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट, दर्जा राज्य मंत्री भूपेश उपाध्याय, जिला पंचायत अध्यक्ष शोभा आर्या, नगर पालिका अध्यक्ष सुरेश खेतवाल, पूर्व कैबिनेट मंत्री बलवंत भौरियाल, भाजपा महामंत्री कुंदन परिहार, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रभा गड़िया, जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे, पुलिस अधीक्षक चंद्र शेखर घोड़के, मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी, अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल, मेलाधिकारी प्रियंका रानी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं मेलार्थी उपस्थित रहे।

## ढोल-दमाऊं की थाप और छोलियारों के जोश के बीच लोकसंस्कृति की झलक

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**बागेश्वर।** ऐतिहासिक उत्तरायणी मेले का शुभारंभ मंगलवार को पारंपरिक सांस्कृतिक झांकी के साथ उत्साहपूर्वक हुआ। झांकी को जिला पंचायत अध्यक्ष शोभा आर्या, विधायक पार्वती दास, सुरेश गढ़िया, दर्जा राज्यमंत्री शिव सिंह बिष्ट, भूपेश उपाध्याय, जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे, पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर आर.



घोड़के, पालिकाध्यक्ष सुरेश खेतवाल, सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। झांकी में कुमाऊँनी वाद्य यंत्र ढोल-दमाऊं और छोलियारों ने जोश भर दिया, वहीं कलाकारों एवं स्कूली बच्चों ने स्थानीय लोकसंस्कृति के साथ देश के विभिन्न प्रांतों की सांस्कृतिक झलक प्रस्तुत की। झांकी तहसील परिसर से प्रारंभ होकर नुमाइशखेत मैदान में संपन्न हुई। झांकी की अगुवाई संस्कृति व विजय के प्रतीक 'निषाण' के साथ की गई। इसके पश्चात छोलियारों का दल, राबाइंका बागेश्वर की कलश यात्रा तथा विभिन्न विद्यालयों न्यू सैनिक जूहा स्कूल, हिमालयन सेंट्रल स्कूल, राइंका मंडलसेरा, विवेकानंद विद्या मंदिर, महर्षि विद्या मंदिर बिलौना, आनंदी एकेडमी, सेंट जोजफ थूनाई, गायत्री विद्या मंदिर, हिमालयन चिल्ड्रन एकेडमी, कंट्रीवाइड पब्लिक स्कूल, सैनिक हाईस्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर चौरासी, नेशनल मिशन स्कूल एवं राइंका सैलानी के विद्यार्थियों ने विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों व सामाजिक संदेशों के साथ सहभागिता की। जौहार सांस्कृतिक समिति तथा मदकोट का नगाड़ा भी आकर्षण का केंद्र रहा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल, मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी, उपजिलाधिकारी एवं मेलाधिकारी प्रियंका रानी सहित अनेक अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं सैकड़ों की संख्या में मेलार्थी मौजूद रहे।

## एक नजर

### सरयू पार के लोगों ने घुघुते बनाए

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**बागेश्वर।** जिले में सरयू पार के लोगों ने मंगलवार को घुघुते बनाए। जो बुधवार को घुघुतिया पर्व धूमधाम के साथ मनाएंगे। सरयू पार दिन से ही महिलाओं ने गेहूं के आटे को गुड़ के घोलकर गूंथकर उनसे घुघुते बनाए। इन घुघुतों की माला बनाकर उसे रखा जाएगा। रात को घरों में पकवान आदि बनाए गए। बुधवार की सुबह बच्चे इस माला को पहनकर कौवों को न्यौता देंगे, जबकि आधे जिले में देर बुधवार को घुघुते बनाए जाएंगे। बता दें कि सरयू नदी पार रहने वाले लोग एक दिन पहले जबकि वार रहने वाले दूसरे दिन घुघुतिया पर्व मनाते हैं। पहले दिन मनाने वालों में कांडा, कमस्यार, दुग, नाकुरी तथा कपकोट, बागेश्वर तहसील का कुछ हिस्सा शमिल है। दूसरे दिन कत्यूरघाटी वो आधे बागेश्वर में मनाया जाता है।

### प्राथमिक शिक्षक काउंसलिंग दोबारा शुरू

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**अल्मोड़ा।** नगर स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में प्राथमिक शिक्षकों की काउंसलिंग मंगलवार सुबह पुन: आरंभ कर दी गई। सोमवार को काउंसलिंग प्रक्रिया के दौरान देर शाम अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो गई थी, जिसके चलते शेष अभ्यर्थियों को टोकन जारी कर अगले दिन बुलाया गया। मंगलवार को केवल उन्हीं अभ्यर्थियों की काउंसलिंग की जा रही है, जिन्हें टोकन प्रदान किए गए थे। अल्मोड़ा में 241 पदों के लिए आयोजित काउंसलिंग में विभिन्न जनपदों से लगभग तीन हजार अभ्यर्थी पहुंच गए थे। संख्या अधिक होने और समय सीमा समाप्त होने के कारण सोमवार शाम विभाग ने काउंसलिंग स्थगित करने का निर्णय लिया। इससे नाराज अभ्यर्थियों ने विरोध शुरू कर दिया, जो बाद में हंगामे में बदल गया। स्थिति बिगड़ने पर पुलिस बल को मौके पर तैनात करना पड़ा। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी अंशुल सिंह जीआईसी पहुंचे और अभ्यर्थियों से बातचीत कर काउंसलिंग प्रक्रिया को दोबारा शुरू कराया। रात करीब 11 बजे तक काउंसलिंग चली, जिसके बाद बचे हुए अभ्यर्थियों को मंगलवार के लिए टोकन देकर बुलाया गया। जिला शिक्षा अधिकारी बेसिक रवि मेहता ने बताया कि काउंसलिंग सुचारू रूप से जारी है और केवल पंजीकृत एवं टोकनधारी अभ्यर्थियों को ही प्रक्रिया में शामिल किया जा रहा है।

### डीडीए: समाप्ति का शासनादेश जारी हो

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**अल्मोड़ा।** डीडीए के विरोध में सर्वदलीय संघर्ष समिति ने मंगलवार को साप्ताहिक धरना आयोजित कर शासन-प्रशासन के प्रति नाराजगी जताई। नगर के मालरोड स्थित गांधी पार्क में हुए इस धरने में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और डीडीए को पूरी तरह समाप्त करने की मांग को लेकर नारेबाजी की गई। धरना स्थल पर वक्ताओं ने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों की भौगोलिक परिस्थितियां मैदानी इलाकों से अलग हैं, ऐसे में यहां डीडीए जैसी व्यवस्था लागू करना जनहित के खिलाफ है। कहा कि डीडीए के कारण आम नागरिकों को भवन निर्माण, मरम्मत और अन्य जरूरी कार्यों में अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। संघर्ष समिति का आरोप है कि लंबे समय से इस मुद्दे को लेकर आंदोलन किए जाने के बावजूद शासन-प्रशासन जनता की समस्याओं पर गंभीरता से विचार नहीं कर रहा है। वक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही डीडीए को समाप्त करने संबंधी शासनादेश जारी नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में जनता को साथ लेकर व्यापक और उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। धरने के माध्यम से संघर्ष समिति ने एक बार फिर साफ कर दिया कि डीडीए की समाप्ति तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। यहां धरना प्रदर्शन करने वालों में समिति के संयोजक व पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी, रॉबिन मनोज भंडारी, हेम तिवारी, भारत रत्न पांडे, प्रताप सिंह सत्याल, ललित मोहन पंत, पूरन सिंह रौतेला समेत विभिन्न संगठनों से जुड़े लोग मौजूद रहे।

### खत्याड़ी के ग्रामीणों ने डीएम को गिनाई समस्याएं

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**अल्मोड़ा।** विकासखंड हवालबाग के ग्राम पंचायत खत्याड़ी के मनोज विहार कालोनी के ग्रामीणों ने डीएम से मुलाकात कर विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। वहीं, डीएम को ज्ञापन सौंप कालोनी में रास्ता निर्माण की मांग उठाई। ज्ञापन में ग्रामीणों ने कहा कि लंबे समय से चार सौ मीटर का पैमाइशी रास्ता दशकों से नहीं बन पाया है। रास्ता नहीं बनने से ग्रामीणों को दिक्कतों से जूझना पड़ रहा है। जर्जर और खस्ताहाल रास्ते से जाना उनकी मजबूरी बन गई है। रास्ते जैसी बुनियादी सुविधा भी लोगों को नहीं मिल पा रही है। उन्होंने डीएम से 70 से 75 परिवारों के लिए पैमाईशी रास्ता बनाने की मांग की। यहां ज्ञापन सौंपने वालों में विनय किरौला, हरीश कनवाल, हरि विलास पनेरू, गोविंद सिह भंडारी, एलएम जोशी, हरि शंकर बिनवाल, अर्जुन सिंह कनवाल, जयपाल नयाल, कमला भण्डारी, आशा बिष्ट, खष्टी देवी, कमला नयाल, भगवती बिष्ट, चम्पा मेहरा, चम्पा देवी, नरेंद्र सिंह राणा, गजेन्द्र बिष्ट, सुजीत टम्टा आदि रहे।

### दो नेपाली मजदूरों पर जंगली सुअर का हमला

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**बागेश्वर।** कांडा क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्य के दौरान दो नेपाली मजदूरों पर जंगली सुअर ने हमला कर दिया। घटना में 18 वर्षीय तिलक बहादुर सावंत और 22 वर्षीय सुरेश बोरा घायल हो गए। तिलक बहादुर को पीठ और जांग में गंभीर चोटें आईं, जबकि सुरेश को भी मामूली चोटें आईं। दोनों को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां तिलक को जिला अस्पताल रेफर किया गया। घटना के बाद वन विभाग को सूचना दी गई, और रेंजर प्रदीप जोशी सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। विभाग ने घायलों को अस्पताल भेजने के साथ मुआवजा देने की बात भी की। विभाग ने बताया कि जंगली जानवरों से बचाव के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है।

### तल्लीताल में कटखने लंगूरों का आतंक, हमला कर बुजुर्ग को किया घायल

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** नैनीताल के तल्लीताल क्षेत्र में कटखने लंगूरों का आतंक बढ़ता ही जा रहा है। तल्लीताल में घर के आंगन में धूप सेंक रहे एक बुजुर्ग पर लंगूरों के झुंड ने अचानक हमला कर दिया। इस दौरान एक लंगूर के हमले में बुजुर्ग घायल हो गया। जानकारी के अनुसार भाभर हाल तल्लीताल निवासी 90 वर्षीय जेडी गुरुरानी अपने घर के बाहर धूप में बैठे हुए थे। इसी दौरान क्षेत्र में लंगूरों का एक झुंड पहुंच गया। इस दौरान कुछ देर बैठने के बाद लंगूरों ने बुजुर्ग को काट दिया। बुजुर्ग किसी तरह खुद को बचाने का प्रयास कर ही रहे थे कि एक कटखने लंगूर ने उनके हाथ में नाखून गढ़ा दिए। घटना के बाद परिजन तत्काल उन्हें राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डाकटरों की ओर से उनका उपचार किया गया। फिलहाल उनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि तल्लीताल क्षेत्र में बंदरों और लंगूरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। लोगों ने वन विभाग से मांग की है कि कटखने लंगूरों और बंदरों को पिंजरे लगाकर पकड़ा जाए।

## मेहरा स्पोर्ट्स एकेडमी ने क्लब केआरसी को 7 विकेट से हराया

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**रानीखेत।** क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ अल्मोड़ा के तत्वावधान में चल रही अंडर-19 जिला लीग का दूसरा मुकाबला आज नर सिंह ग्राउंड, रानीखेत में मेहरा स्पोर्ट्स एकेडमी, अल्मोड़ा और क्लब केआरसी रानीखेत के बीच खेला गया। मुकाबले में मेहरा स्पोर्ट्स एकेडमी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए क्लब



केआरसी को 7 विकेट से पराजित किया। मैच में क्लब केआरसी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया, लेकिन उनकी टीम 23.1 ओवर में मात्र 63 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। टीम की ओर से मानवेंद्र ने संघर्षपूर्ण पारी खेली। मेहरा स्पोर्ट्स एकेडमी की ओर से सौरभ ने घातक गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट झटके, जबकि काव्य जोशी और मनोज नेगी ने 2-2 विकेट लिए। 64 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए मेहरा स्पोर्ट्स एकेडमी ने 9.2 ओवर में 3 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। टीम की ओर से अर्जुन सिंह धौनी ने 26 रन बनाए, जबकि आयुष जोशी ने 20 रन की नाबाद पारी खेली। क्लब के आर सी की ओर से दिव्यांश जोशी ने 3 विकेट लिए। शानदार गेंदबाजी के लिए सौरभ को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। अंडर-19 जिला लीग के इस मुकाबले का उद्घाटन पूर्व सभासद रानीखेत कैंट सुक्रित साह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इस अवसर पर क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ अल्मोड़ा के संरक्षक संजय मेहरा, उपाध्यक्ष हेमंत बिष्ट, सचिव हर्ष गोयल सहित पंकज जोशी, दीप उपाध्याय, दीपक मेहरा, कैलाश मेहरा, राहुल नेगी आदि मौजूद रहे। आज के मैच में अंपायर की भूमिका राजेंद्र सिंह और जेपी सिंह ने निभाई, जबकि नवनीत स्कोरर रहे। टूर्नामेंट का तीसरा मैच कल मेहरा स्पोर्ट्स एकेडमी और फ्यूचर स्टार क्लब के बीच खेला जाएगा।

## गुणवत्ता व धरोहर संरक्षण पर दिया जोर

**अल्मोड़ा।** नगर स्थित ऐतिहासिक नन्दा देवी मंदिर परिसर में चल रहे विकास एवं निर्माण कार्यों का मंगलवार को जिलाधिकारी अंशुल सिंह ने स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मंदिर समिति के पदाधिकारियों एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मंदिर परिसर में स्थापित विद्युत खंभों को आवश्यकता के अनुसार स्थानांतरित करने के निर्देश दिए। साथ ही मंदिर की बाउंड्री, प्रांगण में चल रहे निर्माण कार्यों एवं अन्य विकास कार्यों की गुणवत्ता का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने स्थानीय नागरिकों की आपत्तियों व सुझावों को गंभीरता से सुनते हुए अधिकारियों को आपसी समन्वय से समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि नन्दा देवी मंदिर न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक धरोहर भी है। इसके प्राचीन स्वरूप और मूल संरचना को संरक्षित रखते हुए ही सभी विकास कार्य किए जाए। उन्होंने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

## बिंदुखत्ता उत्तरायणी कौतिक की धूम

### लोकसंस्कृति संरक्षण पर अतिथियों ने दिया जोर

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**लालकुआं।** जनता इंटर कॉलेज मेला मैदान, बिंदुखत्ता में आयोजित पांच दिवसीय उत्तरायणी कौतिक एवं मेला के दूसरे दिन मंगलवार को कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर श्री सोमेश्वर यति जी महाराज एवं विशिष्ट अतिथि ईएसआई निदेशक जीवन कबड़वाल ने दीप प्रज्वलित कर आयोजन का उद्घाटन किया। यह पारंपरिक मेला 16 जनवरी तक चलेगा। मेले के दूसरे दिन क्षेत्रीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं और स्थानीय खिलाड़ियों के बीच वॉलीबॉल प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल एवं फाइनल मुकाबले खेले गए। इसके साथ ही खो-खो प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर सोमेश्वर यति जी महाराज ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तरायणी जैसे पर्व हमारी सनातन संस्कृति और लोक परंपराओं के संवाहक हैं। ऐसे आयोजन युवा पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ते हैं और



सामाजिक एकता को मजबूत करते हैं। उन्होंने आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए आशीर्वाद दिया। वहीं विशिष्ट अतिथि ईएसआई निदेशक जीवन कबड़वाल ने कहा कि उत्तरायणी कौतिक जैसे मेले सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक चेतना के प्रतीक हैं। खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों से युवाओं में अनुशासन, स्वास्थ्य और टीम भावना का विकास होता है। उन्होंने क्षेत्र में इस प्रकार के आयोजनों को निरंतर आयोजित करने पर जोर दिया।मेला समिति के अध्यक्ष दीप चंद्र जोशी ने बताया कि 14 से 16 जनवरी तक लोकनृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। समापन दिवस 16 जनवरी को आयोजित स्टार नाइट में लोक गायक माया उपाध्याय, जितेंद्र तोमक्याल, अमित बाबू गोस्वामी, शेर सिंह दानू, दीक्षा तोमक्याल और चेतन पांडे सहित अन्य कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। उन्होंने बताया कि बुधवार को प्रात: 8 बजे मकर संक्रांति के अवसर पर समिति एवं क्षेत्रवासियों द्वारा मां हाट कालिका मंदिर में पूजा-अर्चना कर कार्यक्रमों का शुभारंभ किया जाएगा।

# किसान आत्महत्या मामले में 26 आरोपियों के घरों पर ताबड़तोड़ दबिश

## 7 एकड़ भूमि, 4 करोड़ की धोखाधड़ी, मौत के बाद एक्शन

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**काशीपुर।** कोतवाली आईटीआई क्षेत्र निवासी किसान सुखवंत सिंह की आत्महत्या के बाद अब पुलिस ने मामले में 26 महिला-पुरुषों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपियों के घरों पर ताबड़तोड़ दबिश दे रही है। ग्राम पैगा मंदिर फार्म, कोतवाली आईटीआई, काशीपुर निवासी परविंदर सिंह पुत्र तेजा सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसने और उसके भाई सुखवंत सिंह ने बलवंत सिंह उर्फ काला एवं कुलवंत सिंह बक्सौरा, कुंडा से करीब 7 एकड़ भूमि खरीदी थी। बाद में दोनों ने बताया कि उक्त जमीन वे पहले ही प्रॉपर्टी डीलर अमरजीत सिंह, आशीष चौहान उर्फ पटवारी और कुलविंदर सिंह को बेच चुके हैं और सौदा उन्हीं से करने को कहा। इसके बाद परविंदर और सुखवंत सिंह ने उक्त प्रॉपर्टी डीलरों से 34 लाख रुपये प्रति एकड़ की दर से 6.84 एकड़ जमीन का सौदा किया। आरोप है कि रजिस्ट्री के दिन 50 लाख रुपये नकद लेने के बावजूद आरोपियों ने जमीन की रजिस्ट्री नहीं कराई। लगातार चक्कर काटने के बाद भी जब रजिस्ट्री नहीं हुई तो मामले को सुलझाने के लिए रिश्तेदार सुखवंत सिंह पन्नू को आगे किया गया, जिसने अन्य आरोपियों के साथ मिलकर बाजपुर रोड स्थित विमल कुमार के प्लॉट का 4 करोड़ 5 लाख रुपये में सौदा करा दिया। परविंदर सिंह के अनुसार, जमीन खरीद के नाम पर आरोपियों के खातों में 1 करोड़ 2 लाख रुपये ट्रांस्फर किए गए और करीब 2 करोड़ 80 लाख रुपये नकद दिए गए। इस तरह कुल 3 करोड़ 82 लाख रुपये की रकम धोखाधड़ी से हड़प ली गई। न तो जमीन की रजिस्ट्री की गई और न ही पैसे वापस किए गए। लगातार मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न से तंग आकर सुखवंत सिंह ने 10 जनवरी 2026 की रात हल्द्वानी स्थित देवभूमि होटल के कमरे में खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। तहरीर में परविंदर सिंह ने अमरजीत सिंह, दिव्या, रविंद्र कौर, लवप्रीत कौर, कुलविंदर सिंह उर्फ जस्सी, हरदीप कौर, आशीष चौहान, उसकी पत्नी, गिरवर सिंह, महीपाल सिंह, शिवेंद्र सिंह, विमल व उसकी पत्नी, देवेंद्र, राजेंद्र, गुरप्रीत सिंह, जगपाल सिंह, जगवीर राय, मनप्रीत कलसी, अमित, मोहित, सुखवंत सिंह पन्नू, वीरपाल सिंह पन्नू, बलवंत सिंह बक्सौरा, विजेंद्र, पूजा और जहीर समेत कुल 26 लोगों को भाई की मौत का जिम्मेदार बताया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सभी 26 आरोपियों के खिलाफ धारा 108, 318(4) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## महिपाल बने कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**अल्मोड़ा।** दन्या में आयोजित कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक में महिपाल



प्रसाद को धौलादेवी ब्लॉक अध्यक्ष चुना गया। उनके निर्विरोध निर्वाचन को कार्यकर्ताओं ने संगठन की एकजुटता और नेतृत्व के प्रति विश्वास का प्रतीक बताया। बैठक में मुख्य अतिथि जागेश्वर विधानसभा के पूर्व विधायक गोविंद सिंह कुं. जवाल रहे। बैठक में संगठनात्मक ढांचे को न्याय पंचायत से बूथ स्तर तक मजबूत बनाने पर जोर दिया गया, ताकि आगामी विधानसभा चुनावों में पार्टी की जमीनी पकड़ मजबूत हो सके। कार्यकर्ताओं ने 2027 में गोविंद सिंह कुं. जवाल को भारी बहुमत से जीताने का संकल्प लिया। नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष महिपाल प्रसाद ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए संगठन को सशक्त बनाने और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी निष्ठा से काम करने की प्रतिबद्धता जताई। बैठक में कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेंद्र भोज, पूर्व जिलाध्यक्ष पीतांबर पांडे, ब्लॉक प्रमुख लीला बिष्ट समेत कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## महापौर बाली ने सीएम से कराई परिजनों की बात

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**काशीपुर।** ग्राम पैगा निवासी किसान सुखवंत सिंह द्वारा जमीन धोखाधड़ी से उत्पीड़न के बाद गोली मारकर आत्महत्या



किए जाने के मामले में प्रशासनिक और राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। सोमवार को महापौर दीपक बाली मृतक के निवास पर पहुंचे और शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने परिजनों की फोन पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से बात कराई। मुख्यमंत्री ने परिजनों से बात करते हुए घटना को अत्यंत दुखद और हृदयविदारक बताया। उन्होंने कहा कि इस मामले में मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दे दिए गए हैं और कुमाऊं कमिश्नर को जांच सौंपी गई है। साथ ही डीजीपी, होम सेक्रेटरी सहित सभी वरिष्ठ अधिकारी पूरे प्रकरण पर नजर बनाए हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मामले में जो भी दोषी होगा, उसे किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। परिजनों ने मुख्यमंत्री से कहा कि उन्हें भरोसा है कि सरकार इस मामले में निष्पक्ष कार्रवाई करेगी। महापौर बाली ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर पहले ही लापरवाही बरतने वाले पुलिस अधिकारियों पर कार्रवाई की जा चुकी है, चौकी स्तर पर निलंबन और लाइन हाजिर की कार्रवाई हुई है। साथ ही जमीन और पैसों से जुड़े धोखाधड़ी के मामलों की जांच के लिए कई पुलिस टीमें गठित कर दी गई हैं। इस अवसर पर एसडीएम अभय प्रताप सिंह, एसपी स्वप्न किशोर, सीओ दीपक कुमार, तहसीलदार पंकज चंदोला, भारतीय किसान यूनियन युवा विंग के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र कुमार जीतू, मुकेश चावला, पार्षद संदीप मोनू, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष जगजीत सिंह हैप्पी, जसपाल सिंह जस्सी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# मृतक किसान सुखवंत के घर पहुंचा कांग्रेस का प्रतिनिधिमण्डल, परिवार को ढांढस बंधाया



शाह टाइम्स संवाद्दाता

**काशीपुर।** मृतक किसान सुखवंत सिंह के घर पर कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य की अगुवाई में पहुंचा, जिसमें कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़, खटीमा विधायक व उप नेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी, जसपुर विधायक आदेश चौहान, अनुपम शर्मा आदि शामिल थे। उन्होंने मृतक किसान सुखवंत सिंह के परिवार को ढांढस बंधाया और इस घटना पर दुख व्यक्त किया।

साथ ही कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा कि कांग्रेस इस दुख की घड़ी में मृतक किसान के परिवार के साथ खड़ी है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा कि पूरे प्रदेश में पुलिस का गुंडाराज है, प्रदेश के अंदर एक किसान को न्याय के लिए आत्महत्या करनी पड़े यह एक बहुत गलत बात है। इस दौरान ब्रह्मपाल, अब्दुल कादिर, इंदुमान, संजय चतुर्वेदी, अलका पाल, अरुण चौहान, मुशर्रफ हुसैन, महुआखेड़ागंज नगर पालिका के अध्यक्ष रिजवान अहमद समेत भारी तादाद में कांग्रेसी मौजूद थे।

## सीबीआई जांच की मांग, दिया ज्ञापन

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**काशीपुर।** उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने किसान की मौत को संस्थागत हत्या करार देते हुए मामले में पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। कांग्रेस के प्रदेश महासचिव अनुपम शर्मा के नेतृत्व में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में कांग्रेस ने आरोप लगाया कि किसान सुखवंत सिंह की मौत महज़ पुलिसिया ज्यादती नहीं, बल्कि प्रशासनिक तंत्र की किलता और भ्रष्टाचार का परिणाम है। पार्टी का कहना है कि प्रदेश में पुलिस तंत्र पूरी तरह बेलगाम हो चुका है। जिससे आम जनता में भारी आक्रोश व्याप्त है। मामले में दर्ज एफआईआर के आधार पर एसएसपी मणिकांत मिश्रा एवं पुलिस अधिकारी कुंदन रौतेला के खिलाफ हत्या, आपराधिक साजिश और जबरन वसूली की धाराओं में तत्काल मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी की जाए। ज्ञापन देने वालों में मुशर्रफ हुसैन, गौरव चौधरी, कुलदीप सिंह, नीरज सिंह, संजू बोरा, नीरज खाती, सारीम सैफी, वरुण चौधरी, राकेश टोपीवाला, परम संधू, शादन इक़बाल, अनीस अंसारी, रियासत हुसैन समेत कई कांग्रेसी शामिल हैं।

## युवा दिवस पर संगोष्ठी

**काशीपुर।** उदयराज हिंदू इंटर कालेज में राष्ट्रीय युवा दिवस पर एनएसएस स्वयं सेवकों ने एक दिवसीय विशेष शिविर लगाकर श्रमदान किया। वहीं इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में स्वयं सेवकों ने सशक्त, संस्कारित और आत्म निर्भर भारत निर्माण में अपने अपने विचार व्यक्त किए। प्रधानाचार्य बृजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि किताबी ज्ञान के साथ साथ चरित्र और व्यक्तित्व निर्माण के लिए युवाओं को आत्म विश्वास, साहस और सेवाभाव से अग्रसर रहना चाहिए। उन्होंने विवेकानन्द जी के वाक्य 'उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक रुको मत' की बात कहते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए स्वयं सेवकों को प्रोत्साहित किया। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी दीपक शर्मा, चार्टेड रजत अग्रवाल, प्रवक्ता महेश चंद्र आर्या, कौशलेश गुप्ता, अनिल कुमार सिंह, राजेंद्र कुमार जैन, मनोज कुमार विश्नोई, प्रेम प्रकाश समेत शिक्षक स्वयं सेवक मौजूद रहे।

# मनरेगा का नाम बदलने पर कांग्रेस का हल्ला बोल

## जखोली में कार्यकर्ताओं ने रखा एक दिवसीय उपवास, सरकार पर साधा निशाना

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**जखोली/रुद्रप्रयाग।** विकासखण्ड जखोली मुख्यालय परिसर में डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा के सम्मुख कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रदीप थपलियाल के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा का नाम बदलकर 'विकसित भारत ग्रामीण रोजगार आजीविका मिशन' वीबीजी रामजी किए जाने के विरोध में मोर्चा खोल दिया है। ब्लॉक मुख्यालय के डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा के समक्ष बड़ी संख्या में कांग्रेस जन एकत्रित हुए और सुबह 11 बजे से शाम चार बजे तक सांकेतिक उपवास रखा।



इस दौरान ब्लाक अध्यक्ष महावीर सिंह पंवार, कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष व पूर्व ब्लाक प्रमुख जखोली प्रदीप थपलियाल सहित कई अन्य स्थानीय नेताओं ने इस बदलाव को केवल नाम का परिवर्तन नहीं, बल्कि योजना की 'मूल आत्मा' पर प्रहार बताया। कहा कि वर्ष 2005 में शुरू की गई इस योजना का मुख्य आधार काम की गारंटी, वेतन की गारंटी और जवाब. देही था। नए नियमों के तहत अब रोजगार की गारंटी को कमजोर कर दिया गया है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आरोप है कि पहले ग्रामीण अपनी ग्राम पंचायत से सीधे काम मांग सकते थे, लेकिन अब केंद्र सरकार यह तय करेगी कि किस गांव में काम होगा और किसमें नहीं। आंकड़ों का हवाला देते हुए प्रदर्शनकारियों ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में प्रदेश में पंजीकृत लाखों मजदूरों में से केवल कुछ हजार को ही काम मिल पाया है। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि रोजगार के दिनों को कागजों पर भले ही 100 से 125 दिन बढ़ा दिया गया हो, लेकिन जमीन पर मजदूरों को औसतन 40 दिन का काम भी नहीं मिल रहा है। इसके अलावा योजना के फंडिंग पैटर्न में बदलाव करते हुए राज्यों पर 40 प्रतिशत वित्तीय बोझ डालने की भी आला. ेचना की गयी, जिससे पहले से कर्ज में डूबी राज्य सरकार के लिए इस योजना को लागू करना कठिन हो जाएगा। कांग्रेस नेताओं ने इस कदम को महात्मा गांधी के अपमान से जोड़ते हुए कहा कि भाजपा सरकार गांधीवादी विचारधारा के खिलफ काम कर रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि जिस तरह किसानों ने तीन कृषि कानूनों को वापस लेने के लिए सरकार को मजबूर किया था। उसी तरह कांग्रेस भी मनरेगा के पुराने स्वरूप को बहाल कराने के लिए संघर्ष जारी रखेगी। आने वाले दिनों में यह आंदोलन न्याय पंचायतों व ग्राम पंचायत स्तर तक ले जाया जाएगा, जहां ग्राम पंचायतों से प्रस्ताव पारित करवाकर केंद्र सरकार को भेजे जाएंगे। इस अवसर पर पूर्व विधानसभा प्रत्याशी एवं पूर्व जिलाध्यक्ष प्रमुख प्रदीप थपलियाल, कांग्रेस पूर्व ब्लाक अध्यक्ष सुरेंद्र सकलानी, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष महावीर पवार, ब्लाक प्रमुख विनीता चमोली, राज्य आंदोलनकारी हयात सिंह राणा, कनिष्ठ प्रमुख राजेंद्र सिंह रावत, पूर्व प्रधान हरीश पुंडीर, पूर्व प्रमुख चैन सिंह पवार, भगत सिंह पुंडीर, धर्मपाल रावत शर्मा लाल, पूर्व प्रधान शीला भंडारी, अरुणा नेगी, प्रकाश थपलियाल, सुषमा देवी, महिला मंगल दल अध्यक्ष तनुजा देवी, पूर्व प्रधान जितेंद्र कुमार मिश्रा, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य ज्ञान प्रकाश कोठारी आदि मौजूद थे।

# बीडीसी बैठक में विकास कार्यों व जनसमस्याओं पर हुआ मंथन

## जनप्रतिनिधियों-विभागों के समन्वय से योजनाओं को धरातल पर उतारने पर जोर

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**ऊखीमठ/रुद्रप्रयाग।** विकासखंड ऊखीमठ सभागार में आज क्षेत्र पंचायत प्रमुख ऊखीमठ पंकज शुक्ला की अध्यक्षता में विकासखंड ऊखीमठ की क्षेत्र पंचायत (बीडीसी) की बैठक सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। बैठक में समस्त निर्वाचित क्षेत्र पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों से संबंधित विकास कार्यों की प्रगति, लंबित योजनाओं तथा स्थानीय जनसमस्याओं को सदन के समक्ष रखा गया। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यों की वर्तमान स्थिति पर विस्तृत चर्चा की गई।



बैठक को संबोधित करते हुए क्षेत्र पंचायत प्रमुख पंकज शुक्ला ने कहा कि सभी जनप्रतिनिधियों का दायित्व है कि वे पूर्ण निष्ठा, पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता के साथ आम जनता की सेवा करें। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों से जनप्रतिनिधियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए विकास कार्यों को शीघ्र धरातल पर उतारने का आह्वान किया, ताकि योजनाओं का वास्तविक लाभ आमजन तक पहुंच सके। बैठक में सड़क निर्माण एवं मरम्मत, भूमि मुआवजा, पेयजल आपूर्ति, शिक्षा व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति, मानव-वन्यजीव संघर्ष, जंगली जानवरों द्वारा फसलों को हो रहे नुकसान, स्वास्थ्य सेवाएं, तथा स्वच्छता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक चर्चा की गई।

इसके साथ ही कूड़ा निस्तारण व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु कूड़ा वाहनों की संख्या बढ़ाने एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को प्रभावी बनाने पर भी विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर विधायक केदारनाथ आशा नौटियाल ने सदन को संबो. धित करते हुए उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता जनसमस्याओं का समयबद्ध एवं प्रभावी निस्तारण है। विधायक ने अधिकारियों से जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाकर क्षेत्रीय समस्याओं एवं विकास कार्यों को गंभीरता से लेते हुए निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सरकार क्षेत्र के समग्र विकास एवं आमजन के हितों के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। बैठक में ज्येष्ठ प्रमुख राकेश नेगी, कनिष्ठ प्रमुख प्रदीप त्रिवेदी, जिला पंचायत सदस्य त्रियुगीनारायण अमित मैखंडी, ल्वारा सुबोध बगवाड़ी, क्षेत्र पंचायत सदस्य गिरीश चौहान, प्रधान मानसून मिथिला देवी, प्रधान संगठन ब्लॉक अध्यक्ष त्रिलोक रावत, मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह रावत, उपजिलाधिकारी उखीमठ अनिल शुक्ला, जिला विकास अधिकारी अनीता पंवार, खंड विकास अधिकारी ऊखीमठ अनुष्का, मुख्य चिकित्सा अधिक. ारी डा. रामप्रकाश, मुख्य कृषि अधिकारी लोकेंद्र बिष्ट, अधिशासी अभियंता जलनिगम नवल कुमार, अधिशासी अभियंता जलसंस्थान अनीश पिल्लई, अधिशासी अभियंता ग्रामीण निर्माण विभाग मीनल गुलाटी, जिला पर्यटन विकास अधिकारी राहुल चौबे सहित लोक निर्माण विभाग, विद्युत, युवा कल्याण, उद्यान, सेवायोजन एवं अन्य विभागों के अधिकारी, क्षेत्र पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# भव्य रूप से मनाया जाएगा गणतंत्रा दिवस

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**चमोली।** 26 जनवरी गणतंत्रा दिवस के सफल एवं भव्य आयोजन को लेकर जिलाधिकारी गौरव कुमार की अध्यक्षता में जिलाधिकारी सभागार, गोपेश्वर में बैठक आयोजित की गई। बैठक में गणतंत्र दिवस को गरिमामय रूप से मनाने, स्वतंत्रता संग्राम सेना. नियों के सम्मान तथा सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से विस्तृत चर्चा की गई।



जिलाधिकारी ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों एवं उप जिलाधिकारियों को अपने-अपने कार्यालयों में निर्धारित समयानुसार ध्वजारोहण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को विद्यालयों में ध्वजारोहण, प्रभात फेरी तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन के निर्देश दिए तथा इन कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने की बात कही।

जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिका. रियों को नगर क्षेत्र में स्वच्छता, पार्कों की साफ-सफाई एवं सौंदर्यीकरण, स्ट्रीट लाइट व्यवस्था दुरुस्त रखने तथा गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या से देशभक्ति गीत प्रसारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत को साफ-सफाई के कार्यों को समय पर पूरा करने तथा जिला क्रीड़ा अधिक. ारी को क्रॉस कंट्री दौड़ के आयोजन हेतु अन्य विभागों से समन्वय कर रूट निर्धारित करने के निर्देश दिए, ताकि यातायात बाधित न हो।जिलाधिकारी ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति एवं जनपद मुख्यालय में प्रभात फेरी निकालने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सुरजीत सिंह पंवार ने पुलिस बल एवं पीआरडी जवानों द्वारा की जाने वाली परेड को समयबद्ध एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने तथा विभिन्न विभागों द्वारा निकाली जाने वाली झांकियों की समय सारिणी एवं रूट पहले से निर्धारित करने के निर्देश दिए। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष संदीप रावत, सीटीओ मामूर जहां, परियोजना निदेशक आनंद सिंह भाकुनी, एसडीएम आरके पाण्डेय, सीएमओ अभिषेक गुप्ता, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीकांत पुरोहित सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खाई में फंसे गोवंश का गौ रक्षा विभाग ने किया रेस्क्यू

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ हाइवे को जोड़ने वाले जवाड़ी बाइपास पर अलकनंदा नदी किनारे गहरी खाई में फंसे निराश्रित गोवंश (नंदी) का गौ रक्षा विभाग की टीम ने साहसिक रेस्क्यू कर उसकी जान बचाई। बिना किसी विशेष संसाधन के टीम के सदस्य लगभग डेढ़ सौ मीटर नीचे खाई में उतरे और स्थानीय लोगों की मदद से नंदी को सुरक्षित सड़क मार्ग तक पहुंचाया। मंगलवार को जवाड़ी बाईपास पर अपना ढाबा के समीप अलकनंदा नदी किनारे एक नंदी के ंसे होने की सूचना गौ रक्षा विभाग को मिली। सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और कठिन परिस्थितियों के बावजूद खड़ी पहाड़ी व गहरी खाई से नंदी को बाहर निकालने का प्रयास शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद नंदी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। समय पर रेस्क्यू न होने की स्थिति में नंदी के गुलदार व भालू जैसे जंगली जानव. रों का शिकार होने की भी आशंका थी। गौरतलब है कि रुद्रप्रयाग शहर से सटे ग्रामीण इलाकों में कुछ लोग मवेशियों का उपयोग समाप्त होने के बाद उन्हें सड़कों, जंगलों या नदी किनारे छोड़ दे रहे हैं। वहीं कुछ असामाजिक तत्व मवेशियों को पहाड़ी से नीचे धकेलकर नदी में फेंकने जैसी अमानवीय घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। इसके अलावा कई मामलों में मवेशियों को जंगलों में बांध दिया जाता है, जहां वे जंगली जानवरों का शिकार बन जाते हैं। गौ रक्षा विभाग के अध्यक्ष रोहित डिमरी ने बताया कि विभाग पिछले चार-पांच वर्षों से निराश्रित गोवंश के संरक्षण के लिए लगातार कार्य कर रहा है।

# क्षेत्र पंचायत की बैठक के कारण ऊखीमठ में लगा घंटों जाम

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**ऊखीमठ/रुद्रप्रयाग।** ब्लॉक सभागार में आयोजित क्षेत्र पंचायत की प्रथम बैठक के दिन मुख्य बाजार से लेकर भारत सेवा आश्रम तक घंटों जाम लगने से जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों को कडी मकसद के बाद पैदल चलकर बैठक में पहुंचना पड़ा। वैसे तहसील मुख्यालय में घंटों जाम लगना आम बात बनी हुई है, मगर क्षेत्र पंचायत की प्रथम बैठक के दिन यातायात व्यवस्था चरमराने से यातायात व्यवस्था का जिम्मा संभाले पुलिस प्रशासन की कार्य प्रणाली सवालों के घेरे में आ गयी है। तहसील मुख्यालय में घंटो जाम लगने का मुख्य कारण मोटरमार्ग के दोनों तरफ वाहनों के आड़े-तिरछे खड़े होना तथा नगर की यातायात व्यवस्था होमगार्ड जवानों के भरोसे संचालित होना मुख्य कारण माना जा रहा है।



मुख्य बाजार में घंटो लगने वाले जाम से निजात पाने के लिए स्थानीय व्यापारियों, जनप्रतिनिधियों व पुलिस प्रशासन के मध्य कई दौर की बैठकें आयोजित होने के बाद भी जाम से निजात नहीं मिल पा रहा है। मुख्य बाजार में घंटो जाम लगने से पैदल चलने वाले राहगीरों को सबसे अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगर क्षेत्र की यातायात व्यवस्था में कब सुधार होगा तथा नगर क्षेत्र में लगने वाले जाम से कब निजात मिलेगी, यह यक्ष प्रश्न बना हुआ है। नगर क्षेत्र में लगने वाले जाम से निजात पाने के लिए वर्षो पूर्व केन्द्र सरकार की प्रसाद योजना के अन्तर्गत करोड़ों रूपये की लागत से पार्किंग का निर्माण तो किया गया था, मगर पार्किंग का निर्माण नगर क्षेत्र के किनारे मदमहेश्वर मार्ग पर होने से आम जनता को पार्किंग का लाभ नहीं मिल पा रहा है। कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ प्रदेश महामंत्री आनन्द सिंह रावत का कहना है कि नगर क्षेत्र के अन्तर्गत भारत सेवा आश्रम से लेकर थाने के मध्य नई पार्किंग का निर्माण होने के बाद ही जाम की समस्या से निजात मिल सकती है। कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष अवतार सिंह नेगी का कहना है कि नगर क्षेत्र मे जाम लगने का खामियाजा वाहन चालकों, पर्यटको के साथ आम नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है तथा जाम से निजात दिलाना चुनौतीपूर्ण बना हुआ है।

# माघ मेले का कल सीएम करेंगे उद्घाटन

## जानिए इसका पौराणिक व ऐतिहासिक महत्व

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**उत्तरकाशी।** उत्तरकाशी के धार्मिक एवं पौराणिक माघ मेले का आगाज 14 जनवरी से होने जा रहा है। इस आठ दिवसीय माघ मेले का धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व है। धार्मिक मान्यताओं में यह मेला महाभारत काल से जुड़ा है। वहीं, ऐतिहासिक महत्व यह है कि यह मेला भारत और तिब्बत के व्यापार का साक्षी रहा है। उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में पौराणिक और ऐतिहासिक माघ मेले का बुधवार को मकर संक्रांति से शुरू होने जा रहा है। बाडाहाट कू थौलू का पुरातन काल में ये मेला तिब्बत और भारत के व्यापार का केंद्र रहा है। इस मेले में जिले भर के ग्रामीण आकर मेल मिलाप कर मेले का आनंद लेते हैं। काशी विश्वनाथ नगरी उत्तरकाशी के प्रसिद्ध माघ मेले (बाड़ाहाट कू थौलू) का आगाज 14 जनवरी से होने जा रहा है। आठ दिवसीय इस माघ मेले का धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व है। धार्मिक मान्यताओं में यह मेला महाभारत काल से जुड़ा है। वहीं, ऐतिहासिक महत्व यह है कि यह मेला भारत और तिब्बत के व्यापार का साक्षी रहा है। जिला पंचायत हर साल इस मेले का आयोजन करता आ रहा है। लेकिन 1962 के भारत चीन युद्ध के बाद ये भारत और तिब्बत के व्यापार भी बंद हो गया था। माघ मेले का पौराणिक नाम बाड़ाहाट कू थौलू है। बाड़ाहाट का अर्थ बड़ा हाट यानी बड़ा बाजार है। बाड़ाहाट में आजादी से पहले तिब्बत के व्यापारी यहां सेंधा नमक, ऊन, सोना जड़ी-बूटी, गाय, घोड़े बेचने के लिए आते थे। उस समय यह मेला एक माह तक चलता था। तिब्बत के व्यापारी यहां से धान, गेहूं लेकर वापस लौटते थे। इस मेले में टिहरी और उत्तरकाशी के ग्रामीण अपने देवताओं के साथ आते थे। गंगा स्नान के साथ-साथ खरीददारी भी करते थे। उत्तरकाशी का माघ मेला राजशाही के नियंत्रण में था। राजशाही के समय इस माघ मेले में तिब्बत से आने वाले व्यापारियों का हिसाब-किताब रखने के लिए अंतिम मालगुजार मुखबा निवासी पंडित विद्यादत्त सेमवाल थे। ये तिब्बत के व्यापारी टिहरी राज दरबार तक सामान पहुंचाते थे।



### धार्मिक परंपराओं से जुड़ा 'बाड़ाहाट कू थौलू'

**उत्तरकाशी।** बाबा काशी विश्वनाथ की नगरी उत्तरकाशी के प्रसिद्ध माघ मेले (बाड़ाहाट कू थौलू) का 14, जनवरी बुधवार को यहां के आराध्य कंडार देवता और हरि महाराज का ढोल के सानिध्य में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बुधवार करीब दो बजे रामलीला मैदान उत्तरकाशी में पौराणिक माघ मेला का शुभारंभ करेंगे। गौरतलब है कि इस आठ दिवसीय पौराणिक माघ मेले में स्थानीय कलाकारों एवं नाम. चीन कलाकरों की स्टार नाइट से माघ मेला बड़े धूमधाम से होगा। इस में स्थानीय कलाकारों सहित बड़े कलाकार, प्रीतम, महेंद्र सिंह चौहान, रंजनी कांत सेमवाल, हिमाचल के सुप्रसिद्ध गायक, विक्की चौहान सरनौल के सुप्रसिद्ध आदि कलाकारों की स्टार नाइट होंगी।

### मकर संक्रांति है बहुत ही पुण्यदायी इस दिन स्नान-दान का है विशेष महत्व

मकर संक्रांति पर सूर्य उत्तरायण हो जाते हैं और धरती पर प्रकाश का प्रभाव बढ़ जाता है। यह तमसो मा ज्योतिर्गमय की यात्रा है। जब उन्नति उत्तम विचारों सात्विकता कर्तव्यपालन त्याग सत्य दया क्षमा आदि की ओर हम प्रवृत्त होते हैं तब मानना चाहिए कि हम उत्तरायण की यात्रा पर चल पड़े हैं। ज्योतिष चक्र में कुल बारह राशियां हैं। प्रत्येक राशि में एक महीने तक सूर्य का भ्रमण होता है। जिसे सौर राशि भी कहा जाता है। इस तरह सूर्य कुल 12 महीनों में संपूर्ण राशि चक्र की परिक्रमा पूर्ण करता है। सूर्य के एक राशि से दूसरी राशि में प्रवेश को संक्रांति कहा जाता है। जब सूर्य धनु राशि का भ्रमण पूर्ण कर मकर राशि में प्रवेश को उद्यत होता है, उसी काल को मकर संक्रांति कहा जाता है।

### माघ मेला की तैयारी पूरी

**उत्तरकाशी।** उत्तरकाशी का ऐतिहा. सिक व पौराणिक माघ मेला का आगाज 14 जनवरी से शुरू हो जायेगा। माघ मेला (बाडाहाट कू थौलू) का इस बार भव्य आयोजन किया जाएगा। आयोजक जिला पंचायत ने माघ मेले को लेकर तैयारियां पूरी कर दी है। जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी / अपर मेला अधिकारी मोनिका भंडारी मेले से जुड़ी सभी व्यवस्था दुरूस्त करने के लिए स्वयं रामल. ीला मैदान में पहुंच कर आवश्यक निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि आगामी 14 जनवरी से मकर संक्रांति के पर्व पर शुरू होने वाले माघ मेला (बाडाहाट कू थौलू) की समुचित तैयारी पूरी है। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम कर दिये गये हैं। माघ मेला के दौरान पुलिस पूरी तरह से मस्तित रहेगी। उन्होंने कहा है कि असामाजिक तत्वों पर भी पुलिस की कड़ी नजर रहेगी।

### तमाम भविष्यवाणी फेल

**उत्तरकाशी।** बीते दो महिनों से मौसम विज्ञान की तमाम भविष्यवाणी फेल होने के बाद अब पहाड़ के काश्तकारों की निगाहें अपने आराध्य देवी-देवताओं के दरबार में टिकी है। लोग इंद्रदेव को प्रसन्न करने के लिए पूजा व हवन कर रहे हैं। 14 जनवरी को मकर संक्रांति पर उत्तरकशी के तमाम देवी देवताओं की देव डोलियां स्नान करेंगे। लोगों का अब मौसम विभाग से भी भरोसा उड गया और अब अपने देवी देवताओं पर उम्मीद टिकी है। दिसम्बर गुजर चुका है अब जनवरी का महीना बर्फबारी के बिना ही बीत रहा है। गंगोत्री-यमुनोत्री और बद्रीनाथ-केदारनाथ धाम जैसे प्रमुख तीर्थस्थलों के पहाड़ भी सूखे और बर्फहीन दिख रहे हैं। बर्फबारी और बारिश न होने से हिमालय में हाहाकार मच गया हैं।


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता**
**प्रान्तीय खण्ड, लो०नि०वि० डीडीहाट (पिथौरागढ़)**
Office of the Executive Engineer, PD, PWD Didihat (Pithoragarh) E-Mail- eepwdddt@rediffmail.com

पत्रांक : 97/3ए०सी० दिनांक : 13/01/2023

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, डीडीहाट द्वारा निम्नलिखित कार्यों की सील्ड निविदा दिनांक 30/01/2026 को आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 15/01/2026 से 29/01/2026 तक किसी भी कार्य दिवस में निम्न कार्यालयों से निर्धारित शुल्क देकर प्राप्त किये जा सकते हैं तथा दिनांक 30/01/2026 को अपरान्ह 1.00 बजे तक इन्हीं कार्यालयों में डाले.जा सकते हैं।
1. अधीक्षण अभियन्ता, तृतीय वृत्त, लो.नि.वि., पिथौरागढ़।
2. अधिशासी अभियन्ता, प्रा०ख०, लो.नि.वि. डीडीहाट।
3. अधिशासी अभियन्ता, नि०ख०, लो.नि.वि. अस्कोट।
4. अधिशासी अभियन्ता, नि०ख०, लो.नि.वि. लोहाघाट।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदार की पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | एस०डी०आर०एफ० वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत | | | | | |
| 1 | बांसबगड-गूंठी मोटर मार्ग में हुई क्षतियों की मरम्मत एवं पुनर्निर्माण कार्य। | ₹11000.00 | ₹1000.00 +18% GST | 45 दिन | 02 माह | मार्ग कार्य में "D" अथवा उच्चतर। |
| 2 | बरा से धामीगांव मोटर मार्ग में हुई क्षतियों की मरम्मत एवं पुनर्निर्माण कार्य। | ₹9000.00 | ₹500.00 +18% GST | 45 दिन | 02 माह | मार्ग कार्य में "D" अथवा उच्चतर। |
| 3 | बाथीगूंठ-सुन्दरीनाग मोटर मार्ग में हुई क्षतियों की मरम्मत एवं पुनर्निर्माण कार्य। | ₹12500.00 | ₹1000.00 +18% GST | 45 दिन | 02 माह | भवन कार्य में "D" अथवा उच्चतर। |

निविदा दिनांक 30/01/2026 को अपरान्ह 3:30 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। अन्य शर्तें निविदा प्रपत्रों के साथ देखी जा सकेगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित रहेगा।



**कार्यालय जिला पंचायत बागेश्वर।**

पत्रांक: 1088/विज्ञापन/2025-26 दिनांक: 12/01/2026

**जिला पंचायत बागेश्वर की ओर से समस्त जनपदवासियों को नव वर्ष 2026, मंकर सक्रान्ति (घुघुतिया पर्व) एवं गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं अभिनन्दन।**

जिला पंचायत बागेश्वर द्वारा दिनांक 01.01.2026 से जनपद की 35 बड़ी ग्रामीण बाजारों से रोस्टर के अनुसार कूड़े का संग्रहण व परिवहन कार्य तथा 03 कॉम्पैक्टर शेड़ों में कूड़े का निस्तारण कार्य भी किया जा रहा है। जिला पंचायत बागेश्वर ग्रामीण क्षेत्रों के समस्त व्यवसायियों एवं आमजन से अनुरोध करती है कि जिला पंचायत द्वारा चलाये जा रहे वाहनों में ही कूड़े को निरस्तारित करें। सूखे कूड़ें को चयनित स्थानों पर संग्रहित करें। गीले कूड़े का निस्तारण स्वयं से करें। साथ ही पॉलिथीन तथा थर्माकॉल से बने हुए उत्पादों का उपयोग/आयात/भण्डार/वितरण/बिक्री न करें। जिला पंचायत के समस्त देयकों का भुगतान यथासमय करना सुनिश्चित करें। जिला पंचायत द्वारा ग्रामीण बाजारों के कूड़ा निस्तारण एवं समस्त प्रकार की देयकों / शुल्कों से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु निम्न कर्मचारियों से सम्पर्क कर सकते हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री राजेन्द्र गोस्वामी | कनिष्ठ सहायक (कूड़ा निस्तारण) | 8171439674 |
| 2 | श्री भूपाल सिंह फर्स्वाण | कर निरीक्षक (लाईसेंस शुल्क, निराश्रित गौवंश) | 9410305601 |

**(शोभा आर्या)** अध्यक्ष, जिला पंचायत बागेश्वर।

मा0 उपाध्यक्ष/मा0 समस्त सदस्यगण, जिला पंचायत बागेश्वर।

**(इ0 अनिल जोशी)** अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत बागेश्वर।

# खेत से लौट रहे युवक पर झोंका फायर

**■ युवक हुआ गम्भीर घायल, अस्पताल में भर्ती**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** बीती रात कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम टुकडी में खेत से घर को लौट रहे युवक को कुछ लोगों द्वारा रोककर उसकी हत्या करने के इरादे से नाजायज हथियार से फायर कर उसे घायल कर दिया। गोली लगने से घायल हुए युवक को परिजन उपचार के लिये चिकित्सालय ले गये हैं जहा उसकी हालत गम्भीर बनी हुई है।



जानकारी के अनुसार ग्राम बिडौरा मझोला निवासी सतनाम सिंह ने कोतवाली पुलिस को सौंपी तहरीर में बताया हैं कि 12 जनवरी 2026 की बीती रात को उसका साला मेजर सिंह उम्र करीब 23 वर्ष पुत्र निरंजन सिंह निवासी ग्राम टुकडी अपने खेत में फसल में घुसे जानवरों को भगा कर अपने घर को आ रहा था कि जब वह गांव में पहुंचा तो गांव का ही एक व्यक्ति घर के अन्दर से अचानक नाजायज बन्दूक लेकर वाहर तथा उसके साले मेजर सिंह के साथ गाली गलौच करते हुए धक्का मुक्कि करने लगा। शोर होने पर वहां कुछ अन्य लोग भी आ गये जिनके द्वारा मेजर सिंह के साथ गाली गलौच व जमकर मारपीट की गई। पुलिस को दी तहरीर में बताया गया हैं कि आरोपियो ने अपने साथी को बन्दूक से उसके साले पर फयार कर उसकी हत्या करने को उकसाया जिनके उकसाने में आकर हत्या करने के इरादें से उसके साले के सीने में नाजायज बन्दूक से फायर कर दिया, गोली लगने से उसका साला लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पडा, जिसे उपचार के लिए सितारगंज के प्रयास अस्पताल ले गये जहां उसकी हालत खराब होने पर उसे गम्भीर हालत में 108 वाहन से हल्द्वानी के चन्दन अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। घायल युवक के बहनोई ने आधा दर्जन नाम जद लोगों के विरुद्ध पुलिस को तहरीर सौंपी है।

# आयुक्त कुमांऊ मण्डल दीपक रावत को सौंपी सुखवन्त सिंह आत्महत्या प्रकरण की जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** 10 जनवरी 2026 की रात्रि को जनपद उधमसिंह नगर के थाना आईटीआई क्षेत्र के निवासी सुखवन्त सिंह द्वारा अपनी पत्नी व पुत्र के साथ जनपद नैनीताल के थाना काठगोदाम क्षेत्रान्तर्गत एक होटल में प्रवास के दौरान की गई आत्महत्या के प्रकरण तथा घटना से पूर्व सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियों में मृतक द्वारा कतिपय व्यक्तियों एवं जनपद उधमसिंह नगर पुलिस के अधिकारियों/कर्मचारियों पर लगाये गए गम्भीर आरोपों की निष्पक्ष जांच हेतु उत्तराखण्ड शासन द्वारा आयुक्त कुमांऊ मण्डल दीपक रावत को जॉच अधिकारी नामित किया है।

जांच अधिकारी/आयुक्त कुमांऊ मण्डल दीपक रावत ने सर्वसाधारण से कहा है कि यदि किसी व्यक्ति को उक्त घटना से सम्बन्धित कोई तथ्य, साक्ष्य/बयान दर्ज कराने हो तो वह व्यक्ति एक सप्ताह अन्तर्गत कार्यालय आयुक्त कुमांऊ मण्डल नैनीताल/कैम्प कार्यालय, खाम बंगला हल्द्वानी में कार्यालय कार्य अवधि पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 05 बजे तक उपस्थित होकर साक्ष्य सहित बयान अंकित करा सकते है।

## एक नजर

# सुसाइड नोट छोड़ फांसी पर झूल गया सुरक्षा गार्ड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्र के मुखर्जी नगर स्थित एक मकान की तीसरी मंजिल पर किराये के कमरे में एक सुरक्षा गार्ड ने फांसी लगा जान दे दी। मृतक के पास से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है, जिसमें उसने अपनी मौत के लिए किसी को जिम्मेदार नहीं ठहराया है।

रंजीत कुमार पुत्र अंगद लाल (25) निवासी बांसखेड़ा थाना अमरिया जिला पीलीभीत लंबे समय से ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में रहकर सिडकुल स्थित एक कंपनी में सुरक्षा गार्ड के रूप में कार्यरत था। सोमवार दोपहर मकान स्वामी की पत्नी को रंजीत के परिचित का फोन आया। उसने बताया कि रंजीत कॉल रिसीव नहीं कर रहा है। इसके बाद जब वह रंजीत के कमरे पर पहुंचीं तो अंदर से कुंडी बंद थी। आवाज देने और दरवाजा खटखटाने पर कोई जवाब नहीं मिला। पड़ोसियों की मदद से दरवाजा तोड़ा गया, जहां रंजीत कमरे के फर्श पर अचेत पड़ा मिला। उसके गले में गमछा बंधा हुआ था और पंखा आधा झुका हुआ था। सूचना मिलने पर ट्रांजिट कैंप पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी मोहन चंद्र पांडे ने बताया कि मौके से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें मृतक ने अपनी मौत को अपनी इच्छा बताया है और किसी को दोषी नहीं ठहराया है। परिजनों के अनुसार, रंजीत पिछले एक वर्ष से ज्वैलरी शोरूम पर सुरक्षा गार्ड के रूप में कार्यरत था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# विवेकानंद दर्शन लघु नाटक का हुआ मंचन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** स्वामी विवेकानंद जयंती समारोह में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम ताल से ताल मिला सीजन 10 के मंच पर विवेकानंद दर्शन लघु नाटक का मंचन किया गया, जिसमें रामकृष्ण परमहंस की भूमिका में रुद्रपुर के समाजसेवी एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता परिमल राय ने अभिनय किया। वहीं स्वामी विवे. कानंद की भूमिका उनके सुपुत्र पृथ्वीराज राय ने एवं मां काली की भूमिका में प्राची रस्तोगी ने अदा की।



इस नाटक में सभी कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति देकर नाटक को जीवंत कर दिया। एक घंटे के नाटक ने विवेकानंद के साक्षात करा दिए। वही काली माता बनी प्राची रस्तोगी की प्रस्तुति ने समा बांध दिया। रामकृष्ण परमहंस की भूमिका में परिमल राय का मेकअप साक्षात रामकृष्ण परमहंस देव लग रहे थे तथा उनके श्रेष्ठ अभिनय से पूरे पंडाल कुछ समय के लिए भक्ति भाव ने भावुक कर दिया। कई दर्शक रोते हुए अपनी आंसू पूछते हुए देखे गए। कार्यक्रम में मुख्य रूप परिमल राय, पृथ्वीराज राय, प्राची रस्तोगी, प्रतिभा तिवारी, दीपा मौर्य, खुशबू मौर्या, पलक, किंजल, अनमोल शर्मा, शिव कुमार, कृष्णा, विष्णु आदि ने नृत्य किया। इस अवसर पर शंकर चक्रवर्ती, समीर राय, मनोज राय, उत्तम दत्ता, नारायण महाजन, दिलीप अधिकारी, चंद्रशेखर गांगुली, जीवन राय, सुबीर, वंदना दास, बाबू सरदार, नरेश सरकार, आलोक राय, निमाई गोलदार, सत्यजीत मंडल, खोखन बाछाड़, सुशील मंडल, शुभम दास, पिंटू राय, शुभम मंडल, विष्णु मंडल, मंगल सरदार, मोहन राय, अशोक घोष, सुब्रत मलिक आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# पलक चंद्रा ने अंडर-14 डिस्ट्रिक्ट चैंपियनशिप ट्रॉफी में जीता स्वर्ण पदक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** भानु प्रताप पब्लिक स्कूल की होनहार छात्रा पलक चंद्रा ने अंडर-14 डिस्ट्रिक्ट चैंपियनशिप ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। पलक की यह उपलब्धि न केवल उनकी व्यक्तिगत सफलता है, बल्कि पूरे विद्यालय, शिक्षकों और अभिभावकों के लिए गर्व का विषय है। उनका यह प्रदर्शन उनकी निरंतर कड़ी मेहनत, अनुशासन, आत्मविश्वास और खेल के प्रति समर्पण का सजीव उदाहरण है।




इस उल्लेखनीय सफलता से विद्यालय परिसर में उत्साह और उल्लास का वातावरण है। विद्यालय के प्रिंसिपल ने सभी शिक्षकों एवं खेल शिक्षकों के साथ मिलकर पलक चंद्रा को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने पलक के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि इस प्रकार की उपलब्धियां छात्रों को लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने और निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा देती हैं। विद्यालय परिवार ने पलक को आने वाली राज्य, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में और भी ऊंचाइयों को छूने के लिए आशीर्वाद प्रदान किया।

विद्यालय प्रशासन द्वारा राजेंद्र, सुनील एवं वंदना के विशेष योगदान की भी सराहना की गई। उनके निरंतर सहयोग, विशेषज्ञ मार्गदर्शन, समर्पित प्रशिक्षण एवं प्रेरणादायक प्रयासों ने पलक की खेल प्रतिभा को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया लोहड़ी का पर्व

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बाजपुर।** बाजपुर बार एसोसिएशन द्वारा लोहड़ी का पर्व मंगलवार को बड़े ही धूमधाम और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान अधिवक्ताओं ने लोहड़ी की अग्नि प्रज्वलित कर आपसी भाईचारे, सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

इस अवसर पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश कुमार पांडे एवं सचिव योगेश पाठक ने सभी को लोहड़ी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन आपसी सौहार्द और संगठनात्मक एकता को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि लोहड़ी का पर्व नई ऊर्जा, उल्लास और सकारात्मकता का संदेश देता है। कार्यक्रम में वरिष्ठ एवं युवा अधिवक्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस मौके पर अजीम अहमद चौधरी,विकास कश्यप, वसीम अकरम, सुरजीत सिंह, अमरजीत सिंह, नमनदीप सिंह, सोहन लाल गोयल, प्रेम सागर, अर्पित बंसल और सूरज सागर सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं और पारंपरिक व्यंजनों का आनंद लिया। लोहड़ी पर्व के आयोजन से बार परिसर में उत्सव जैसा माहौल बना रहा।

# अवैध मिट्टी खनन में लिप्त दो ट्रैक्टर ट्रांलियां सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** उप जिलाधिकारी तुषार सैनी ने अवैध मिट्टी खनन में लिप्त मिट्टी से भरी हुई दो ट्रैक्टर ट्रालियों को सीज कर दिया।



खटीमा तहसील क्षेत्र के ग्राम गिधौर दिंया क्षेत्र में स्थित नदी से अवैध मिट्टी खनन की सूचना पर उप जिलाधिकारी तुषार सैनी ने राजस्व विभाग की टीम के साथ मौके पर पहुंचकर छापेमार कार्रवाई की। जहां दो ट्रैक्टर ट्रालियां अवैध रूप से मिट्टी खनन करती हुई पाई गई जिनको पकड़ कर एसडीएम सैनी ने सीज कर दिया। इसके उपरांत दोनों ट्रैक्टर ट्रालियों को मिट्टी सहित तहसील परिसर में सुरक्षित खड़ा करना कर दिया गया। वहीं एसडीएम तुषार सैनी ने बताया कि मिट्टी खनन की लगातार मिल रही शिकायत के आधार पर छापेमारी की गई। जहां नदी में दो ट्रैक्टर ट्रालियां अवैध रूप से खनन करती हुई पाई गई जिनको पकड़ कर सीज कर दिया गया तथा तहसील परिसर में सुरक्षित खड़ा कर दिया गया है। वहीं उन्होंने कहा कि जो अवैध रूप से खनन किया गया है उसकी नपत कर जांच की कार्रवाई की जाएगी।

# दो दिवसीय मलखंभ प्रतियोगिता का सफल समापन

**■ विभिन्न क्षेत्रों से आए खिलाड़ियों ने दिखाए अपने प्रतिभा के जलवे**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** खेल महाकुंभ 2025 के तहत खटीमा के चकरपुर वन चेतना स्टेडियम में दो दिवसीय सांसद स्तरीय मलखंभ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें बालक बालिका मलखंभ प्रतियोगिता में नैनीताल लोकसभा से पहुंची आठ टीमों ने प्रतिभाग किया। वहीं बालक बालिका सहित कुल 100 मलखंभ खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।



समापन अवसर पर बालक वर्ग अंडर 14 में सितारगंज प्रथम, खटीमा द्वितीय तथा लाल कुआं तृतीय, बालक वर्ग अंडर 19 में खटीमा प्रथम, सितारगंज द्वितीय ने नैनीताल तृतीया स्थान प्राप्त किया। वहीं बालिका वर्ग अंडर-19 तथा अंडर 14 दोनों में खटीमा विजेता टीम रही। वहीं सभी विजेता टीमों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया तथा उनका उत्साह वर्धन किया गया। आपको बता दें कि युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में बेहत. रीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी राज्य स्तरीय मलखंभ प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। वहीं मलखंभ एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं उत्तराखंड के प्रदेश सचिव रमेश चंद ओली ने खेल नीति में मलखंभ खेल को शामिल करने हेतु उत्तराखंड सरकार का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली टीमें राज्य स्तर पर प्रतिभाग करेंगी। वहीं नैनीताल संसदीय क्षेत्र से पहुंचे मलखंभ खिलाड़ियों ने पोल मलखंभ, रोप मलखंभ में बेहतरीन प्रदर्शन किया। सभी प्रतिभागियों को और बेहतर प्रदर्शन करने व उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए विदा किया गया। खेल प्रशिक्षक रजत सिंह ने बताया कि सभी विज. ेता प्रतिभागी फरवरी में देहरादून में आयोजित होने वाली मुख्यमंत्री चैंपियनशिप ट्रॉफी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। इस मौके पर मलखंभ संगठन के प्रदेश सचिव एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रमेश चंद्र ओली, प्रशिक्षक रजत सिंह, विवेक रस्तोगी, रोहित चंद, साहिल राणा, भास्कर, जतिन राणा, विशाल राणा, महेश भट्ट, प्रेम प्रकाश जोशी, नरेश तथा सूरज तिवारी आदि मौजूद रहे।

# लोहड़ी के दिन बाजपुर में भयंकर कोहरा और शीतलहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** लोहड़ी पर्व के दिन मंगलवार को बाजपुर क्षेत्र में सुबह से ही घना कोहरा छाया रहा और शीतलहर चलने से कड़ाके की ठंड पड़ गई। ठंड के इस तीखे प्रकोप ने आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया। सड़कों पर दृश्यता बेहद कम रहने से वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं लोग आवश्यक कार्यों के अलावा घरों से निकलने से बचते नजर आए।



**कड़ाके की ठंड से जनजीवन प्रभावित**

तेज सर्द हवाओं के कारण तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। ठंड से बचाव के लिए लोग अलाव और गर्म कपड़ों का सहारा ले रहे हैं। खासकर सुबह और देर शाम के समय ठंड का असर अधिक महसूस किया जा रहा है। मौसम की इस स्थिति से परेशान लोग अब बरसात की उम्मीद लगाए बैठे हैं। लोगों का मानना है कि हल्की बारिश होने से कोहरा और शीतलहर से राहत मिल सकती है तथा मौसम कुछ हद तक साफ हो जाएगा। फिलहाल ठंड का यह दौर जारी है और लोगों को सतर्क रहने की आवश्यकता है।

# हरसान में धूमधाम से मना कौतिक उत्तरायणी

**■ बच्चों की प्रस्तुतियों ने मोहा मन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** बाजपुर क्षेत्र के हरसान गांव में मंगलवार को उत्तराखंड की लोक संस्कृति और परंपराओं को समर्पित कौतिक उत्तरायणी 2026 का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का दिल जीत लिया।



कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने कुमाऊंनी लोकनृत्य, लोकगीत और पारंपरिक वेशभूषा में आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। उनकी मनमोहक प्रस्तुति पर उपस्थित दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उत्साहवर्धन किया। कौतिक उत्तरायणी के माध्यम से बच्चों में अपनी संस्कृति के प्रति जागरूकता और गर्व की भावना देखने को मिली। आयोजन में क्षेत्र के गणमान्य लोग, अभिभावक एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे। वक्ताओं ने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजनों से नई पीढ़ी को अपनी लोक परंपराओं से जोड़ने का अवसर मिलता है और सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने में मदद मिलती है।

कार्यक्रम के अंत में आयोजकों द्वारा बच्चों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

कौतिक उत्तरायणी 2026 का यह आयोजन क्षेत्र में सांस्कृतिक एकता और उत्साह का प्रतीक बना रहा। इस मौके पर वीरेन्द्र बिष्ट, बहादुर सिंह कुंवर, रमेश पंत,उम्मेद सिंह डोबाल, केसर राम आर्य, सूब. ेदार, भगवान सिंह दानू आदि अन्य लोग मौजूद थे।

# दिनेश कुमार का निकला किच्छा क्षेत्र में मिला शव

**■ गला घोंटकर की गई थी युवक की हत्या**
**■ बरेली का रहने वाला था मृतक**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** दो दिन पूर्व किच्छा कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत इनटॉर्च कंपनी के सामने मिले अज्ञात युवक के शव की पुलिस ने शिनाख्त कर ली है। मृतक की पहचान दिनेश कुमार (25 वर्ष) पुत्र रूपलाल, निवासी नवोदय बरेली के रूप में हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में युवक की गला घोंटकर हत्या किए जाने की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।



मृतक के भाई वीरेंद्र गंगवार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि दिनेश अपने ममेरे बहनोई रामानंद के साथ रुद्रपुर के ट्रांजिट कैंप में किराए पर रहता था। नौ जनवरी को दिनेश अपनी सगी बहन संध्या को छोड़ने के लिए भोजीपुरा रेलवे स्टेशन गया था। उसी रात जब रामानंद ने उसे फोन किया, तो दिनेश ने बताया कि वह किच्छा पहुंच गया है और कुछ ही देर में ट्रांजिट कैंप पहुंच जाएगा। हालांकि, उसके बाद दिनेश का फोन स्विच ऑफ हो गया और वह घर नहीं पहुंचा। परिजनों ने काफी तलाश की लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। 12 जनवरी को खोजबीन के दौरान उन्हें किच्छा क्षेत्र में एक अज्ञात शव मिलने की सूचना मिली। रुद्रपुर मोर्चरी में जाकर देखने पर उसकी पहचान दिनेश के रूप में हुई। परिजनों का आरोप है कि दिनेश की गला घोंटकर हत्या की गई और साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से शव को किच्छा क्षेत्र में फेंक दिया गया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने भी गला घोंटने की बात स्पष्ट कर दी है। पुलिस अब युवक की मोबाइल लोकेशन और कॉल डिटेल्स खंगाल रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि भोजीपुरा से लौटने के दौरान वह किन लोगों के संपर्क में था। पुलिस का दावा है कि जल्द ही हत्यारों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

# बसंतकालीन गन्ना बुवाई 2026-27 युद्ध स्तर पर तैयारी शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** आगामी बसंतकालीन गन्ना बुवाई 2026 में गन्ना किसानों को उन्नतशील गन्ना प्रजातियों का गन्ना बीज उपलब्ध कराने को ध्यान रखते हुए चीनी मिल नादेही के मुख्य गन्ना अधिकारी डा. राजीव कुमार एवं ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक नादेही उदल सिंह द्वारा संयुक्त रूप से गन्ना बीज उपलब्ध कराने हेतु उत्तर प्रदेश स्थित राम गंगा फार्म अफजलगढ़ के प्रबंधक से संपर्क किया गया, जिसमें परिक्षेत्र नादेही के गन्ना किसानों के लिए उन्नतशील गन्ना प्रजातियों का बीज उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। जिसमें राम गंगा फॉर्म के प्रबंधक महोदय द्वारा आश्वा. सन दिया गया कि गन्ना बीज की उपलब्धता के आधार पर बीज उपलब्ध करा दिया जाएगा। इस मौके पर उपलब्ध टीम में नरेंद्र सिंह एवं विनोद कुमार गन्ना पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।



# मार्ग निर्माण को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** ग्राम शक्तिनगर पूछड़ी ग्राम प्रधान हज्जन नरगिस और प्रधान प्रतिनिधि हाजी शकील अहमद अंसारी ने ग्राम पूछड़ी क्षेत्र के मुख्य मार्ग को मरम्मत कराने की मांग को लेकर एक ज्ञापन एसडीएम को दिया।

दिए गए ज्ञापन में उन्होंने बताया कि ग्राम पूछड़ी क्षेत्र में मुख्य मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया है। उन्होंने बताया कि यह सड़क कई जगहों को जोड़ता है।बताया कि इस मार्ग पर कई सड़क हादसे हो चुके हैं और होने की संभावना है।उन्होंने कहा कि मार्ग क्षतिग्रस्त होने से ग्रामीणों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्राम शक्तिनगर पूछड़ी ग्राम प्रधान और प्रधान प्रति. निधि हाजी शकील अहमद अंसारी ने क्षतिग्रस्त मार्ग को मरम्मत कराने की मांग की है। वहीं एसडीएम प्रमोद कुमार ने जल्द कार्य करने का आश्वासन दिया है।

# स्वास्थ्य विभाग की झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्रवाई

**■ तीन झोलाछाप डॉक्टरों की दुकानों को किया सील**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर में स्वास्थ्य विभाग एवं औषधि विभाग की संयुक्त टीम ने रामनगर में झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन अवैध क्लिनिकों को सील करने की कार्रवाई की है। विभाग की कार्यवाही के बाद रामनगर व आसपास के इलाकों में स्थित झोलाछाप डॉक्टरों में हड़कंप मच गया और कई झोलाछाप डॉक्टर टीम के पहुंचने से पहले ही अपनी-अपनी क्लिनिको को बंद कर मौके से फरार हो गए।



मंगलवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा दिए गए दिशा निर्देश पर डिप्टी सीएमओ डॉक्टर श्वेता भंडारी, डिप्टी सीएमओ डॉक्टर चंद्रा पंत और रामनगर की औषधि निरीक्षक डॉक्टर अर्चना द्वारा संयुक्त रूप से रामनगर में झोलाछाप डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की गई। डिप्टी सीएमओ डॉक्टर श्वेता भंडारी ने बताया कि मोहल्ला गूलरघटटी में डाक्टर मुजीबुर्रहमान कि किसी व्यक्ति द्वारा सीएम पोर्टल पर शिकायत की गई थी। उन्होंने बताया कि इस शिकायत को लेकर आज उक्त डाक्टर की क्लीनिक पर छापामार कार्रवाई की गई जिसमें मौके पर मौजूद डॉक्टर द्वारा कोई भी वैध डिग्री नहीं दिखाई गई इसके साथ ही उन्होंने बताया कि मोहल्ला भवानीगंज में डॉक्टर नदीम अख्तर के यहां भी छापा मारा और उनके द्वारा भी कोई वैध डिग्री मौके पर नहीं दिखाई गई।उन्होंने बताया इसके साथ ही भवानीगंज इलाके में भी कार्रवाई के दौरान डॉक्टर एसके कोटिया भी कोई वैध डिग्री के प्रपत्र नहीं पाए गए। उनकी क्लिनिक से संदिग्ध दवाइयों के नमूने लिए गए हैं, जिन्हें राज्य औषधि परीक्षण रुद्रपुर भेजा गया है, ताकि उनकी गुणवत्ता और मानकों की जांच की जा सके। उन्होंने बताया कि तीनों क्लीनिक को मौके पर सील किया गया। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी और जो भी झोलाछाप डॉक्टर मासूम एवं गरीबों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ करेगा।उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# बिगड़ती यातायात व्यवस्था से लोग परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगर पालिका के सभासदों ने एआरटीओ को सौंपा ज्ञापन**

**रामनगर।** नगरपालिका के सभासदों ने संयुक्त रूप से रामनगर की बिगड़ती यातायात व्यवस्था पटरी पर लाने और जनता को जाम से निजात दिलाने की मांग को लेकर ए आरटीओ प्रबर्तन रिशु तिवारी को ज्ञापन सौंपते हुए समस्या के समाधान की मांग की।

दिए गए ज्ञापन में सभासदों ने बताया कि रामनगर की बिगड़ी यातायात व्यवस्था एवं जाम के कारण आम जनता के साथ ही स्कूल आने जाने वाले बच्चों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।उन्होंने ज्ञापन में कहा कि रामनगर में बड़े वाहनों का बाजार में प्रवेश करने के लिए समय निर्धारित किया जाए और ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करने के साथ ही रामनगर के सरकारी अस्पताल को जाने वाली सड़क पर बनाए गए मालधन प्राइवेट बस अड्डे को यहां से हटाकर कहीं और शिफ्ट करने के साथ ही इस सड़क को जाम मुक्त किया जाए। जम के कारण इस मार्ग पर एंबुलेंस गुजरने में काफी परेशानी होती है तो वहीं मरीजों को भी अस्पताल आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि गली मोहल्लों में बड़े बड़े वाहन खड़े रहते हैं।जिससे कूड़ा वाहनों,एम्बुलेंस आदि वाहनों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

मामले में एआरटीओ रिशु तिवारी ने बताया कि सभासदों द्वारा जो समस्या आज रखी गई है उसकी प्राथमिकता से समाधान किया जाएगा।वाहनों के प्रवेश को लेकर शीघ्र ही प्रशासनिक अधिकारियों के साथ संयुक्त टीम बनाकर कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने कहा कि रामनगर में जाम से निजात दिलाने को लेकर भी ठोस प्रयास किए जाएंगे। इस दौरान सभासद तनुज दुर्गापाल, शमीम अहमद, नदीम अंसारी, सचिन कुमार, सलमान सलमानी, नवीन सुनेजा, शबाना परवीन, जफर इकबाल,करीमुद्दीन, शिवी अग्रवाल, दीप्ति बिष्ट, विक्रम भट्ट, हेमंत बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# घने कोहरे के कारण बरहैनी चौराहे पर दो वाहन आपस में भिड़े, बड़ा हादसा टला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** बरहैनी क्षेत्र में सोमवार को घने कोहरे के चलते बरहैनी चौराहे पर दो वाहन आपस में टकरा गए। हादसे में दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। हालांकि राहत की बात यह रही कि दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई और सभी लोग सुरक्षित बताए जा रहे हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घना कोहरा होने के कारण दृश्यता बेहद कम थी। इसी दौरान चौराहे पर एक वाहन दूसरे वाहन से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहनों के आगे के हिस्से क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और यातायात को सुचारु कराया। कुछ समय के लिए सड़क पर आवागमन बाधित रहा, जिसे बाद में सामान्य कर दिया गया। लोगों ने प्रशासन से कोहरे के समय चौराहों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने और वाहन चालकों से सावधानी बरतने की अपील की है। कोहरे के मौसम में लगातार हो रही दुर्घटनाओं को देखते हुए प्रशासन ने भी वाहन चालकों से धीमी गति से चलने और फॉग लाइट का प्रयोग करने की सलाह दी है।

# सीएम हेल्पलाइन में ढिलाई बर्दाश्त नहीं: डीएम

■ **मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पोर्टल 1905 पर प्राप्त शिकायतों एवं ई-ऑफिस प्रणाली की समीक्षा की**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जिलाधिकारी आशीष भटगांई की अध्यक्षता में जिला कार्यालय सभागार में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पोर्टल 1905 पर प्राप्त शिकायतों एवं ई-ऑफिस प्रणाली की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। दूरस्थ क्षेत्रों में तैनात अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में सम्मिलित हुए।

जिलाधिकारी ने 36 दिन से अधिक समय से लंबित एवं एल-1 स्तर की शिकायतों पर कड़ा रुख अपनाते हुए निर्देश दिए कि सभी प्रकरणों का तत्काल निस्तारण किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना शिकायतकर्ता से दूरभाष पर संपर्क कर संतुष्टि सुनिश्चित किए किसी भी शिकायत को बंद न किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन शिकायतों में निर्माण कार्य अथवा शासन स्तर की स्वीकृति अपेक्षित है, उनमें शिकायतकर्ता को स्पष्ट रूप से अवगत कराते हुए पत्रावली तत्काल निदेशालय को प्रेषित की जाए। विलंब की स्थिति में उत्तरदायित्व तय किया जाएगा। उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन की साप्ताहिक समीक्षा अनिवार्य रूप से की जाए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जनपद में ई-गवर्नेंस सर्वोच्च प्राथमिकता है।

कलेक्ट्रेट, विकास भवन सहित जनपद के सभी कार्यालयों में पत्रावलियों का संचालन केवल ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से किया जाए। उन्होंने बताया कि वर्तमान में कलेक्ट्रेट में समस्त पत्रावलियां ई-ऑफिस के माध्यम से संचालित हो रही हैं तथा तहसील एवं ब्लॉक स्तर पर भी ई-ऑफिस प्रणाली प्रभावी रूप से प्रारंभ कर दी गई है। ई-ऑफिस में लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा। बैठक में एसडीएम सदर मनजीत सिंह, परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास आशीष पुनेठा जिला स्तरीय अधिकारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

# लोहड़ी उत्सव में विधायक ने जमकर किया भांगड़ा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** लोहड़ी उत्सव आयोजन समिति के तत्वावधान में विधायक शिव अरोड़ा के प्रेरणा व मार्गदर्शन से रुद्रपुर सिटी क्लब में आयोजित लोहड़ी उत्सव कार्यक्रम आयोजित हुआ। जहां समाज हर वर्ग के लोग शामिल हुए और विधायक शिव अरोड़ा से मुलाकात कर लोहड़ी की शुभकामनाएं दी। विधायकने सभी का स्वागत सत्कार अभिनंदन किया।

विधायक अरोरा बोले रुद्रपुर जो मिनी पंजाब कहा जाता है जहां सभी समाज आपस में प्रेम के साथ रहते है वहीं सिटी क्लब में आयोजित लोहडी महोत्सव अपने आप में ऐतिहासिक है जिसकी भव्यता और दिव्यता देखते ही नजर आ रही है और यहां पहुंचे हजारों की संख्या में लोग बता रहे हैं कि कार्यक्रम पंजाबी संस्कृति पर आधारित लोहड़ी पर्व जिसमे पंजाबी गानों पर लोग झूम रहे हैं लोहड़ी का पर्व समरसता खुशहाली का पर्व है। पंजाबी समाज में इसका विशेष महत्व रहता है, लेकिन रुद्रपुर की जनता का विशेष स्नेह होने के चलते हैं हर वर्ग के लोग इस लोहड़ी महोत्सव में शामिल हुए हैं उनका हृदय की गहराइयों से स्वागत अभिनंदन। वहीं विधायक ने लोहड़ी प्रजलित मंत्र उच्चारण व गुरुद्वारा के भाइयों के द्वारा अरदास के बाद पूर्ण विधि विधान से लोहड़ी जलाई। विधायक ने भी पंजाबी गानों पर जमकर भंगड़ा किया और खूब गानों पर झूमते नजर आए। इस दौरान हरीश जल्होत्रा, गुरदीप गाबा, प्रीत ग्रीवर, गुंजन सुखीजा, ज्योति ग्रोवर, सुनील ठुकराल, सुखदेव भल्ला, पंकज बांगा, मनीष गगनेजा, राजेश डाबर, मनोज गुम्बर,राजकुमार साह, मनोज मित्तल,किरन विर्क, जगदीश विश्वास, रो. निक नारंग, गुरबाज दुमरा,राजेश बजाज, उपेंद्र चौधरी, तरुण दत्ता, सुरेश कोली, मुकेश पाल,जीतेन्द्र संधू, मनोज छाबड़ा, संदीप राव, मनमोहन वाधवा, अनमोल विर्क, मयंक कक्कड़, मनोज मदान, विपुल पासरीचा, उमेश पासरीचा, डॉ सीमा अरोरा, राजकुमार खनिजो, शिवकुमार अग्रवाल, महेश बब्बर, शौर्य अरोरा,मानिक अरोरा, राजेश पप्पल सहित हजारों लोग लोहड़ी महोत्सव मे शामिल हुए।

# ग्रामीणों को दिया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** ग्राम पंचायत गुरखुड़ा में आयोजित पंखुड़ी थारू सांस्कृतिक समिति द्वारा धरती आभा जनजाति उत्कृष्ट अभियान के तहत पंचायती राज विभाग उत्तराखंड के सौजन्य से ग्रामीणों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान धरती आबा ग्राम उत्कर्ष के बुनियादी सुविधाएं सड़के, बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका में सुधार संबंधित जानकारी दी गयी।

क्षेत्र समिति अध्यक्ष सनीलता के आवास पर आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत समिति अध्यक्ष अशोक खनका, पूजा कार्की ने होम स्टे के लिए वित्तीय सहायता, कौशल विकास केन्द्र, प्रधानमंत्री किसान योजना, आयुष्मान के लाभ और डिजिटल कनेक्टिविटी के संबंध में जानकारियां दी गयी। जनजाति समुदाय के समग्र विकास के उद्देश्य से



बुनियादी ढांचे का विकास, पेयजल योजना का लाभ सौर पैनलों की स्थापना, सार्वजनिक स्थलों एवं घरों का विद्युतीकरण, जनजाति ग्रामों को जोड़ने वाली सड़कों का निर्माण, रोजगार परक प्रशिक्षण, घरों को होमस्टे में बदलने के लिए मिलने वाली 5 लाख की वित्तीय सहायता आदि संबंधित जानकारियां दी गयी। इस दौरान इंदर सिंह, आनंद सिंह, सुशीला देवी, शिवचरण सिंह, शकुंतला देवी, देव सिंह, वीरवती, रविन्द्र सिंह, अमन सिंह, सुविधा देवी, राजेश्वरी देवी, शिव कुमार, बरसाना देवी आदि मौजूद थे।

# पीजी कॉलेज के एनसीसी कैडेट सौरभ कुमार का चयन

■ **दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड में करेंगे सहभाग**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** किसी भी शैक्षणिक संस्था की पहचान वहां कार्यरत कर्मठ और दूरदर्शी व्यक्तित्व से तय होती है। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, लोहाघाट की एनसीसी इकाई इसका सशक्त उदाहरण बनकर उभरी है। संस्कृत विभागाध्यक्ष एवं एनसीसी अधिकारी के रूप में लेफ्टिनेंट पद पर तैनात डॉ. कमलेश शक्टा के नेतृत्व में यहां एनसीसी की दिशा और दशा में उल्लेखनीय परिवर्तन



आया है।

डॉ. शक्टा द्वारा कैडेटों को अनुशासन, लगन और निरंतर अभ्यास के साथ प्रशिक्षण दिया गया, जिसका सकारात्मक प्रतिफल सामने आया है। बीते पांच वर्षों से लगातार महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड में प्रतिभाग कर रहे हैं, जो संस्थान के लिए गौरव का विषय है। इसी क्रम में इस वर्ष एनसीसी के तृतीय वर्ष के कैडेट सौरभ कुमार का चयन गणतंत्र दिवस परेड, नई दिल्ली के लिए हुआ है। सौरभ कुमार न केवल अनुशासित एवं परिश्रमी कैडेट हैं, बल्कि वे गीत-संगीत के क्षेत्र में भी दक्ष हैं। सौरभ कुमार की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय परिवार, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

# एसआइटी करेगी किसान सुखवंत आत्महत्या की जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** पैगा क्षेत्र के किसान सुखवंत सिंह की आत्महत्या के मामले की एसआइटी टीम जांच करेगी।सुखवंत ने रविवार को खुद को गोली मार आत्महत्या करने से पहले इंटरनेट मीडिया में एक वीडियो वायरल किया था।वीडियो में जमीन को लेकर विवाद चल रहा है और कई लोगों पर गंभीर आरोप भी लगाए थे।इस मामले को एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने आइटीआइ थाना प्रभारी और एक उपनिरीक्षक को निलंबित कर दिया था।इसके अलावा पैगा पुलिस चौकी में तैनात दस कर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया।इस मामले में बाजपुर सीओ को जांच सौंप दी थी और वीडियो के आधार पर करीब 26 लोगों पर प्राथमिकी पंजीकृत कर ली गई है।आज एसएसपी ने इस मामले की जांच के लिए एस आइटी टीम का गठन कर दिया है।कोतवाली आइटीआइ में धारा 108/318(4) बीएनएस बनाम अमरजीत सिंह आदि कुल 26 अभियुक्त निवासीगण पैगा, आइटीआइ एवं काशीपुर के विरूद्ध पंजीकृत किया गया।घटना के त्वरित, सफल एवं विधिक निस्तारण के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकमणिकांत मिश्रा ने नीहारिका तोमर, पुलिस अधीक्षक, अपराध एवं यातायात, ऊधम सिंह नगर के पर्यवेक्षण में एसआइटी का गठन किया है। जिसमें जनपद के कुशल एवं अनुभवी थाना प्रभारियों एवं तकनीकी कार्मिकों को सम्मिलित किया गया है।

# डीएम ने किया राजकीय नर्सिंग कॉलेज का निरीक्षण

## व्यवस्थाओं में सुधार के साथ ही फायर सेफ्टी व्यवस्थाओं पर दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जिलाधिकारी आशीष भटगांई द्वारा डा. खड़क सिंह वल्दिया राजकीय नर्सिंग कॉलेज का निरीक्षण/भ्रमण किया गया। निरीक्षण के दौरान कॉलेज की शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं आधारभूत सुविधाओं का गहन अवलोकन किया गया तथा पाई गई कमियों के संबंध में कॉलेज प्राचार्य एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि कॉलेज में कार्यरत सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अनिवार्य रूप से समय पर उपस्थित रहें तथा अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ करें। उन्होंने कहा कि कॉलेज के संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान कॉलेज परिसर में उपलब्ध फायर सेफ्टी उपकरण पुराने एवं अनुपयुक्त स्थिति में पाए गए, जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि सभी फायर सेफ्टी उपकरणों को शीघ्र मरम्मत कर अद्यतन किया जाए अथवा आवश्यकतानुसार नए उपकरण स्थापित किए जाएं, ताकि भविष्य में किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके।

इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने पूरे कॉलेज परिसर में स्वच्छता बनाए रखने, नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने तथा सीसीटीवी कैमरों को पूर्ण रूप से कार्यशील अवस्था में रखने के निर्देश दिए, जिससे सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ की जा सके। निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि कॉलेज का स्टोर रूम निर्मित है, किंतु उसमें रखी सामग्री अव्यवस्थित एवं इधर-उधर बिखरी हुई है। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्टोर रूम में रखे सभी सामानों को सूचीबद्ध कर सुनियोजित एवं सुरक्षित ढंग से व्यवस्थित किया जाए।

जिलाधिकारी द्वारा यह भी निर्देश दिए गए कि कॉलेज खुलने के उपरांत नर्सिंग छात्रों की इंटर्नशिप से संबंधित सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ समयबद्ध, पारदर्शी एवं सुचारु रूप से सुनिश्चित की जाएँ, ताकि छात्रों को प्रशिक्षण अवधि के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े और उन्हें गुणवत्तापूर्ण व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हो सके। जिलाधिकारी ने अंत में कहा कि राजकीय नर्सिंग कॉलेज भविष्य में क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक संस्थान के रूप में विकसित होगा, इसके लिए सभी संबंधित अधिकारियों को समन्वय एवं गंभीरता के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। इस दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डा. एस.एस. नबियाल, एसडीएम सदर मनजीत सिंह समेत संबंधित विभागीय अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# अग्नि सुरक्षा पर एक दिवसीय प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** सिडकुल क्षेत्र की औद्योगिक इकाइयों में अग्नि सुरक्षा को लेकर कर्मचारियों को जागरूक और प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से मंगलवार को पुलिस लाइन में एक दिवसीय अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। इस प्रशिक्षण में सिडकुल की विभिन्न औद्योगिक इकाइयों के लगभग 50 से 60 कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अग्निशमन अधिकारी ईशान कटारिया एवं अग्निशमन अधिकारी सिडकुल चंदन राम ने किया। प्रशिक्षक फायरमैन नवल किशोर, भूपेंद्र सिंह, प्रमोद कुमार, नवीन सिंह, मदन सिंह तथा फायर वूमेन अंकिता पंत और निर्मला बिष्ट ने कर्मचारियों को आग लगने की स्थिति में बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी।

ईशान कटारिया ने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण से औद्योगिक इकाइयों में संभावित हादसों को रोका जा सकता है।

# बच्ची के अपहरण मामले में आठ साल से फरार इनामी दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** ट्रांजिट कैंप पुलिस ने बच्ची के अपहरण मामले में आठ साल से फरार चल रहे इनामी आरोपी को हरिद्वार से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी लंबे समय से पहचान छिपाकर हरिद्वार में ई-रिक्शा चला था। मंगलवार को एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि 28 मई 2017 को ट्रांजिट कैंप निवासी एक व्यक्ति ने अपनी आठ वर्षीय बेटी के अपहरण की तहरीर पुलिस को दी थी। आरोप था कि सुनील उर्फ अनिल नामक व्यक्ति बच्ची को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। इस पर थाना ट्रांजिट कैंप में मुकदमा दर्ज किया गया। जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज में भी आरा. पी बच्ची के साथ दिखाई दिया, लेकिन वह फरार हो गया।

पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध कुर्की की कार्रवाई करते हुए 15 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। लंबे समय से फरार आरोपी की तलाश में पुलिस टीम ने मैनुअल पुलिसिंग के साथ आधुनिक सर्विलांस तकनीक का सहारा लिया। इसी दौरान उसकी लोकेशन हरिद्वार में मिली। सोमवार को गठित पुलिस टीम ने 44 वर्षीय अनिल उर्फ पप्पू पुत्र घासीराम निवासी जिगर कॉलोनी थाना सिविल लाइन, मुरादाबाद यूपी को हरिद्वार के सीसीआर क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह बच्ची को ट्रेन से हरिद्वार ले गया था, जहां भीड़ में वह उससे बिछड़ गई। डर के कारण वह वर्षों तक हरिद्वार में छिपकर ई-रिक्शा चलाता रहा और परिवार से भी दूर किराये के मकान में रहता था। मंगलवार को आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।

# उच्चाधिकारियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो होगा आंदोलन : गोदियाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने किसान सुखवंत के आत्महत्या प्रकरण में उच्चाधिकारियों पर कार्रवाई को लेकर सरकार को 15 जनवरी तक का अल्टीमेटम दिया है। उन्होंने कहा कि किसान सुखवंत ने आत्महत्या से पहले बनाए गए वीडियो में जिन अधिकारियों का नाम लिया है, उन सब पर कार्रवाई हो। वीडियो में जताई गई इच्छा के अनुरूप ही मामले की जांच की जाए और इस प्रकरण में वीडियो के आधार पर एसएसपी ऊधमसिंह नगर पर कार्रवाई कर उन्हें निलंबित किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि 15 तक इस पर कार्रवाई नहीं हुई तो वह पुलिस मुख्यालय में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठेंगे। मंगलवार को रुद्रपुर के एक होटल में पत्रकार वार्ता करते हुए गोदियाल ने कहा कि हम प्रदेश की सरकार को मजबूर करेंगे कि वह अपराधियों का साथ देना छोड़े। पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों को जो संविधान में दायित्व दिए गए हैं, उनका वह निर्वहन करें और जनता का साथ दें। 15 जनवरी तक जिले के एसएसपी को निलंबित करें और उन पर प्राथमिकी दर्ज करें। इसके बाद कानून के तहत जांच हो, जांच पारदर्शी हो। अंकिता भंडारी हत्याकांड में सरकार को घुटने के बल आना पड़ा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने खुद कहा था कि अंकिता के माता-पिता जो मांग करेंगे, उसी आधार पर जांच कराएंगे। उनके माता-पिता से प्रार्थना पत्र लिया, लेकिन उनके प्रार्थना पत्र पर जांच न कराकर किसी दूसरे के प्रार्थना पत्र पर सीबीआई जांच की संस्तुति की। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि किसान सुखवंत की आत्महत्या के मामले की जांच सीबीआई से कराई जाए। परिवार को न्याय मिलना चाहिए। 15 जनवरी तक एसएसपी का निलंबन किए जाए और जिनके भी नाम वीडियो में आए हैं, उन सभी के नाम प्राथमिकी दर्ज करें। जब रक्षक ही भक्षक बन जाएंगे तो जनता का क्या होगा। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा, प्रदेश सह प्रभारी मनोज यादव, खटीमा के विधायक भुवन कापड़ी, हल्द्वानी के विधायक सुमित हृदयेश, मीना शर्मा, संदीप चीमा, सुमित्तर भुल्लर आदि मौजूद रहे।



# जनता की फरियाद का तत्काल निस्तारण करना अधिकारी का पहला कर्तव्य: डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** जिलाधिकारी मनीष कुमार ने अपनी विशिष्ट कार्यशैली और संवेदनशील प्रशासनिक दृष्टिकोण से आमजन को जिला प्रशासन के बेहद निकट ला खड़ा किया है। आज स्थिति यह है कि जनता के मन में उम्मीदें केवल किसी पद से नहीं, बल्कि डीएम मनीष कुमार के नाम से जुड़ गई हैं।

इसका जीवंत उदाहरण उस समय देखने को मिला जब कानीकोट गांव के 92 वर्षीय वृद्ध हयात सिंह अपनी जीवन की अंतिम इच्छा के साथ जनता दरबार में पहुंचे। वे अपने गांव के प्राचीन मंदिरों के जीर्णोद्धार हेतु जिलाधिकारी से अनुरोध करने आए थे। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने उन्हें अपने पास बिठाकर ससम्मान हाल-चाल पूछा और उनकी समस्या को गंभीरता से सुना। वृद्ध श्री सिंह कम सुन पाते थे, इस पर जिलाधिकारी ने समाज कल्याण विभाग से तत्काल कान की मशीन मंगवाकर उन्हें उपलब्ध कराई और मंदिरों के जीर्णोद्धार के लिए पर्यटन विभाग को आवश्यक निर्देश दिए। श्री सिंह ने भावुक होकर कहा कि उन्होंने अपने पूरे जीवन में प्रशासन की ऐसी संवेदना कभी अनुभव नहीं की थी। जनता दरबार में मोराडीं गांव की विधवा रेवती देवी को न केवल विधवा पेंशन स्वीकृत की गई, बल्कि उनके बच्चों को बाल कल्याण योजना का लाभ देने के साथ ही आवश्यक आर्थिक सहायता भी प्रदान की गई। वहीं दिव्यांग किशन मेहरा के मकान की सुरक्षा हेतु



एक माह के भीतर प्रोटेक्शन वॉल निर्माण के निर्देश जारी किए गए। आज आयोजित जनता मिलन कार्यक्रम में 140 से अधिक फरियादियों ने अपनी समस्याएं रखीं, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही समाधान किया गया। यहां एडीएम केएन गोस्वामी, मुख्य विकास अधिकारी डा. जीएस खाती, एसडीएम अनुराग आर्या, एपीडी बिम्मी जोशी, सीएमओ डा. देवेश चौहान सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# चोरी के शक में मजदूर की डंडों से पीटकर की थी हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में मजदूर की संदिग्ध हालात में मौत के मामले में पुलिस ने खुलासा कर दिया है। चोरी के शक में उसकी डंडों से पीट-पीटकर हत्या की गई थी। पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से डंडे बरामद किए गए हैं। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि सोमवार सुबह डायल 112 पर सूचना मिली थी कि हनुमान मंदिर ढाल के पास एक व्यक्ति बेसुध हालत में पड़ा है। सूचना पर ट्रांजिट कैंप पुलिस मौके पर पहुंची, जहां दीपक इंडस्ट्रीज के पास सड़क किनारे एक व्यक्ति का शव अर्द्धनग्न अवस्था में मिला। मृतक की पहचान मूल ग्राम मर्थुवा सरैय्या, थाना महाराजगंज उत्तर प्रदेश हाल निवासी आजादनगर वार्ड तीन, रुद्रपुर निवासी 42 वर्षीय पप्पू वर्मा पुत्र फतेह बहादुर वर्मा के रूप में हुई। शरीर पर आंख, बाएं कंधे और दाहिने हाथ पर चोट व रगड़ के निशान पाए गए थे। मृतक के दामाद पवन की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। मामला संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसमें तीन युवक दिखाई दिए। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि रविवार रात पप्पू एक गोदाम में घुस गया था, जहां फोम की मैट रखी थी। चोरी के शक में उन्होंने बांस के डंडों से उसकी पिटाई कर दी, जिससे उसकी मौत हो गई। इसके बाद शव को सड़क किनारे फेंक दिया। पुलिस ने आरोपी योगेश पाण्डे पुत्र विनय कुमार पाण्डे, सुजीत सरोज पुत्र कमलेश और अबू तालीब पुत्र मोहम्मद वकील तीनों निवासी हनुमान ढाल शिमला बहादुर रुद्रपुर को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से डंडे बरामद कर लिए गए हैं। एसएसपी ने बताया कि तीनों को मंगलवार को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।

# विद्युत लाइन बनी जानलेवा, लोगों में गुस्सा





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर/गदरपुर।** गांव मजरा शीला में आबादी के ऊपर से गुजर रही 11000 के वी विद्युत लाइन एक बार फिर हादसे का कारण बनी। विद्युत लाइन की चपेट में आने से पांच साल का मासूम बच्चा गंभीर रूप से झुलस गया, जिससे गांव में आक्रोश फैल गया। घटना के विरोध में ग्रामीणों ने प्रधान प्रति. निधि हारिश के साथ रुद्रपुर में नवोदय विद्यालय के पास स्थित

■ **झुलसे बच्चे को मुआवजा लाइन को स्थानांतरण की मांग**

■ **नाराज ग्रामीणों ने रुद्रपुर विद्युत कार्यालय पर किया प्रदर्शन**

विद्युत कार्यालय पर पहुंचकर रोष प्रकट किया।

ग्रामीणों ने विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि वर्षों से गांव के ऊपर से गुजर रही हाई वोल्टेज लाइन को हटाने की मांग की जा रही है, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। प्रदर्शनकारियों ने झुलसे हुए बच्चे के इलाज के लिए तत्काल मुआवजा देने की मांग की। प्रधान प्रतिनिधि हारिश ने बताया कि इस संबंध में मुख्य विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया है, जिसमें गांव मजरा शीला में आबादी के ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइन को शीघ्र स्थानांतरित कराने की मांग की गई है।

उन्होंने कहा कि पहले भी इसी लाइन से कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन विभाग की उदासीनता के चलते समस्या जस की तस बनी हुई है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि विद्युत विभाग ने शीघ्र कार्रवाई नहीं की तो ग्रामीण मजबूरन आंदोलन करेंगे। वहीं मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी ने यूपीसीएल को पूरे मामले की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। प्रदर्शन में गांव की महिलाएं, बुजुर्ग और युवा बड़ी संख्या में शामिल रहे। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की कि भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हों, इसके लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

# भिगराड़ा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नाम मात्र का



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** भिगराड़ा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा भिगराड़ा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना तो की गई है, लेकिन उसका संचालन ऐसे स्थान पर किया जा रहा है जहां तक पहुंचने में रोगियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिगराड़ा में स्थापित होने के बावजूद इसका संचालन लगभग एक किलोमीटर दूर एएनएम केंद्र से किया जा रहा है।

■ **इलाज तक पहुंचने में छूट रहे रोगियों के पसीने**

हालांकि एएनएम केंद्र में डॉक्टर, एवं फार्मासिस्ट व अन्य स्टाफ की तैनाती की गई है, लेकिन दूरी और दुर्गम पहुंच के कारण अधिकांश ग्रामीण इस सुविधा का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। भिगराड़ा क्षेत्र रीठासाहिब मिठे रीठे के चमत्कार के प्रसिद्ध गुरुद्वारा श्री रीठासाहिब के कारण एक प्रमुख मार्ग पर स्थित है, जहां दिनभर श्रद्धालुओं व यात्रियों की भारी आवाजाही रहती है, इसके बावजूद यह चिकित्सा सुविधा आमजन की पहुंच से बाहर बनी हुई है।

इस गंभीर समस्या को लेकर गडयुरा गांव में सामाजिक कार्यकर्ता चंद्रशेखर जोशी की अध्यक्षता में ग्रामीण जनप्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र की बदहाल चिकित्सा एवं स्वास्थ्य व्यवस्था पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। बैठक में ग्रामीणों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए स्थायी भूमि उपलब्ध कराकर भवन निर्माण की भी मांग उठाई।

उमेश जोशी के संचालन में आयोजित बैठक में जगदीश बिष्ट, पुष्कर कुमार, गीता गोस्वामी, नीमा आर्या, दीपक शर्मा, मंजू देवी सहित अन्य ग्रामीणों ने इस संबंध में क्षेत्रिय विधायक एवं जिलाधिकारी को ज्ञापन प्रेषित किया।

विधायक अधिकारी को ज्ञापन देते हुए ग्रामीणों ने बताया कि भिगराड़ा क्षेत्र 20 ग्राम पंचायतों का सहायक केंद्र होने के बावजूद आज भी यहां के लोगों को बुनियादी चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं।

ग्रामीणों ने श्री अधिकारी एवं जिलाधिकारी मनीष कुमार से अपेक्षा है कि वे क्षेत्र की समस्याओं को गंभीरता से समझते हुए शीघ्र ठोस निर्णय लेंगे।

# हाईकोर्ट ने संग्रह अमीन की बर्खास्तगी रद्द की



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने अनुशासनिक कार्यवाही में गंभीर प्रक्रियात्मक अनियमितताओं के कारण एक संग्रह अमीन की बर्खास्तगी के आदेश को रद्द कर दिया है। न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की एकल पीठ ने याचिकाकर्ता पूरन सिंह बिष्ट की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह महत्वपूर्ण निर्णय सुनाया। कोर्ट ने कहा कि किसी सरकारी कर्मचारी के खिलाफ जांच निष्पक्ष और नियमों के अनुसार होनी चाहिए, अन्यथा वह कानूनी रूप से सही नहीं मानी जा सकती।

यह मामला अल्मोड़ा जिले के भनोली तहसील का है, जहां याचिकाकर्ता 1989 में सीजनल संग्रह अमीन के रूप में नियुक्त हुए थे। 2009 में विभाग ने अनुशासनिक कार्यवाही शुरू कर उन्हें बर्खास्त कर दिया था, जिसे उच्च न्यायालय में चुनौती दी गई थी। कोर्ट ने पाया कि जांच अधिकारी ने आरोपों की सच्चाई के बजाय सजा की सिफारिश की थी, जो नियमों का उल्लंघन है। अदालत ने याचिकाकर्ता को सेवा में बहाल करने का आदेश दिया और उन्हें उनके पिछले वेतन का 50 प्रतिशत लाभ देने का निर्देश दिया। हालांकि, कोर्ट ने सक्षम प्राधिकारी को यह विकल्प दिया कि वे मामले में नए सिरे से निर्णय ले सकते हैं, और सेवानिवृत्ति के निकट होने के कारण कम गंभीर दंड देने का सुझाव भी दिया।

# सिमलखा न्याय पंचायत में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** जन-जन की सरकार-जन-जन के द्वार कार्यक्रम के तहत मंगलवार को नैनीताल विधान सभा के न्याय पंचायत सिमलखां में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नैनीताल विस की विधायक सरिता आर्या तथा दर्जा राज्य मंत्री पेयजल अनुश्रवण परिषद दिनेश आर्या ने जनसमस्याओं को गंभीरता से सुना। शिविर में 50 से अधिक शिकायत पंजिका में दर्ज कराई गई जिसमें कई समस्याओं का समाधान तत्काल किया गया।

शिविर में 23 विभागों के स्टाल लगने थे जिसमें कई विभागों के स्टाल नहीं पहुंचे थे जिसमें विधायक ने नारा. जगी जताई। उपजिलाधिकारी ने बताया कि जो विभाग अनुपस्थित रहे उनको नोटिस भेज दिया जाएगा। शि. विर में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएंए सुझाव एवं अपेक्षाएं खुलकर रखीं जिन पर संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए गए। शि. विर में पेयजल, विद्युत, सड़क, सिंचाई तथा वन विभाग से संबंधित काफी शिकायत रही, गांव की महिलाओं ने बढ़ते बाघ के आतंक से निपटने के लिए कहा कि जल्द पिंजरा लगाकर इन बाघों को पकड़ा जाए। सिमलखा न्याय पंचायत के सभी गांवों के ग्राम प्रधान क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने अपने अपने क्षेत्र की समस्याओं को उप जिलाधिकारी समेत विभिन्न महकमों के अधिका. रियों के समक्ष रखा जिस पर विधायक सरिता आर्या ने अधिका. रियों को निर्देश किया है कि जनता की समस्याओं का तुरंत समाधान हो। दर्जा राज्य मंत्री ने बताया कि भाजपा सरकार द्वारा कई जन कल्याणकारी योजनाएं चलाई है जिससे प्रत्येक गांवों तक उन योजनाओं का प्रचार प्रसार होना चाहिए जिससे जनता को उसका लाभ मिले। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख अंकित शाह, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रताप बोहरा, जिला पंचायत सदस्य यशपाल आर्या, तरुण शर्मा, संजय बोहरा, जेडी कत्यूरा, ग्राम प्रधान संगठन अध्यक्ष पूर्व मंडल अध्यक्ष गरमपानी सोबन सिंह बिष्ट, मंडल महामंत्री जगदीश नाथ समेत राजेंद्र सिंह जैड़ा, अखिलेश कुमार, विनोद डोंढियाल, तारा भंडारी, चंपा जलाल, महेंद्र जैड़ा, कैलाश पंत, चित्रा जैड़ा, राधा जलाल, विमला नेगी सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्रीय जनता उपस्थित रही। संचालन तारा सिंह भंडारी ने किया।

## एक नजर

### नैनीताल में खुशमिजाज बना रहा मौसम

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल मंगलवार को मौसम खुशनुमा बना हुआ है। चटक धूप पूरे दिन खिली रही। मगर सुबह शाम को कड़ाके की ठंड बरकरार रही। नगर में सुबह से ही मौसम सुहावना बना हुआ था। हवा में ठंडक नहीं थी। लोगो ने धूप का आनंद उठाया हालाकि सुबह के समय बादल आसमान में छाए हुए थे जो दोपहर होने तक छट गए। सूर्यास्त के बाद ठंड पडनी शुरू हो गई तो लोग टोपी तथा मफलर के साथ गर्म ऊनी कपड़ों का सहारा लिया, घरों में हीटर के सहारे ठंड से राहत मिली। इस बीच लोग नगर पालिका द्वारा जलाए अलाव सेखते नजर आए। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 19 व न्यूनतम 8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

### एनएसएस शिविर का भव्य समापन

**नैनीताल।** जिले के पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कालेज मालधनचौड़ में युवा दिवस एवं राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर का कैंप फायर कार्यक्रम अधिकारी बिंदु शाह, सह प्रभारी नंदिनी कोहली, दीपशिखा तथा कुसुमलता के दिशा-निर्देशन में किया गया। इस मौके पर जिला समन्वयक डा. जेएस नेगी तथा ग्राम प्रधान गौतमनगर दीप्ति समेत सत्येंद्र कुमार, मदन शिल्पकार, संदीप खंतवाल, मीडिया प्रभारी भाजपा मालधन चौड़ एवं प्रधानाचार्या सपना सिंह, बबीता शर्मा, रोहन बिष्ट, प्रमोद कुमार, चंद्रपाल तथा सूरज कुमार उपस्थिति रहे। इस दौरान डा. जेएस नेगी द्वारा विद्यालय के कैंप की सराहना की गई। इससे पूर्व प्रधानाचार्य सपना सिंह द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया तथा आभार व्यक्त किया गया। इससे पूर्व दीप जलाकर अतिथियों ने कैंप फायर का शुभारंभ किया।

### सिंचाई पाइप लाइन के विस्तारीकरण पर मंथन

**नैनीताल।** ग्राम पंचायत लोहाली में सिंचाई पाईप लाईन के विस्तारीकरण के संबंध में मंगलवार को बैठक आयोजित कि गयी जिसमें जनता की मांग को देखते हुए लोहाली लिफ्ट सिंचाई योजना का विस्तारीकरण खरक देवी मंदिर तक करने पर मंथन व असिंचित कृषि का धरातलीय निरीक्षण किया गया। नलकूप खंड रामनगर के सहायक अभियंता प्रशांत आर्य द्वारा बताया गया कि इस विस्तारीकरण के लिए जल्दी ही शासन को प्रेषित किया जायेगा और जून तक इस पर हर संभव धरातल पर कार्य किया जायेगा। इस विस्तारीकरण से 1500 नाली असिंचित भूमि पर सिचाई होगी। कार्यक्रम का संचालन सामाजिक कार्यकर्ता त्रिभुवन सिंह बिष्ट द्वारा किया गया। इस अवसर पर नलकूप खंड रामनगर के कनिष्ठ अभियंता मनीष सेमवाल, पूर्व प्रधान धाम सिंह रावत, प्रधान प्रतिनिधि हरिनगर सुन्दर लाल, प्रतिनिधि थुवा ब्लाक हरीश चन्द्र समेत नरेन्द्र रावत, गोधन सिंह, चंदन बसानी, अनोप सिंह रावत, राधे सिंह, राजेन्द्र रावत, दीवान सिंह समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

### एनआई एक्ट का वारंटी गिरफ्तार

**नैनीताल।** नगर की तल्लीताल थाना पुलिस ने एनआई एक्ट में वांछित चल रहे वारंटी को गिरफ्तार किया है। वारंटी को कोर्ट के पेश करने के बाद जेल भेज दिया है। तल्लीताल के थाना प्रभारी मनोज नयाल के मुताबिक लोअर डांडा रोड निवासी मोबिन एनआई एकट में मामले में आरोपी था। न्यायालय से कई नोटिस के बाद भी आरोपी पेश नहीं हुआ, जिसका वारंट जारी होने पर मंगलवार की सुबह पुलिस टीम ने उसे घर के पास से ही गिरफ्तार कर लिया।

### बाबा का वेश में पुलिस ने दो ठग दबोचे

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल स्थित मां नयना देवी मंदिर के समीप बाबा बनकर लोगों से रुपये मांग रहे दो लोगों को व्यापारियों ने पकड़ पुलिस के हवाले किया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार मंगलवार दोपहर में मां नयना देवी मंदिर के बाहर बाबा बनकर दो लोग राहगीरों से रुपये मांग रहे थे। दोनों के संदिग्ध नजर आने पर व्यापारियों ने उन्हें पकड़ पूछताछ की तो दोनों के बरेली निवासी होने की जानकारी मिली, जिसके बाद लोग दोनों को पकड़ कोतवाली ले आए, जहां पुलिस पूछताछ में दोनों का सत्यापन नहीं मिला। मामले में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हेम चंद्र पंत ने बताया कि सुभाष नगर बरेली निवासी भोलू सिंह व अमरजीत सिंह के खिलाफ पुलिस एक्ट में चालानी कार्रवाई की गई है।

### राजकीय वाहन चालक महासंघ की बैठक 18 को

**नैनीताल।** राजकीय वाहन चालक महासंघ के जिला मंत्री मोहन सिंह नयाल के मुताबिक महासंघ के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों की महत्वपूर्ण बैठक 18 जनवरी रविवार की सुबह 11 बजे से राजकीय वाहन चालक राजस्व विभाग नैनीताल के संघ भवन में होगी। नयाल ने राजकीय वाहन चालक महासंघ जिला नैनीताल के सभी सदस्यों से गुजारिश की है कि वह इस महत्वपूर्ण बैठक में तय तिथि व समय पर उपस्थित हों।

### उत्तराखंड हाईकोर्ट का फायर ऑडिट किया गया

**नैनीताल।** महानिरीक्षक अग्निशमन व आपात सेवा उत्तराखंड देहरादून के आदेश के अनुपालन में मंगलवार को दमकल की टीम ने नैनीताल स्थित उत्तराखंड हाइकोर्ट में फायर आडिट किया। इस दौरान जरूरी निर्देश दिए गए। बता दें मंगलवार को सीएफओ गौरव किरार व एफएसओ देंवेंद्र सिंह नेगी व हाईकोर्ट के जेई भूपेंद्र खड़कवाल के नेतृत्व में हाईकोर्ट का संयुक्त रूप से फायर ऑडिट किया गया। इस दौरान हाईकोर्ट की अग्निशमन सुरक्षा व्यवस्थाओं की जानकारी लेने के साथ जांच की गई। ऐतिहासिक इमारत होने के चलते संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जिसके बाद दमकल की टीम ने नैनीताल होटल एंड रैस्टोरैंट एसोसिएशन व व्यापार मंडल के जनप्रतिनिधियों के साथ नैनीताल में हो रहे अग्निकांडों पर भी विस्तार से वार्ता की, साथ ही अग्नि सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में राय ली।

# संविदा कर्मचारी को भी हाई कोर्ट से राहत, बर्खास्तगी रद्द

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने संविदा कर्मचारियों के अधिकारों पर महत्वपूर्ण निर्णय सुनाते हुए उत्तराखंड परिवहन निगम में तैनात संविदा परिचालक (कंडक्टर) गंगा जोशी की बर्खास्तगी के आदेश को रद्द कर दिया। न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की एकल पीठ ने कहा कि बिना उचित विभागीय जांच और प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का पालन किए किसी संविदा कर्मचारी को कदाच. ार के आधार पर हटाना असंवैधानिक है। गंगा जोशी पर 2011 में टिकट मशीन में हेराफेरी का आरोप लगाया गया था, जिसके चलते उनकी सेवाएं समाप्त कर दी गईं। गंगा जोशी ने अदालत में तर्क दिया कि उन्हें मशीन चलाने का कोई औपचारिक प्रशिक्षण नहीं मिला था, और यह घटना अनजाने में हुई थी। अदालत ने कहा कि भले ही कर्मचारी संविदा पर हो, अगर उसे कदाचार के कारण हटाया जाता है और इससे उसके भविष्य पर प्रभाव पड़ता है, तो संविधान के अनुच्छेद 311 के तहत जांच प्रक्रिया जरूरी है। कोर्ट ने निगम द्वारा बिना साक्ष्य और सुनवाई के बर्खास्तगी को अवैध ठहराते हुए गंगा जोशी को सेवा में बहाल करने का आदेश दिया और उन्हें पिछले वर्षों का 50 प्रतिशत वेतन एरियर के रूप में देने का निर्देश दिया। हालांकि, कोर्ट ने निगम को यह अधिकार दिया कि वह उचित जांच प्रक्रिया के बाद नया आदेश पारित कर सकता है।

## शाह टाइम्स के प्रसार प्रभारी आसिम जमाल की वालिदा का इंतकाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** दैनिक शाह टाइम्स के कुमाऊं सर्कुलेशन इंचार्ज काठगोदाम नई बस्ती निवासी आसिम जमाल की वालिदा (मां) किशवरी परवीन का इंतकाल हो गया। वे 75 वर्ष की थीं। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गई हैं। सोमवार देर रात तबियत बिगड़ने पर परिवार के लोग उन्हें बेस अस्पताल लेकर पहुंचे। सुबह करीब 4 बजे किशवरी परवीन ने इलाज के दौरान आखिरी सांस ली। उनके निधन का समाचार मिलते ही शुभचिंतक उनके आवास पर पहुंचे और परिवार जनों को हिम्मत बंधाई। देर शाम शीशमहल स्थित कब्रिस्तान में उन्हें सुपुर्दे खाक किया गया। उनके इंतक. ाल से घर में गमगीन माहौल है।

# मेडिकल कॉलेज में कार्यशाला प्रारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राजकीय मेडिकल कालेज हल्द्वानी के मेडिकल एजुकेशन यूनिट की ओर से 13 से 15 जनवरी तक तीन दिवसीय बेसिक कोर्स इन मेडिकल एजुकेशन (बीसीएमई) कार्यशाला आयोजित की जा रही है। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागी चिकित्सकों को बेसिक कोर्स इन मेडिकल एजुकेशन की जानकारी देना है। कार्यशाला का शुभारंभ प्राचार्य डा. जीएस तितियाल व वरिष्ठ संकाय सदस्यों ने दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं कार्यशाला के निरीक्षण के लिए एनएमसी ने विभागाध्यक्ष बाल रोग विभाग हिमालयन इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज डा. संजय दास को कोआर्डिनेटर नियुक्त किया है। कार्यशाला में राजकीय मेडिकल



कॉलेज हल्द्वानी के 28 चिकित्सक प्रतिभाग कर रहे हैं। कार्यशाला में चिकित्सकों को पठन-पाठन के गुर सिखाने के लिए एमईयू कमेटी के सदस्यों कोऑर्डिनेटर डा. साधना अवस्थी, डा. रितु रखोलिया, डा. उमेश, डा. हरिशंकर पांडे, डा. रीना भारद्वाज, डा. परमजीत सिंह और डा. गणेश धर्मशक्तू को रिसोर्स फैकल्टी नामित किया है। प्राचार्य डा. तितियाल ने कहा कि समय-समय पर ऐसी कार्यशाला आयोजित होने से संकाय सदस्यों को नयी तकनीकी का ज्ञान होने के साथ-साथ उनके आत्मविश्वास में भी वृद्धि होती है। कार्यशाला में विभिन्न विभागों के पीजी छात्र-छात्राएं व संकाय सदस्य मौजूद रहे।

# आत्मदाह की चेतावनी देने वाले सभासद जगाती अधिकारियों से वार्ता कर माने

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर के अयारपाटा क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति बाधित होने की समस्या को लेकर सभासद मनोज साह जगाती की आत्मदाह की चेता. वनी के बाद जल संस्थान के अधिकारियों की नींद खुली। अधिकारियों ने सभासद जगाती से पुलिस की मौजूदगी में वार्ता की। दूसरी ओर सभासद जगाती ने चेता. वनी दी कि अगर 21 जनवरी तक समस्या का निस्तारण नहीं हुआ तो अन्य वार्डों के सभासद तथा जनता के साथ मिलकर आंदोलन करेंगे।

बता दें कि अयारपाटा वार्ड के पालि. का सभासद मनोज साह जगाती ने बीते तीन दिनों से उनके क्षेत्र में



पेयजल की आपूर्ति नहीं होने पर मंगलवार को आत्मदाह करने की चेतावनी दी थी।

उनकी ओर से सोशल मीडिया में भी इसको लेकर वीडियो प्रसारित किया था। जिसके बाद से ही खुफिया तंत्र व पुलिस उनकी तलाश में जुटी हुई थी। मंगलवार को पुलिस की मौजूदगी में जल संस्थान अधिका. रियों ने सभासद जगाती के साथ वार्ता की। इस दौरान सभासद मनोज साह जगाती के साथ ही अन्य सभासदों ने भी उनके क्षेत्र में पेयजल संकट होने की बातें बताई। मनोज जगाती ने आरोप लगाए कि चेतावनी देने के बाद मंगलवार को उनके पूरे क्षेत्र में पेयजल की आपूर्ति नहीं की गई, जिस पर जल संस्थान अवर अभियंता गजेंद्र सिंह ने बताया कि सुबह क्षेत्र में पानी आपूर्ति करने वाली मेन राइजिंग लाइन क्षतिग्रस्त हो गई है जिसको दुरुस्त करने का कार्य किया जा रहा है। शाम तक पानी की आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि बीते दिनों लाइट नहीं होने के कारण पंप नहीं चल सके थे जिससे पेयजल आपूर्ति में समस्या आयी है जिसे जल्द ठीक किया जा रहा है।

# 101 प्रतिभाओं को सम्मानित करने का का कार्यक्रम आज

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** आज होने वाले कार्यक्रम 'हमारे पूर्वज, हमारी विरासत' में भक्ति, राष्ट्रभाव, साहित्य, समाजस. ेवा और स्वास्थ्य जैसे अनेक आयाम एक ही मंच पर एकत्र होंगे। कार्यक्रम आयोजक अमित शर्मा ने प्रेसवार्ता में बताया कि वह अपने दादा पं. श्यामलाल शर्मा की पुण्यतिथि को स्मृति दिवस के रूप में मनाने जा रहे हैं।

बुधवार, 14 जनवरी को सुबह दस बजे से दोपहर दो बजे तक मानपुर रोड स्थित बाबा रिसॉर्ट में आयोजित इस कार्यक्रम में वर्ष 2026 के लिए एक सौ एक प्रतिभाओं के सम्मान समारोह का संकल्प भी लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को भक्तिमय बनाने के लिए भजन गायक शुभम तिलकधारी, साहित्यिक रंग भरने के लिए साहित्य दर्पण संस्था के विनय कटियार की सहभागिता रहेगी। श्री शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का मूल विषय 'हमारे पूर्वज, हमारी विरासत' रखा गया है, जो यह संदेश देता है कि आधुनिकता की दौड़ में अपनी परंपराओं और मूल्यों को नहीं भूलना चाहिए। कार्यक्रम में क्लीन एंड ग्रीन फाउंडेशन की ओर से नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें डॉ. यशपाल रावत अपनी टीम के साथ सेवाएं देंगे। उनके साथ स्त्री रोग विशेषज्ञ, फिजीशियन, डेंटल सर्जन, गाइनोलॉजिस्ट और चर्म रोग विशेषज्ञ एवं हेयर ट्रांसप्लांट विशेषज्ञ डॉ. अरुण कुमार भी मौजूद रहेंगे। इसके अतिरिक्त एक्यूप्रेशर के बारे में भी जानकारी दी जायेगी।

# नैनीताल रोड की पुलियाएं सुरक्षित नहीं

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैलीताल।** सड़क सुरक्षा के तहत कार्य होने के बाद भी नैनीताल-काठगोदाम रोड पर पुलियाओं और कई मोड़ों पर गायब व टूटे पैरापिट हादसों को दावत दे रहे हैं। पूर्व में भी पुलियाओं व अन्य स्थानों पर पैरापिट नहीं होने से कई सड़क हादसे हो चुके हैं जिनमें जाने भी कई हैं। बता दें कि नैनीताल-काठगोदाम रोड में बीते लंबे समय से चर्चाओं का विषय बना हुआ है। पहले सड़क में गड्ढों ने सफर करने वालों को परेशान किया था लेकिन नवंबर में राष्ट्रपति दौरे से पहले ही विभागों ने आनन फानन में सड़क के गड्ढों को भर सड़क को गड्ढा मुक्त बना दिया वहीं सड़क सुरक्षा के तहत पैरापिटों का भी निर्माण किया गया लेकिन सड़क में कई स्थानों पर दोबारा गड्ढे होने के



साथ काठगोदाम से नैनीताल तक पुलियाओं में बने पैरापिट टूटे हुए हैं, जिससे कभी भी दुर्घटनाएं होने की संभावना बनी हुई है। पहले भी पुलियाओं में पैरापिट नहीं होने से कई हादसे हो चुके हैं लेकिन विभाग इस पर कोई संज्ञान नहीं ले रहा है। नैनीताल-काठगोदाम रोड के सहायक अभियंता प्रमोद सुयाल के मुताबिक पूर्व में पुलियाओं में टूटे पैरापिटों की जगह नए पैरापिट बनवाए गए थे जो दोबारा टूट गए हैं। पैरापिट बनाने के लिए दोबारा स्टीमेट बनाकर भेजा गया है। बजट मिलते ही पुलियाओं में पैराफिटों का निर्माण कराया जाएगा।

# जंगलियागांव में राशन कार्ड का विशेष शिविर आयोजित

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के भीमताल विकास खंड के जंगलियागांव में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग की ओर से क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सुरेन्द्र सिंह बिष्ट ने राशन कार्ड संबंधी समस्याओं के निराकरण हेतु शिविर लगाया गया।

इस मौके पर न्याय पंचायत जंगलियागांव के विभिन्न ग्राम पंचायतों से ग्रामीणों द्वारा शिविर में पहुंचकर राशन कार्ड से संबंधित कार्य करवाए। इस मौके पर कुल 19 आवेदन प्राप्त हुए जिनका मौके पर ही निराकरण किया गया। अधिकतर राशन कार्ड में विवाह होने पर महिलाओं के नाम दर्ज करने और बच्चों के जन्म होने पर नाम दर्ज करने संबंधी आवेदन प्राप्त हुए जिनका मौके पर ही निस्तारण किया गया। इस मौके पर बिष्ट द्वारा शिविर में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और क्षेत्रीय जनता से अपील की कि सभी राशन कार्ड धारक अपने राशन कार्ड में दर्ज परिवार के सभी सदस्यों की अनिवार्य रूप से संबंधित उचित दर विक्रेता की दुकान में राशन कार्ड और आधार कार्ड ले जाकर 30 जनवरी शुक्रवार तक अनिवार्य रूप से ई-केवाईसी करवा लें। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक भीमताल राम सिंह कैड़ा, ब्लॉक प्रमुख डा. हरीश सिंह बिष्ट, दर्जा राज्य मंत्री शांति मेहरा, जिला पंचायत सदस्य विपिन जंतवाल, ग्राम प्रधान जंगलिया गांव राधा कुल्याल सहित कई जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# गुरुरानी ने यूकेडी का दामन थामा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** राज्य आंदोलनकारी दिनेश गुरुरानी ने मंगलवार को उत्तराखंड क्रांति दल के शीर्ष नेता काशी सिंह ऐरी की उपस्थिति में पौधारोपण अभियान के 546वें दिन पौधारोपण के साथ उत्तराखंड क्रांति दल की सदस्यता ली।



दिनेश गुरुरानी ने डीडीहाट विधानसभा क्षेत्र से विधायक की दावेदारी उत्तराखंड क्रांति दल के टिकट से केंद्रीय पदा. धिकारियों के समक्ष प्रस्तुत की। दिनेश गुरुरानी विगत 30 वर्षों से संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के अध्यक्ष रहे। जिला ट्रेड यूनियन के विगत 17 वर्षों से अध्यक्ष हैं। उत्तराखंड कर्मचारी शिक्षक संगठन, उत्तराखंड जनरल ओबीसी संगठन सहित विभिन्न संगठनों में नेतृत्व किया है, कुमाऊं मंडल विकास निगम में पर्यटक आवास गृह सहित साहसिक पर्यटन में प्रबंधक के पद पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं पर्यावरण के क्षेत्र में उनके द्वारा अब तक 5 लाख लोगों को हिमालय बचाओ अभियान के तहत शपथ दिलाई व 3 लाख से ज्यादा पौधों का रोपण किया गया। उनके द्वारा सबसे लंबी अवधि तक पौधारोपण करने का इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में नाम दर्ज है। दिनेश गुरुरानी को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पीएस धामी द्वारा पांच बार पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य करने पर सममानित किया जा चुका है। गुरुरानी ने कहा कि उन्होंने राज्य निर्माण की लड़ाई लड़ी अब राज्य को बचाने की लड़ाई अग्रिम पंक्ति में रहकर क्षेत्र की जनता को लेकर लड़ेंगे। गुरुरानी के उत्तराखंड क्रांति दल में शामिल होने पर दल के पदाधिकारियों ने बधाई दी है जिसमें दल के शीर्ष नेता चंद्रशेखर कापड़ी, निर्मल चौधरी, चंद्रशेखर पुनेरा, राम सिंह, गिरीश जोशी, गिरीश जोशी, मदन पोखरिया, रतन गिरी गोस्वामी, सुभाष जोशी, गोविंद रावत, महेश पाल, इंद्र सिंह खोलिया, शेर सिंह शाही, गो. विंद लाल शाह, कृपालु मेहरा तथा सुशील पांडे हैं।

# महिला के पेट से डॉक्टरों ने निकाला साढ़े चार किलो का ट्यूमर



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल में मंगलवार को तल्लीताल निवासी एक महिला के ट्यूमर का सफल ऑपरेशन किया गया और 4.5 किलोग्राम का ट्यूमर निकाला गया। बता दें जिला अस्पताल के वरिष्ठ सर्जन डा. वीके मिश्रा और डा. प्रशांत ओली ने मंगलवार को महिला का सफल ऑपरेशन किया।

महिला काफी समय से इस समस्या से परेशान थी जिसका ऑपरेशन कर उपचार किया गया। चिकित्सकों के मुताबिक वर्तमान में महिला की स्थिति स्थिर है। डा. मिश्रा ने बताया कि अस्पताल में वर्ष 2023 में भी ट्यूमर का एक सफल ऑपरेशन किया गया था जिसमें मरीज के पेट से 4 किलो का ट्यूमर निकाला गया था। ऑपरेशन के दौरान डा. द्रौपदी गर्बियाल, डा. यति उप्रेती, डा. कोमल जोशी, डा. वैष्णवी पांडे, ओटी इंचार्ज विमला व पूर्णिमा तथा सिस्टर नीति और ब्रदर नरेश मौजूद रहे।

# योग से तनाव कम करें: डा. संतोष

## नैनीताल के डीएसबी परिसर में कार्यशाला का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर में मंगलवार को स्वस्थ मान. सिक स्वास्थ्य मेंटल वेल बीइंग समिति द्वारा विद्यार्थियों का काउंस. लिंग सत्र हेतु कार्यशाला का विशेष आयोजन किया गया। इस मौके पर नोडल अधिकारी प्रो. लक्ष्मण सिंह लोधियाल ने कार्यक्रम रूपरेखा रखते हुए बताया कि विद्यार्थियों तथा शिक्षकों के साथ ही कर्मचारियों के बेहतर मानसिक स्वास्थ्य के लिए सुप्रीम कोर्ट के आदेश के क्रम में उत्तराखंड सरकार के आदेश अंतर्गत कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल द्वारा इसे गठित किया गया है। कार्यवाहक डीएसडबलू एवं वनस्पति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि



मस्तिष्क का स्वस्थ एवं सकारात्मक रहना जरूरी है। हर कार्य को आनंद के साथ करना चाहिए। कहा कि किताबें हमें ज्ञान देती है तो सामाजिक ज्ञान हमें अनुभव देता है। इस मौके पर डीएसबी परिसर की निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा ने कहा कि शरीर का स्वस्थ रहना बेहद जरूरी है जिससे हम स्वस्थ मस्तिष्क से विभिन्न कार्यों के साथ अपना व्यक्तित्व निर्माण कर सकते हैं। राजकीय बीडी पांडे जिला चिकित्सालय की डा. कांडपाल ने बताया कि कभी हिममत नहीं हारनी है। ऊर्जा का आदान प्रदान जरूरी है। डा. मंजू तिवारी ने कहा कि मस्तिष्क के सेल की ग्रोथ पर ध्यान देना जरूरी है। हम अपने नकारात्मक विचारों को नियंत्रित करे। डा. सुरेश पांडे ने सुप्रीम कोर्ट के उक्त निर्णय की जानकारी देते हुए गठन तथा उनके कार्य क्षेत्र पर जानकारी दी। डा. संतोष कुमार ने कहा कि विद्यार्थी कुछ समय खेलो के प्रति भी सुरक्षित करें तथा योग से तनाव कम करें। डा. सरोज शर्मा ने कहा कि बेहतर पुस्तकें ज्ञान के साथ समाज देते हैं। हर कार्य के लिए मोबाइल पर निर्भर न रहे। सहायक कुलसचिव फर्स्वाण ने शासन में होने वाली बैठक का जिक्र किए तथा प्रस्ताव पर चर्चा की। कार्यशाला में विद्यार्थी ने भी अपने विचार रखे। कार्यशाला समय समय पर आयोजित होगी। कार्यशाला में डा. दिव्या पांगती, डा. चेतना मेहरा सहित छात्रावासों के विद्यार्थी एआइटेप के विद्यार्थी उपस्थित रहे। संचालन प्रो. ललित तिवारी ने किया।

# जमीयत ने बांटी रज़ाइयां




**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर में सुबह व शाम के समय पड़ रही कड़ाके की ठंड को देखते हुए जमीयत उलेमा-ए-हिन्द की नैनीताल शाखा की ओर से जामा मस्जिद में जरूरतमंदों को रजाइयां वितरित की गई ताकि ठंड के मौसम में असहाय लोगों को ठंड से राहत मिल सके। जमीयत के अध्यक्ष मुफ्ती अजमल कासमी ने बताया कि कमेटी द्वारा देश भर में विभिन्न सामाजिक कार्य किए जाते है जिसमें गरीब तबके के लोगों को राहत सामग्री देने के साथ ही बेटियों की शादी बयाह के लिए मदद की जाती है। इसी कड़ी में मंगलवार को नैनीताल इकाई द्वारा 40 निर्धन लोगों को रजाईयां वितरित की गई है। उन्होंने कहा युवाओं में बढ़ती नशे की लत को देखते हुए कमेटी द्वारा घर घर जाकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है ताकि युवाओं को नशे की गिरफ्त में आने से बचाया जा सके। इस मौके पर सचिव फैजान उल हक, शहर इमाम जामा मस्जिद नैनीताल रईस खान समेत नासिर खान, कलीम भाई, दानिश भाई, शमीम अहमद, अबरार खान, किशन सिंह नेगी तथा राजेश वर्मा व भारती कैड़ा आदि मौजूद थे।

# भारत की नजरें कीवियों से सीरीज जीतने पर



● न्यूजीलैंड के खिलाफ आज होने वाले दूसरे वनडे में सीरीज जीतने के लक्ष्य के साथ उतरेगी भारतीय टीम

**राजकोट, वार्ता।** भारत न्यूजीलैंड के खिलाफ बुधवार को होने वाले दूसरे वनडे में सीरीज जीतने के लक्ष्य के साथ उतरेगा। बस ऐसे ही, न्यूजीलैंड की नौ मैचों की जीत का सिलसिला रुक गया है। हालात का असर ऐसा था कि यह पसंदीदा नतीजा था, भले ही उनके विरोधी, भारत, अपने पिछले छह मैचों में 3-3 पर थे। हालांकि, न्यूजीलैंड इस बात से हौसला ले सकता है कि टॉस हारने के बावजूद उन्होंने भारत को मैच के 99वें ओवर तक खींच लिया। उन्हें लगेगा कि अगर वे ऐसा ही कर सकते हैं और कहीं से 20 और रन बना लेते हैं तो वे अपनी अनुभवहीन टीम के साथ भी पूरी ताकत वाली भारतीय टीम को चौंका सकते हैं। दूसरी ओर, भारत को पता होगा कि वे बल्ले से अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन न करने के बावजूद जीत गए। उन्होंने न्यूजीलैंड को 300 रन पर रोकने के लिए काफी हद तक अच्छी गें. दबाजी की, लेकिन विराट कोहली के आउट होने के बाद की मुश्किल से खुश नहीं होंगे।

उन्हें चुपचाप विश्वास होगा कि अगर वे अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के करीब पहुंच सकते हैं तो वे सीरीज जीत सकते हैं, भले ही वे टॉस हार जाएं और फिर आखिरी वनडे में प्रयोग करने की उम्मीद करें। टॉस की बात करें तो इस नए राजकोट स्टेडियम में चार वनडे का छोटा सा सैंपल साइज है, लेकिन अभी तक किसी भी टीम ने वहां सफलतापूर्वक पीछा नहीं किया है। हालांकि, फॉर्मूला वही रहा है। अगर आप पहले बल्लेबाजी कर रहे हैं तो विरोधी टीम को 350 रन के अंदर ढेर कर दें। कोहली और डेरिल मिशेल इस समय अपनी-अपनी टीमों के सर्वश्रेष्ठ और फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज हैं। वे दोनों पहले वनडे में शतक के करीब पहुंच गए थे। हालांकि, कोहली पर टीम का बोझ कम है, जिसकी वजह से वह अपने करियर के आखिरी दौर में खुलकर खेल रहे हैं। न्यूजीलैंड को मुकाबले में बने रहने के लिए मिशेल को और ज्यादा मेहनत करनी होगी।

घायल वाशिंगटन सुंदर की जगह टीम में आयुष बडोनी को शामिल किया गया है, जिसका मुख्य कारण हाल के दिनों में उनकी पार्ट-टाइम गेंदबाजी में मिली सफलता है।

हालांकि, नीतीश कुमार रेड्डी पहले से ही टीम में हैं। हालात तय करेंगे कि बडोनी को डेब्यू का मौका मिलेगा या नहीं। साथ ही अर्शदीप सिंह प्रसिद्ध कृष्णा की जगह ले सकते हैं।

**भारत (संभावित):** शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, 3 विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), नीतीश कुमार रेड्डी/आयुष बडोनी, रवींद्र जडेजा, हर्षित राणा, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद सिराज

न्यूजीलैंड (संभावित): डेवोन कॉनवे, हेनरी निकोल्स, विल यंग, डेरिल मिशेल, मिशेल हे (विकेटकीपर), ग्लेन फिलिप्स, माइकल ब्रेसवेल (कप्तान), क्रिश्चियन क्लार्क, काइल जैमीसन, जैक फाउल्क्स, आदित्य अशोक/जेडेन लेनोक्स

वडोदरा की तरह राजकोट में भी मौसम सुहावना है। वडोदरा में इतनी ओस नहीं थी कि गेंद पकड़ने में मुश्किल हो, लेकिन ठंडे तापमान में पिच थोड़ी तेज हो गई थी। अगर आप पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पारी को अधिकतम करते हैं, तो राजकोट में टॉस इतना बड़ा फैक्टर नहीं होना चाहिए क्योंकि टीमें अब मध्यम मात्रा में ओस से निपटने की आदी हो गई हैं।

# बांग्लादेश से अपने रुख पर फिर से विचार करे: आईसीसी




यह घटनाक्रम कल दोपहर में बीसीबी और आईसीसी के बीच हुई एक वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान हुआ

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने मंगलवार को घोषणा की कि अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने उनसे आगामी टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में उनकी भागीदारी पर अपने रुख पर फिर से विचार करने का अनुरोध किया है।

यह घटनाक्रम दोपहर में बीसीबी और आईसीसी के बीच हुई एक वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान हुआ। बांग्लादेश की भागीदारी पर सवाल बना हुआ है क्योंकि बीसीबी ने आईसीसी से सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए अपने वेन्यू को भारत से सह-मेजबान श्रीलंका में स्थानांतरित करने के लिए कहा था, जब बीसीसीआई ने दोनों देशों के बीच मौजूदा राजनीतिक तनाव के कारण आईपीएल फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स को मुस्तफिजुर रहमान को अपनी टीम से रिलीज करने का निर्देश दिया था।

वीडियो कॉन्फ्रेंस में बीसीबी का प्रतिनिधित्व उसके अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम, उपाध्यक्ष शकावत हुसैन और फारूक अहमद के साथ-साथ निदेशक और क्रिकेट संचालन समिति के अध्यक्ष नजमुल आबेदीन और सीईओ निजाम उद्दीन चौधरी ने किया। बीसीबी ने एक बयान में कहा कि चर्चाओं के दौरान, बीसीबी ने सुरक्षा चिताओं का हवाला देते हुए भारत न जाने के फैसले के संबंध में अपनी स्थिति की पुष्टि की। बोर्ड ने आईसीसी से बांग्लादेश के मैचों को भारत के बाहर स्थानांतरित करने पर विचार करने का भी अनुरोध दोहराया। इसमें कहा गया है कि जबकि आईसीसी ने इस बात पर जोर दिया कि टूर्नामेंट का कार्यक्रम पहले ही घोषित किया जा चुका है और बीसीबी से अपने रुख पर फिर से विचार करने का अनुरोध किया है, बोर्ड की स्थिति अपरिवर्तित है। दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हुए कि संभावित समाधान खोजने के लिए चर्चा जारी रहेगी।

खेल विशेष

## बल्लेबाजी क्रम में बदलाव का फैसला काम नहीं आया: नायर

**नवी मुंबई।** यूपी वॉरियर्ज (यूपीडब्ल्यू) के कोच अभिषेक नायर ने बल्लेबाजी क्रम में बदलाव को विपक्षी टीम के आधार पर बनाई गई रणनीति बताया और माना कि हरलीन देओल को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) के खिलाफ ओपनिग कराने का फैसला ग़लत था। उन्होंने इस फैसले की पूरी जिम्मेदारी खुद पर ली। इस मैच में किरण नवगिरे को नंबर-4 पर बल्लेबाजी के लिए भेजा गया, जबकि उन्होंने पहले मैच में ओप. निग की थी। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में नायर ने सोमवार को कहा कि हमें लगा कि उस वक़्त स्विंग करती हुई गेंद के साथ हरलीन पावरप्ले में कुछ वैल्यू जोड़ सकती हैं। इस मैच में यूपीडब्ल्यू, डब्ल्यूपीएल 2026 में अपना लगातार दूसरा मैच हार गई। नायर ने कहा कि हरलीन तकनीकी तौर पर बहुत मजबूत है, लेकिन आज यह रणनीति काम नहीं की और यह एक ग़लत फैसला साबित हुआ। मैं इसकी पूरी जिम्मेदारी लेता हूं। लेकिन इसके पीछे सोच यह थी कि टीम को ऊपर कुछ मजबूती मिले और जैसे-जैसे पिच बेहतर हो, तो बाद में हमें नवगिरे का पावर भी मिले। हमने शुरुआत में थोड़ी स्विग की उम्मीद की थी। मुझे लगा कि मध्य क्रम में किरण नवगिरे के लिए ए मैच-अप काम करेगा। आज काम नहीं किया। इसलिए मैं थोड़ा सा नासमझ भी लग सकता हूं। जीटी के खिलाफ यूपीडब्ल्यू के पहले मैच में नवगिरे चार गेंद पर एक रन बनाकर आउट हुई थीं, जबकि देओल दो गेंद पर बिना खाता खोले पवेलियन में थीं। हालांकि फीबी की 78 और निचले क्रम की उपयोगी पारियों ने यूपीडब्ल्यू को 200 के ऊपर के लक्ष्य से काफी क़रीब पहुंचा दिया था और टीम सिर्फ दस रन से हारी थी। इन्हीं उपयोगी पारियों में से एक पारी श्वेता की भी थी, जिन्होंने 17 गेंद पर 25 रन बनाए।

# प्रभसिमरन, गेंदबाजों ने पंजाब को सेमीफाइनल में पहुंचाया


**बेंगलुरु, वार्ता।** कप्तान प्रभसिमरन सिंह की 88 रन की शानदार पारी और गेंदबाजों के सधे प्रदर्शन से पंजाब ने मध्य प्रदेश को मंगलवार को 183 रन के बड़े अंतर से हराकर विजय हजारे ट्रॉफी के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया।



पंजाब ने 50 ओवर में छह विकेट पर 345 रन का विशाल स्कोर बनाने के बाद मध्य प्रदेश को 31-2 ओवर में 162 रन पर निपटा दिया। प्रभसिमरन को उनकी शानदार पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। प्रभसिमरन ने 86 गेंदों पर 88 रन की पारी में 10 चौके और दो छक्के लगाए। हरनूर सिंह ने 51 और अनमोलप्रीत सिंह ने 70 रन का योगदान दिया। नेहाल वढेरा ने 38 गेंदों में आठ चौकों और एक छक्के की मदद से तूफानी 56 रन बनाए। मध्य प्रदेश की तरफ से त्रिपुरेश सिंह और वेंकटेश अय्यर ने दो-दो विकेट लिए। मध्य प्रदेश की तरफ से रजत पाटीदार ने सर्वाधिक 38 और त्रिपुरेश सिंह ने 31 रन बनाए। पंजाब की तरफ से सनवीर सिंह ने तीन और गुरनूर बरार, कृष भगत तथा रमनदीप सिंह ने दो-दो विकेट लिए।

# नॉर्वे शतरंज 2026 से ओस्लो में शिफ्ट होगा

**ओस्लो, वार्ता।** दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित शतरंज टूर्नामेंट में से एक, नॉर्वे शतरंज, 2026 से एक नए दौर में प्रवेश करेगा, क्योंकि यह इवेंट 13 साल बाद स्टावेंजर से ओस्लो में शिफ्ट हो रहा है, जैसा कि नॉर्वे शतरंज द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया है।



● टूर्नामेंट, नॉर्वे शतरंज महिला के साथ 25 मई से 5 जून तक आयोजित किया जाएगा

यह टूर्नामेंट, नॉर्वे शतरंज महिला के साथ, 25 मई से 5 जून तक नॉर्वे की राजधानी में डाइकमैन ब्योर्विका में आयोजित किया जाएगा। 2013 में अपनी शुरुआत के बाद से, स्टावेंजर नॉर्वे शतरंज का स्थाई घर रहा है, जिसने इसे अंतर्राष्ट्रीय शतरंज कैलेंडर पर एक प्रमुख स्थान बनाने में मदद की है। आयोजकों ने टूर्नामेंट की पहचान को आकार देने में शहर की भूमिका को स्वीकार किया, विशेष रूप से नॉर्वे शतरंज महिला के लॉन्च का समर्थन करने में, जो समान पुरस्कार राशि और खेलने की स्थिति प्रदान करता है। नॉर्वे शतरंज के संस्थापक और सीईओ केजेल मैडलैंड ने कहा कि नॉर्वे शतरंज आज जो इवेंट है, वह स्टावेंजर में हमें मिले क्रॉस-पार्टी राजनीतिक समर्थन और उदार स्वागत के बिना संभव नहीं होता। हम स्टावेंजर शहर को तहे दिल से धन्यवाद देना चाहते हैं, जो हर कदम पर हमारे साथ खड़ा रहा, खासकर नॉर्वे शतरंज महिला के विकास में, जो समान पुरस्कार शर्तों वाला एक अग्रणी महिला टूर्नामेंट है। हम अपने स्थानीय प्रायोजकों और अविश्वसनीय स्वयंसेवकों को भी धन्यवाद देना चाहते हैं। आप सभी ने मिलकर नॉर्वेजियन खेल इतिहास का एक अध्याय लिखा है। नॉर्वे शतरंज के सीओओ बेनेडिक्टे वेस्ट्रे स्कोगा कि हम देश की राजधानी में नॉर्वे शतरंज स्थापित करने में बड़े अवसर देखते हैं। ओस्लो एक अंतर्राष्ट्रीय मिलन स्थल है और यह हमें दर्शकों, भागीदारों और शतरंज के प्रति उत्साही नई पीढ़ियों के बीच और भी व्यापक दर्शकों तक पहुंचने का एक अनूठा अवसर देता है। ओस्लो के ऐतिहासिक सार्वजनिक स्थानों में से एक, डाइकमैन ब्योर्विका, पुरुषों और महिलाओं दोनों के आयोजनों के लिए मुख्य स्थल के रूप में काम करेगा। पुस्तकालय के प्रबंधन ने इस फैसले का स्वागत किया, और एक सांस्कृतिक स्थल के रूप में अपनी भूमिका पर प्रकाश डाला जो विविध गतिविधियों और दर्शकों को एक साथ लाता है।

विश्व नंबर 1 मैग्नस कार्लसन ने 2026 संस्करण में अपनी भागीदारी की पुष्टि की है, और उस टूर्नामेंट के साथ अपना जुड़ाव जारी रखा है।

# जोकोविच ने राओनिक के रिटायरमेंट पर दी भावुक प्रतिक्रिया



● नोवाक जोकोविच ने राओनिक को उनके यादगार करियर के लिए बधाई दी

**मेलबर्न, वार्ता।** मिलोस राओ. निक ने रविवार को सोशल मीडिया के जरिए प्रोफेशनल टेनिस से रिटायरमेंट की घोषणा की।

इस खबर के बाद, नोवाक जो. कोविच ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक दिल को छू लेने वाला मैसेज शेयर किया, जिसमें उन्होंने राओनिक को उनके यादगार करियर के लिए बधाई दी। जोको. विच ने लिखा कि एक शानदार करियर के लिए बधाई। फेलिक्स ऑगर-एलियासिम, जिन्होंने 2024 पेरिस ओलंपिक में डबल्स में राओनिकके साथ पार्टनरशिप की थी, उन्होंने भी इंस्टाग्राम पर एक मैसेज शेयर किया। उन्होंने लिखा कि अब तक के सबसे महान कनाडाई। आपने कनाडाई टेनिस में जो कुछ भी योगदान दिया, उसके लिए धन्यवाद और व्यक्तिगत तौर पर इतने सालों तक एक शानदार उदाहरण और मेंटर बनने के लिए धन्यवाद। बियांका एंड्रीस्कू, स्टीव नैश, जोस बॉतिस्ता, वेरा वैंग, जॉन इस्नर और जजिू बर्ग्स उन सितारों में से थे जिन्होंने इंस्टाग्राम पर राओनिक की रिटायरमेंट पोस्ट पर कमेंट्स में अपने मैसेज शेयर किए। एंड्रीस्कू ने कमेंट किया कि कनाडाई लेजेंड।

# विंडीज ने अफगानिस्तार सीरीज के लिए घोषित की टी-20 टीम



● वेस्टइंडीज ने अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 सीरीज, 19 से 22 जनवरी तक दुबई में खेली जाएगी

**नई दिल्ली, वार्ता।** क्वेंटिन सैम्पसन को पहली बार अंतर्राष्ट्रीय टीम में जगह मिली है, वेस्टइंडीज ने अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 सीरीज के लिए 16 सदस्ईय टीम की घोषणा की है, जो 19 से 22 जनवरी तक दुबई में खेली जाएगी। नियमित कप्तान शाई होप की गैरमौजूदगी में ब्रैंडन किंग टीम की कप्तानी करेंगे, जो अपने एस ए 20 कमिटमेंट्स के कारण उपलब्ध नहीं हैं। होप उन चार खिलाड़ियों में से एक हैं जो इस कारण से सीरीज से बाहर हैं, उनके साथ रोस्टन चेज, अकील हुसैन और शेरफेन रदरफोर्ड भी हैं। 25 वर्षीय गयाना अमेजन वॉरियर्स के बल्लेबाज सैम्पसन कैरेबियन प्रीमियर लीग 2025 के बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक थे, उन्होंने नौ मैचों में 151-57 के स्ट्राइक रेट से 241 रन बनाए थे। शमर जोसेफ और एविन लुईस भी टीम में वापस आ गए हैं, पिछली सीरीज में लगी चोटों से उबरने के बाद उन्हें खेलने की मंजूरी मिल गई है। अल्जारी जोसेफ, जो पीठ के निचले हिस्से में चोट के कारण भारत में टेस्ट सीरीज से बाहर थे, उन्हें रिहैबिलिटेशन में प्रगति के बावजूद टीम में शामिल नहीं किया गया है। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने कहा कि यह फैसला मेडिकल जांच के बाद एहतियात के तौर पर लिया गया है, तेज गेंदबाज को टी-20 विश्व कप के लिए संभावित चयन से पहले निगरानी में रखा जाएगा। वर्कलोड मैनेजमेंट के तहत रोवमैन पॉवेल को जेसन होल्डर और रोमारियो शेफर्ड के साथ सीरीज से आराम दिया गया है। मुख्य कोच डैरेन सैमी ने कहा कि अफगानिस्तान सीरीज भारत और श्रीलंका में होने वाले टी-20 विश्व कप की तैयारियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# भारत के खिलाफ सीरीज के बाद संन्यास लेंगे हीली

ऐलिसा हीली को 2023 के अंत तक में मेग लेनिग की जगह टीम की कमान दी थी

अब वह भारत के खिलाफ टी-20 सीरीज नहीं खेलगी, डे नाइट टेस्ट के साथ करियर का अंत करेंगी



**मेलबर्न, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया की कप्तान और आठ विश्व कप खिताब जीतने वाली दुनिया की सबसे सफल खिलाड़ियों में से एक एलिसा हीली, फरवरी-मार्च 2026 में भारत के खिलाफ होने वाली मल्टी-फॉर्मेट घरेलू सीरीज के बाद क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास ले लेंगी।

हीली को 2023 के अंत में मेग लेनिग की जगह ऑस्ट्रेलिया का पूर्णकालिक कप्तान बनाया गया था। वह भारत के खिलाफ टी-20 सीरीज नहीं खेलेंगी, लेकिन वनडे और फिर 6-9 मार्च को वाका में होने वाले डे-नाइट टेस्ट के साथ अपने करियर का अंत करेंगी। हीली ने विलो टॉक पॉडकास्ट पर कहा कि यह निर्णय काफी समय से मेरे जेहन में था। पिछले कुछ साल मानसिक रूप से बहुत ज्यादा मुश्किल रहे। कुछ चोटें भी रहीं। मुझे हर बार अपने भीतर जाकर ऊर्जा ढूंढनी पड़ती थी और वापस लौटना मुश्किल हो रहा था। उन्होंने कहा कि मैं हमेशा जीतना चाहती हूं, मैदान पर खुद को चुनौती देना चाहती हूं। लेकिन जैसे-जैसे उम्र बढ़ी है, वह धार कुछ कम हुई है। पूरी नहीं गई है, लेकिन थोड़ी कम हुई है। पिछला डब्ल्यूपीएल मेरे लिए एक तरह से अलर्ट था। तब मैं सुबह उठकर सोचती थी, 'आज एक और मैच' खेलना है। यह बात मुझे हैरान कर गई, क्योंकि मैं हमेशा सोचा करती थी कि मुझे यह खेल बहुत पसंद है। हालांकि संन्यास का विचार उनके मन में आने लगा था, लेकिन घोषणा कुछ देर से हुई। यह भी तय हो गया कि वह 2026 में इंग्लैंड में होने वाले महिला टी-20 विश्व कप तक नहीं खेलेंगी। हीली ने कहा कि उस टूर्नामेंट तक खिचते रहना ष्टीम-साथियों के साथ ठीक नहीं होता। हीली ने कहा कि भारत के खिलाफ यह सीरीज हमारे कैलेंडर की सबसे बड़ी सीरीज में से एक है। घर पर टीम की कप्तानी करते हुए टीम-साथियों और परिवार के बीच करियर समाप्त करना मेरे लिए बहुत खास होगा। भारत में विश्व कप में समाप्त करना भी अच्छा होता, लेकिन घर पर खत्म करना बहुत खास होता है। उन्होंने कहा कि जदिगी सिर्फ क्रिकेट नहीं है, इससे बहुत आगे भी है। मैं इसी नजरिए की वजह से खुद को भाग्यशाली मानती हूं। संन्यास लेना डरावना हो सकता है, लेकिन मैं भविष्य के लिए उत्साहित हूं। मार्च के बाद की जदिगी भी उतनी ही रोमांचक होगी। हीली ने ऑस्ट्रेलिया के लिए फरवरी 2010 में 19 साल की उम्र में डेब्यू किया था और उन्होंने वनडे में 3500 से अधिक रन बनाए हैं। टी-20 में वह 3054 रन के साथ करियर समाप्त करेंगी, जिसमें नाबाद 148 उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। यह पूर्णकालिक देशों में सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर है। वह ऑस्ट्रेलिया के लिए दूसरी सबसे ज्यादा टी-20 खेलने वाली खिलाड़ी हैं और विकेट के पीछे से सबसे ज्यादा टी-20 शिकार का विश्व रिकॉर्ड भी उनके नाम है। उन्होंने 2010, 2012, 2014, 2018, 2020 और 2023 में महिला टी-20, जबकि 2013 और 2022 में वनडे विश्व कप जीता। वह 2018 और 2019 में आईसीसी की टी-20 क्रिकेटर ऑफ द ईयर भी रहीं। हीली भारत सीरीज की तैयारी के लिए आने वाले हफ्तों में न्यू साउथ वेल्स के लिए डब्ल्यूएनसीएल खेलेंगी, लेकिन डब्ल्यूबीबीएल में सिडनी सिक्सर्स के लिए उनका आखिरी मैच भी हो चुका है।

# टोबी रैडफोर्ड अफगानिस्तान के बैटिंग कोच नियुक्त



**काबुल, वार्ता।** अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने मंगलवार को घोषणा की कि उन्होंने टोबी रैडफोर्ड को राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के लिए बैटिंग कोच नियुक्त किया है। रैडफोर्ड बैटिग कोच के तौर पर एंड्रयू पुटिक की जगह लेंगे और उम्मीद है कि वह वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी तीन मैचों की टी 20 सीरीज से पहले टीम में शामिल होंगे। एसीबी ने रॉबर्ट को नया स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिग ट्रेनर भी नियुक्त किया है और वह भी भारत व श्रीलंका में होने वाले आगामी टी-20 विश्व कप से पहले टीम की आखिरी टी-20 सीरीज से पूर्व टीम में शामिल होंगे। दोनों को एक साल की अवधि के लिए नियुक्त किया गया है। अफगानिस्तान वेस्टइंडीज के साथ तीन मैचों की टी-20 सीरीज खेलेगा, जिसके मैच 19, 21 और 22 जनवरी को दुबई में होने हैं। रैडफोर्ड एक जाने-माने वेल्श क्रिकेट कोच और पूर्व फर्स्ट-क्लास क्रिकेटर हैं, जिन्होंने मिडलसेक्स और ससेक्स के लिए खेला है और उन्हें ईसीबी लेवल 4 सर्टिफाइड कोच के तौर पर अपनी विशेषज्ञता के लिए व्यापक रूप से पहचाना जाता है और वह इस भूमिका में एक व्यापक कोचिग पोर्टफोलियो लेकर आए हैं। रैडफोर्ड, जो वर्तमान में ढाका कैपिटल्स के मुख्य कोच के रूप में काम कर रहे हैं, ने पीसीबी के हाई परफॉर्मेंस सेंटर (2022-2024) के लिए बैटिग कोच के रूप में काम किया और इससे पहले बीसीबी (2020-2022) के लिए हाई परफॉर्मेंस के प्रमुख के रूप में काम किया।

# सफलता, धैर्य और वर्षो के अनदेखे प्रयास पर बनती है: अमन

**मुंबई, वार्ता।** मुंबई में परंपरा और आधुनिक खेल महत्वाकांक्षा का एक शक्तिशाली संगम देखने को मिला, जब ओलंपिक कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत ने 12 जनवरी को शहर भर में एक दिवसीय युवा और अखाड़ा कनेक्ट दौरे का समापन किया।

इवेंट के बाद अब सारा ध्यान प्रो रेसलिंग लीग पर है, जो 16 जनवरी से शुरू होने वाली है, जिसमें एस्पेक्ट ग्लोबल वेंचर्स की स्पोर्ट्स शाखा एस्पेक्ट स्पोर्ट्स के स्वामित्व वाली और एपीसीओ इंफ्राटेक के साथ साझेदारी में टाइगर्स ऑफ मुंबई दंगल (टीओएमडी) अपना बहुप्रतीक्षित डेब्यू करेगी। पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों के पदक विजेता, सहरावत ने मुंबई भर के कॉलेज छात्रों और जमीनी स्तर के पहलवानों के साथ बातचीत की, और पारंपरिक अखाड़ा प्रशिक्षण से लेकर दुनिया के सबसे बड़े खेल मंच तक की अपनी यात्रा साझा की। मुंबई में सुबह-सुबह ट्रेनिग सेशन के साथ अपने दिन की शुरुआत करते हुए, सहरावत ने बाद में बांद्रा में एक कॉलेज मीट-एंड-ग्रीट के दौरान छात्रों के साथ बातचीत की, जहां उन्होंने युवा एथलीटों और खेल प्रेमियों को संबोधित किया, और इस विचार को मजबूत किया कि कुलीन सफलता अनुशासन, धैर्य और वर्षों के अनदेखे प्रयास पर बनती है। एस्पेक्ट ग्लोबल वेंचर्स की कार्यकारी अध्यक्ष और टाइगर्स ऑफ मुंबई दंगल की मालिक, अक्ष कंबोज ने कहा कि एक नई फ्रेंचाइजी के तौर पर, हमारे लिए सही संदेश के साथ शुरुआत करना महत्वपूर्ण था। अमन उस चीज का प्रतीक हैं जिसके लिए हम टीओएमडी को खड़ा करना चाहते हैं, जो कि जमीनी स्तर की ताकत, अनुशासन और प्रक्रिया में विश्वास है। यह दौरा सिर्फ प्रो रेसलिंग लीग में हमारे आगमन की घोषणा करने के बारे में नहीं था, यह यह दिखाने के बारे में था कि हम किस तरह की टीम बना रहे हैं। इस दौरे के सबसे यादगार पलों में से एक सहरावत का माटुंगा अखाड़े का दौरा था, जहां उन्होंने प्रशिक्षण मुकाबलों को देखा, युवा पहलवानों के साथ करीब से बात. चीत की, और उस प्रशिक्षण माहौल में कदम रखा जो भारतीय कुश्ती की जमीनी संस्कृति को परिभाषित करता है। एक ओलंपिक पदक विजेता की उसी मिट्टी पर खड़े होने की तस्वीर, जहां भविष्य के पहलवान प्रशिक्षण लेते हैं, ने खेल की भावना और टाइगर्स ऑफ मुंबई दंगल जिस लोकाचार का निर्माण कर रहे हैं, उसे दर्शाया। टाइगर्स इस सीजन में एक नई फेंचाइजी के रूप में स्पष्ट इरादे के साथ प्रो रेसलिग लीग में प्रवेश कर रहे हैं, उन्होंने 2026 की नीलामी में सहरावत को 51 लाख रुपये में हासिल किया है, जिससे वह लीग में सबसे अधिक भुगतान पाने वाले भारतीय पहलवानों में से एक बन गए हैं और टीम के डेब्यू अभियान की आधारशिला हैं। सहरावत कहा कि प्रो रेसलिंग लीग के पहले सीजन में टाइगर्स ऑफ मुंबई दंगल को रिप्रेजेंट करना रोमांचक है, और मैं चाहता हूं कि युवा पहलवान यह विश्वास करें कि उनका रोजाना का संघर्ष मायने रखता है। प्रो रेसलिंग लीग 16 जनवरी को शुरू होने वाली है, और सहरावत के मुंबई टूर ने टीओएमडी के पहले सीजन के लिए मंच तैयार करने में मदद की है, जिससे शुरुआती चर्चा हुई है और फेंचाइजी को एक ऐसी फ्रेंचाइजी के रूप में रेखांकित किया गया है जो परंपरा में निहित है, फिर भी प्रतिस्पर्धी उत्कृष्टता पर दृढ़ता से केंद्रित है।



● अमन सहरावत ने 12 जनवरी को शहर भर में एकदिवसीय युवा और अखाड़ा कनेक्ट दौरे का समापन किया

# बोनस-पॉइंट जीत से प्रिटोरिया कैपिटल्स टॉप पर

**सेंचुरियन, वार्ता।** प्रिटोरिया कैपिटल्स एमआई केप टाउन पर 53 रन की बोनस-पॉइंट जीत के बाद पॉइंट्स टेबल में टॉप पर पहुंच गई, यह उनकी लगातार तीसरी जीत थी। इस हार से एमआई सीटी पॉइंट्स टेबल में सबसे नीचे आ गई और प्लेऑफ में पहुंचने की सभी उम्मीदें खत्म हो गईं। पहले बल्लेबाजी करने उतरी कैपिटल्स ने अच्छी शुरुआत के बावजूद पावरप्ले में सिर्फ 41 रन बनाए।

कॉनर एस्टरहुइजन ने ट्रेंट बोल्ट के दूसरे ओवर में तीन चौके लगाकर शुरुआत की, जबकि शाई होप ने तीसरे ओवर में लिडे की गेंद पर छक्का लगाया। हालांकि, बाएं हाथ के स्पिनर ने तुरंत वापसी करते हुए अगली ही गेंद पर होप को आउट कर दिया। एस्टरहुइजन अपनी शुरुआत का फायदा नहीं उठा पाए और पांचवें ओवर में कगिसो रबाडा की गेंद पर बोल्ड हो गए।

### कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रीतम सिंह ने सरकार पर लगाये गंभीर आरोप

# किसान, मजदूर के खिलाफ काम कर रही सरकार : प्रीतम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** क्षेत्र के बसेड़ी खादर में चौधरी अजब सिंह की बैठक पर पहुंचकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रीतम सिंह ने प्रेस वार्ता करते हुए सरकार पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मौजूदा विधायक प्रीतम सिंह कांग्रेस नेता ने कहा कि जिस तरह से सरकार किसानों मजदूरों व्यापारियों नौजवानों के खिलाफ बर्ताव कर रही है यह उसे आने वाले चुनाव में भुगतना पड़ेगा।

उन्होंने कहा 2022 में अंकिता भंडारी मामले को लेकर भी हमने सीबीआई की जांच मां की थी तब सरकार चुप रही उन्होंने अब भाजपा की नेतृत्व द्वारा जो बीजेपी वालों पर ही आरोप लगाए गए हैं उससे अब मुख्यमंत्री ने सीबीआई जांच के आदेश दिए हैं उन्होंने यह



भी कहा कि यह जो सीबीआई की जांच है यह सुप्रीम कोर्ट के वर्तमान न्यायाधीश की देखरेख में होनी चाहिए उन्होंने मनरेगा का नाम बदलकर इस योजना को पूरी तरह खत्म करना चाह रही है उन्होंने कहा कि अगर यह योजना खत्म हो जाएगी तो गरीब आदमी जो अपना 100 दिन का रोजगार पा रहे थे उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो जाएगा उन्होंने कहा कि पहले 10% राज्य सरकार और 90% केंद्र सरकार देती थी अब केंद्र सरकार को इन्होंने खाली कर दिया है और 60% व 40% का रेशो कर दिया है राज्य सरकार के पास इतना पैसा नहीं है जो इस बोज को उठा सके कुछ दिनों के बाद यह योजना पूरी तरह से बंद कर दी जाएगी जो बिल्कुल गलत है और गरीब आदमियों के ऊपर कुठारा घात है उन्होंने कहा सरकार नेता नहीं बनाते सरकार जनता बनती है और जनता इस बार भाजपा सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतर चुकी है जो आने वाले चुनाव में देखने को मिलेगा आज की प्रेस वार्ता में जो मुख्य रूप से शामिल रहे उन में पूर्व विधायक तस्लीम अहमद बाबू हुकम सिंह जयपाल सिंह अध्यक्ष संदीप बसेड़ी संजय पालीवाल धर्मपाल सिंह जगबीर प्रधान मदन पाल रियासत अली ताहिर हसन अध्यक्ष जगदेव सिंह उर्फ जग्गी चौधरी सतबीर सिंह आदि दर्जनों कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एचआरडीए ने 25 बीघा में अवैध रूप से काटी जा रही प्लॉटिंग ध्वस्त की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** रुड़की क्षेत्र के मुंडलाना रोड पर मुस्तकीम की ओर से 25 से 26 बीघा भूमि में विकसित की जा रही अनाधिकृत प्लाटिंग के खिलाफ हरिद्वार-रुड़की विकास प्राधिकरण की टीम ने कड़ी कार्रवाई की है। प्राधिकरण की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग करने वालों में हड़कंप मच गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शाखा कार्यालय रुड़की से पहुंची प्राधिकरण टीम ने जेसीबी की सहायता से मौके पर चल रहे अनाधिकृत कार्य को ध्वस्त करा दिया। कार्रवाई के दौरान प्राधिकरण अधिकारियों ने स्थल पर मौजूद अनाधिकृत निर्माणकर्ता को सख्त निर्देश दिए कि बिना मानचित्र स्वीकृत कराए किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य आगे न किया जाए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि नियमानुसार अनुमति प्राप्त किए बिना प्लाटिंग या निर्माण करना अवैध है और ऐसे मामलों में आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। किसी को बख्शा नहीं जायेगा। प्राधिकरण की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग करने वालों में हड़कंप मच गया है।

### गौकशी के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी

## मंगलौर क्षेत्र से एक आरोपी किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** थाना कोतवाली मंगलौर पुलिस ने गौकशी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को मौके से गौमांस व गौकशी में प्रयुक्त उपकरणों के साथ गिरफ्तार किया है, जबकि अंधेरे का फायदा उठाकर अन्य आरोपी फरार हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली मंगलौर को सूचना मिली कि ग्राम टांडा भन्हेड़ा के जंगलों में गौकशी की जा रही है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस द्वारा तत्काल एक टीम का गठन किया गया और मौके पर सर्च अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने एक आरोपी को मौके से गौमांस सहित दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान शकील पुत्र शोमीन निवासी ग्राम सिलोना, थाना छपार, जनपद मुजफ्फरनगर (उ0प्र0) के रूप में हुई है। मौके से गौकशी में प्रयुक्त लकड़ी का गुटका, तराजू, छुरी आदि उपकरण भी बरामद किए गए हैं। पुलिस को देख अन्य आरोपी रात का लाभ उठाकर जंगल की ओर फरार हो गए, जिनकी तलाश जारी है। गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध थाना कोतवाली मंगलौर पर गोवंश संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। इस पूरी कार्रवाई को अंजाम देने



वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक राकेश डिमरी, उप निरीक्षक वीरपाल, हेड कांस्टेबल माजिद, हेड कांस्टेबल सुदेश अग्रवाल तथा कांस्टेबल तेजपाल शामिल रहे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गौकशी जैसी अवैध गतिविधियों के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

## बिजली के बकाया भुगतान को माफ करें राज्य सरकार : रविंद्र आनंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर नगर पालिका क्षेत्र के गोदावरी होटल में प्रेस वार्ता कर किसान एवं मजदूरों के बिजली बकाया भुगतान को उत्तराखंड सरकार से माफ करने की बात कही। कहा कि अन्यथा सड़क पर होगा संग्राम। पूर्व राज्य मंत्री रविंद्र आनंद ने कहा कि इस वर्ष अतिवृष्टि एवं बाढ़ जैसी स्थिति में किसानों का बहुत बड़ा नुकसान हुआ है। सरकार उनकी शुद्ध नहीं ले रही है उन्होंने आपदा प्रभावित किसानों एवं ग्रामीण उपभोक्ताओं के बिजली बिल तत्काल माफ करने की सरकार से मांग की है। उन्होंने कहा प्राकृतिक आपदाओं से फसल नष्ट हो गई पशुधन प्रभावित हुआ ग्रामीण परिवारों की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर हो चुकी है। ऐसी स्थिति में गरीब जनता से बिजली बिल वसूल करना अमाननीय एवं जन विरोधी रवैया है। उन्होंने कहा उत्तराखंड ऊर्जा प्रदेश है भारी



मात्रा में बिजली का उत्पादन होता है जब प्रदेश बिजली पैदा कर सकता है तो अपने ही किसानों और ग्रामीणों को राहत देने सरकार की जिम्मेदारी है गंगा नदी से लगे गांव जिसमें लक्सर और खानपुर के सभी क्षेत्र अत्यधिक जल एवं बाढ़ के कारण बरसात के दिनों में फसल तैयार होने पर नष्ट हो जाती है। उन्होंने कहा सरकार बड़े उद्योगपतियों को राहत देती है लेकिन अन्नदाता और गांव के गरीब परिवारों की कोई सूध नहीं लेती यह साफ दर्शाता है कि वर्तमान सरकार की नीतियां जनता विरोधी है। उन्होंने कहा आपदा प्रभावित सभी किसानों और ग्रामीणों के बिजली बिल तत्काल माफ किए जाएं और पुराने बिलों पर पूर्ण छूट दी जाए भविष्य में आपदा की स्थिति से बचाने के लिए व्यवस्था लागू की जाए उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार ने शीघ्र निर्णय नहीं लिया तो जनता के साथ मिलकर सड़क से सदन तक संघर्ष किया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी उत्तराखंड सरकार की होगी उन्होंने अंकिता भंडारी की हत्या के मामले में भी सरकार की लापरवाही बताया।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत मामले में मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेडा।** लखनौता चौराहे पर सड़क दुर्घटना में एक युवक की मृत्यु होने पर उसके पिता द्वारा थाने में तहरीर देकर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मंगलवार को मुकदमा दर्ज कराया गया है।

ग्राम दादनपुर थाना ननौता जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश निवासी रामफल द्वारा थाने में तहरीर देकर बताया कि उसका पुत्र नीरज कुमार बहादराबाद स्थिति एक कंपनी में नौकरी करता था। 14 दिसंबर 2025 को उसका पुत्र झबरेड़ा रिश्तेदारी में जाने के लिए लखनौता चौराहा पर सड़क किनारे खड़े होकर सवारी वाहन का इंतजार कर रहा था।उसी समय किसी अज्ञात वाहन द्वारा मेरे पुत्र को टक्कर मार दी थी।वाहन की टक्कर लगते से मेरे पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई थी। पुलिस द्वारा मेरे पुत्र के शव का रुड़की सरकारी अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया था। पोस्टमार्टम के बाद पुत्र के शव का अंतिम संस्कार दादनपुर गांव में उनके द्वारा किया गया था। अज्ञात वाहन चालक का पता लगाकर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग पुलिस से करते हुए मुकदमा दर्ज कराया गया है। थानाध्यक्ष अजय शाह का कहना है कि तहरीर के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## मंगलौर पुलिस ने एक सटोरिया किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** क्षेत्र में सट्टा-जुआ गतिविधियों की लगातार मिल रही सूचनाओं के क्रम में हरिद्वार पुलिस द्वारा प्रभावी कार्रवाई की गई। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मंगलौर के निर्देश पर गठित पुलिस टीम ने सट्टा पर्चा लिखते हुए एक व्यक्ति को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से ।180/- नगद एवं सट्टा पर्चा बरामद किया गया। आरोपी के विरुद्ध कोतवाली मंगलौर पर धारा 13जी अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार आरोपी: नवाब पुत्र शौकत, निवासी मोहल्ला किला, मंगलौर, हरिद्वार है। उसे पकडने वाली पुलिस टीम: कानि0 उत्तम सिंहकानि0 मोहन आदि शामिल रहे।

## बालिकाओं ने कोच पर लगाया मनमानी का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर विधानसभा क्षेत्र की कुछ खिलाड़ियों ने जिला युवा कल्याण अधिकारी मुकेश कुमार भट्ट से शिकायत की।

जानकारी के अनुसार भगवानपुर की बालिकाओं की टीम से पिट्ठू खेल प्रतियोगिता कराई गई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि जो कोच खेल प्रतियोगिता करा रहे थे। वह भी भगवानपुर क्षेत्र के थे। उन्होंने आरोप लगाया कि भगवानपुर के कोच ने अपने क्षेत्र की बालिकाओं को जिताने के लिए उनके अंक कम दिखाएं, जबकि अपने क्षेत्र भगवानपुर की बालिकाओं की टीम के अंक ज्यादा दिखाकर उन्हें जीता दिया। उन्होंने बताया कि इस बाबत उन्होंने शनिवार को भी शिकायत की थी। जिस पर उन्हें रविवार को स्टेडियम में आने के लिए कहा गया था। बालिकाओं का आरोप है कि स्टेडियम में पुलिस बुलाकर उनके साथ अभद्रता की गई। बालिकाओं ने कोच पर मनमानी करने का



आरोप लगाते हुए शिकायत की है। जिला युवा कल्याण अधिकारी मुकेश भट्ट ने बताया कि मामले की जांच कार्यवाही की जाएगी।

## भू-माफियाओं व खाकी ने मिलकर ली अन्नदाता की जान : पदम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** उत्तराखंड के काशीपुर में किसान सुखवंत सिंह की आत्महत्या के मामले ने अब एक बड़े जनांदोलन का रूप ले लिया है। भारतीय किसान यूनियन रोड गुट के आह्वान पर तहसील परिसर में किसानों ने धरना दिया। आक्रोशित किसानों के जय जवान-जय किसान और किसान एकता जिंदाबाद नारों के साथ सैकड़ों किसानों ने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कार्यालय का घेराव किया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी पदम सिंह रोड़ और प्रदेश अध्यक्ष कुंवर संजीव कुशवाह ने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट दीपक रामचंद्र सेठ को मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपते हुए दो टूक चेतावनी दी कि यदि किसान को न्याय नहीं मिलता तो प्रदेश का किसान राजधानी कूच



करने से भी पीछे नही हटेगा। उन्होंने कहा कि ग्राम पैगा (काशीपुर) निवासी सुखवंत सिंह की मौत आत्महत्या नहीं, बल्कि व्यवस्था द्वारा की गई हत्या है। पीड़ित किसान ने मरने से पहले लिखे सुसाइड नोट में उन सफेदपोश भू-माफियाओं और पुलिस अधिकारियों के नाम उजागर किए थे। जिन्होंने उसकी गाढ़ी कमाई हड़प ली थी। भाकियू (रोड़) के नेताओं ने कहा कि सुसाइड नोट जैसे पुख्ता सबूत होने के बावजूद अब तक प्रभावशाली आरोपियों की गिरफ्तारी न होना पुलिस की कार्यप्रणाली पर संदेह पैदा करता है। राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी पदम सिंह रोड़ ने कहा की उत्तराखंड की धरती पर अब किसान का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भू-माफिया पुलिस के संरक्षण में फल-फूल रहे हैं और हमारा अन्नदाता जान देने पर मजबूर है। यह ज्ञापन सिर्फ कागज का टुकड़ा नहीं, बल्कि सरकार को आखिरी चेतावनी है। यूनियन ने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट के माध्यम से सरकार को अपनी मांगें स्पष्ट कर दी हैं। स्थानीय पुलिस दबाव में है इस पूरे षड्यंत्र की जांच तत्काल सीबीआई को सौंपी जाए। सरकार तत्काल 1 करोड़ रुपये की सहायता दे। पीड़ित परिवार के एक सदस्य को सरकारी सेवा में लेकर उन्हें सामाजिक सुरक्षा दी जाए।

## एमडी ने लगाया दुकान का किराया न देने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेडा।** बहुउद्देशीय सहकारी समिति झबरेड़ा के कर्मचारियों ने दुकानदारों पर समिति की दुकानों का छह साल का किराया न देने व खाली न करने का आरोप लगाया है। इसकी शिकायत समिति के एमडी ने विभागीय उच्चाधिकारियों व जिलाधिकारी से की है।

झबरेड़ा में बहुउद्देशीय किसान सहकारी समिति का कार्यालय नगर क्षेत्र के बाजार वाले क्षेत्र में स्थित था। कार्यालय परिसर में ही किसानों को खाद व कीटनाशक दवाएं देने के लिए गोदाम भी बना हुआ था। बाजार से होकर खाद लाने वाले ट्रकों को भीड़ की वजह से गोदाम तक पहुंचना मुश्किल हो रहा था। समस्या को देखते हुए फिलहाल समिति का कार्यालय गुरुकुल मार्ग पर बना दिया गया है। अब समिति कार्यालय की पुरानी बिल्डिंग को तोड़कर कॉम्प्लेक्स बनाने की प्रक्रिया शुरू की गई है। समिति कार्यालय के मुख्य द्वार पर दस दुकानें भी बनी हुई है। समिति के एमडी तलवार सिंह ने बताया कि दुकानों को तोड़कर ही दो मंजिला कॉम्प्लेक्स बनाया जाएगा जिससे समिति की आमदनी बढ़ जाएगी। दसका लाभ विभाग व किसानों को पहुंचेगा। दुकानदार मनमानी कर न तो छह साल से किराया दे रहे हैं और न ही दुकानें खाली कर रहे है। समिति के एमडी तलवार सिंह का कहना है कि इस मामले में जिलाधिकारी व सहकारिता विभाग को शिकायतपत्र दिया गया है।

## हादसा : गाडी के नीचे आकर मासूम की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेडा।** कस्बा निवासी एक व्यक्ति की तीन वर्षीय पुत्री के ऊपर उसी के पिता की पिक अप गाड़ी का पहिया अचानक बेखबरी से चढ़ने पर बच्ची की दर्दनाक मौत हो गई। बच्ची के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। कस्बा निवासी एक व्यक्ति अपनी पिकअप गाड़ी लेकर घर से कहीं बाहर जा रहा था। उसी समय उसकी तीन वर्षीय पुत्री भी वहां पर आ गई। पुत्री बिना बताए पिकअप गाड़ी के पीछे खड़ी हो गई। जब बच्ची का ही पिता गाड़ी को बाहर ले जाने के लिए पिकअप को पीछे हटा रहा था उसी समय पिकअप गाड़ी का पहिया पीछे खड़ी बच्ची के ऊपर चढ़ गया। गाड़ी का पहिया बच्ची के ऊपर चढ़ने पर बच्ची की चीख निकल गई। बच्ची की चिख निकलने के बाद ही उसके ड्राइवर पिता को पता चल पाया तथा परिजन भी बच्ची की चीख सुनकर घर से बाहर आए। बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई।

### जन-जन की सरकार जन-जन के द्वार कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं से किया गया लाभान्वित

# 708 लोगों को विभिन्न विभागों के माध्यम से जारी किए गए प्रमाण पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गुरुकुल नारसन/लकसर।** अपर जिलाधिकारी प्रशासन पीआर चौहान की अध्यक्षता में विकास खंड नारसन के न्याय पंचायत नारसन कलां के जूनियर हाई स्कूल में जन-जन की सरकार, जन जन के द्वार शिविर में विभिन्न विभागों के माध्यम से संचालित जन कल्याणकारी योजनों से 237 क्षेत्रवासियों को लाभान्वित किया गया तथा विभिन्न विभागों के माध्यम से 56 लोगों को विभिन्न प्रमाण पत्र निर्गत किए गए,इस शिविर में 2209 लोगों द्वारा किया गया प्रतिभाग। आयोजित शिविर ने क्षेत्रवासियों द्वारा विभिन्न विभागों से संबंधित 68 समस्याएं दर्ज कराई गई, जिसमें 29 समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया गया,शेष समस्याओं को त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया।

बहुउद्देशीय शिविर को संबोधित करते हुए देशराज कर्णवाल, उपाध्यक्ष, (राज्यमंत्री स्तर) समाज कल्याण योजनाएं अनुश्रवण समिति ने कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी जी के निर्देशानुसार प्रदेश की सभी न्याय पंचायतों में यह अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र नागरिकों तक पहुँचाना तथा उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि बहुउद्देशीय शिविर के माध्यम से विभिन्न विभागों की योजनाओं के अंतर्गत सैकड़ों क्षेत्रवासियों को लाभान्वित किया गया। शिविर के दौरान क्षेत्रवासियों



द्वारा कुल 68 समस्याएं दर्ज कराई गई। पानी की टंकी, आधार कार्ड, राशन कार्ड, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन, किसान सम्मान निधि, भूमि विवाद, अतिक्रमण, विद्युत विभाग के बिल, जलभराव, चकरोड़, साफ-सफाई तथा राजस्व भूमि से संबंधित समस्याएं प्रमुख रहीं।इनमें से लगभग 29 समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण अपर जिलाधिकारी प्रशासन एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा किया गया, जबकि शेष समस्याओं के शीघ्र समाधान हेतु उन्हें संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया। राज्य मंत्री द्वारा शिविर में लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टालों का भी निरीक्षण किया।

> ❖विभिन्न विभागों से संबंधित दर्ज कराई गई 148 शिकायतें, 104 शिकायतों का मौके पर किया गया निस्तारण
>
> ❖खण्ड लक्सर एवं नारसन के न्याय पंचायतो में शिविर का किया आयोजन

अपर जिलाधिकारी प्रशासन पीआर चौहान ने संबंधित अधिकारियों को कहा कि जिन शिकायतों का जन जन की सरकार जन जन के द्वार कार्यक्रम में निस्तारित नहीं हो पाया है उन शिकायतों का तत्परता से निराकरण करना सुनाश्चित करें। शिविर में अध्यक्ष रूडकी डॉ. मधु सिंह, संचित, सुनील, अंशुल, आशीष, आशुतोष, विवेक, खंड विकास अधिकारी आलोक गार्गेय सहित समस्त ग्राम प्रधानगण, पंचायत सदस्यगण, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

**विकास खण्ड नारसन-** अपर सचिव उत्तराखंड अनुराधा पॉल की अध्यक्षता में विकासखंड लक्सर की न्याय पंचायत हबीबपुर कुंडी में जन-जन की सरकार जन-जन के द्वार अभियान के अंतर्गत बहुउद्देशीय शिविर आयोजन किया गया। बहुउद्देशीय शिविर में 652 लोगों को विभिन्न विभागों से प्रमाण पत्र निर्गत किए गए तथा 785 लोगों विभिन्न विभागों की संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। इस शिविर में 2030 लोगों ने प्रतिभाग किया। बहुउद्देशीय शिविर में कुल 80 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 75 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को आवश्यक आदेश जारी कर दिए गए। शिविर में संबोधित करते हुए अपर सचिव उत्तराखंड अनुराधा पॉल ने कहा कि राज्य सरकार आमजन की समस्याओं को लेकर बहुत गंभीर है,उनकी परेशानियों को देखते हुए हर ग्राम पंचायत में जन जन की सरकार जन जन के द्वार बहुउद्देशीय शिविर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं,इस शिविर के माध्यम से लोगों की समस्याओं को उनके द्वार पर ही निराकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि समाज के हर वर्ग और गांव के अंतिम छोर तक रहने वाले व्यक्ति तक केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंच सके। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रामचंद्र दीपक सेठ ने सभी संबंधित अधिकारियों को क्षेत्रवसियो की समस्याओं का शीघ्रता से निस्तारण करने के निर्देश दिए ओर जिन शिकायतों का जन जन की सरकार जन जन के द्वार कार्यक्रम में निस्तारित नहीं हो पाया है उन शिकायतों का तत्परता से निराकरण करना सुनाश्चित करे। इस दौरान ग्राम प्रधान सुधा देवी,रखी चौहान,निकी,वंदना,वंदना,अनीता देवी सहदेव कुमार, क्षेत्र पंचायत सदस्य बबलेश देवी, सुरैया ,बबली तनुजा सहित जनप्रतिनिधि, जिला स्तरीय अधिकारी एवं भारी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# सेना प्रमुख की सफाई

भारतीय सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी ने सेना दिवस से पहले अपने वार्षिक संवाददाता सम्मेलन में कई महत्वपूर्ण सवालों के जवाब दिए। कई मामलों पर उन्होंने चेताया भी साथ ही देश को पूरी तरह आश्वस्त भी किया कि देश सुरक्षित हाथों में है और सुरक्षा को लेकर कोई बड़ी चिंता करने की बात नहीं है। उन्होंने जहां ऑपरेशन सिंदूर को पूरी तरह सफल बताया और कहा कि ऑपरेशन सिंदूर पूरी तरह भारत की योजन के अनुसार चला और जो भारत के लक्ष्य थे, उनको केवल 22 मिनट के भीतर ही पूरा कर लिया गया, लेकिन साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अभी पाक की तरफ से नापाक हरकतें कम होती दिखाई नहीं दे रही हैं। उनका कहना था कि नियंत्रण रेखा के पास अभी भी आठ से दस आतंकवादी शिविर सक्रिय हैं, जिनमें 100 से 150 आतंकवादी हैं। उनके अनुसार संतोष की बात यह है कि आतंकवादियों की भर्ती पिछले काफी समय से नहीं हो रही है। हालांकि उन्होंने माना कि जम्मू कश्मीर में स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन संवेदनशील बनी हुई है। चीन के संबंध में भी उन्होंने बेबाकी से सवालों के जवाब दिए। सेना प्रमुख के अनुसार उत्तरी सीमा से लगती वास्तविक नियंत्रण रेखा पर स्थिति नियत बनी हुई है, लेकिन सतर्कता की निरंतर जरूरत है। शक्सगाम पाक के कब्जे वाले कश्मीर में है। चीन वहां निर्माण कर रहा है। द्विवेदी ने इस पर कड़ा विरोध जताते हुए कहा कि चीन व पाक के बीच 1963 के समझौतों को भारत कभी नहीं मानेगा और यह गैर कानूनी है। अच्छी बात यह है कि भारत और चीन के बीच बातचीत का दौर जारी है। मतलब साफ है कि भारत की सीमाओं पर मिली जुली प्रतिक्रिया देखने में आ रही है और उसका लब्बोलुबाब यही है कि भारत को अपनी सुरक्षा को लेकर सतर्क रहने की आवश्यकता है और वह भारत बरतता भी दिखाई दे रहा है। द्विवेदी ने जिस तरह भारतीय सेना की तैयारियों के बारे में विस्तार से बताया, उससे भी बात समझ में आती है कि भारतीय सेनाएं भलीभांति जानती हैं कि क्षेत्र के स्तर पर उनके सामने किस तरह की चुनौतियां हैं और उसी चुनौतियों के अनुसार वह अपनी ओर से तैयारी भी कर रही है। जैसीकि द्विवेदी ने कहा भी कि ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई के समय दस मई की सुबह तीनों सेनाओं को शीर्ष स्तर पर दिए गए कुछ निर्देशों के बाद पाक को समझ में आ गया कि अब युद्ध रोकने का समय आ गया है। उनके अनुसार भारतीय सेना उस समय पूर्ण जमीनी ऑपरेशन के लिए तैयार थी पर पाक को इसकी भनक भी लग गई थी। जैसाकि हम जानते हैं कि ऑपरेशन सिंदूर चार दिन चला था। हालांकि ऑपरेशन सिंदूर को लेकर समय-समय पर कुछ विवादित बातें भी सामने आती रही हैं लेकिन भारतीय सेना प्रमुख की टिप्पणी से अब यह साफ हो गया है कि उन विरोधाभासी बातों में कोई दम नहीं है।

## मनरेगा बचाओ संग्राम को व्यापक समर्थन



सरकार के ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की महत्वपूर्ण योजना मनरेगा को खत्म करने के खिलाफ पार्टी के दस जनवरी से शुरू हुए मनरेगा बचाओ संग्राम को पूरे देश में व्यापक समर्थन मिल रहा है और कर्नाटक, केरल सहित कई राज्यों में इस अभियान को गति देने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए गए, ऐतिहासिक मनरेगा के स्थान पर वीबी-जी राम जी कानून लाने के केंद्र के विनाशकारी फैसले के खिलाफ राष्ट्रव्यापी मनरेगा बचाओ संग्राम के हिस्से के रूप में केरल कांग्रेस के दिन-रात के धरने की शुरुआत की, देश के हर हिस्से की तरह केरल में भी केंद्र के इस कदम को व्यापक रूप से खारिज किया गया है और लोग तब तक चैन से नहीं बैठेंगे, जब तक सरकार मनरेगा कानून को वापस नहीं लेती है।

**-केसी वेणुगोपाल, महासचिव, कांग्रेस**

# गंभीर बीमारियों का खतरा दूर करने के लिए रागी और आंवला को अपनाएं





रागी एक सर्वश्रेष्ठ अनाज है जो सुनहरे या काले रंग में आता है। यह सरसों के बीज जैसा होता है। एक समय था जब रागी का सेवन मुख्य रूप से ग्रामीणों और गरीब समुदायों द्वारा किया जाता था, लेकिन जैसे-जैसे इसके स्वास्थ्य लाभों को बारे में लोगों को पता चला है तो इसे अमीर लोगों के आहार में भी अपनी जगह बना ली। हालांकि, अब केंद्र सरकार द्वारा बाजरा को बढ़ावा देने के साथ, रागी लगातार महंगी हो गई है, कभी-कभी इसकी कीमत सौ रूपए की हो जाती है।

**रागी में मौजूद हैं कई पोषक तत्व**

रागी कैल्शियम, विटामिन, खनिज और फाइबर से भरपूर है और हृदय रोग, डायबिटीज और मांसपेशियों के स्वास्थ्य जैसी स्थितियों के लिए फायदेमंद है। अमेरिकन नेशनल सेंटर फॉर बायोटेक्नोलॉजी इंफॉर्मेशन (एनसीबीआई) का शोध कैंसर के खतरों को कम करने की इसकी क्षमता पर प्रकाश डाला है। आइए आपको रागी के फायदे बताते है।

**रागी के फायदे**

**हड्डियों को मजबूत बनाता है**

रागी में कैल्शियम, जिंक और फास्फोरस जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद करती है। नियमित रूप से इसका सेवन करने से हड्डियां मजबूत होती हैं और इसके अलावा जीवन में ऑस्टियोपोरोसिस का खतरा कम हो सकता है।

**डायबिटीज को मैनेज करता**

रागी ग्लूटन-फ्री होता है और इस आहार में फाइबर अधिक मात्रा में होती है। जिससे यह कम ग्लाइसेमिक भोजन बनाता है। एक शोध के मुताबिक रागी के सेवन से ब्लड शुगर लेवल को कम करने में मदद करता है। रागी में 0.38 प्रतिशत कैल्शियम, 18 प्रतिशत फाइबर और 3 प्रतिशत फेनोलिक यौगिक होते हैं, जो इसे डायबिटीज विरोधी और ट्यूमर विरोधी बनाते हैं।

**कैंसर का खतरा कम होता है**

एनसीबीआई के शोध के अनुसार, रागी में कैंसर से लड़ने गुण होते हैं, जो कैंसर के खतरे को कम करने में मदद करता है। अध्ययन में पता चला है कि रागी में मौजूद फेनोलिक यौगिक पेट के कैंसर से लड़ने में मदद करता है। इतना ही नहीं, रागी में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट तत्व कोशिकाओं से मुक्त कणों को भी कम करता है, इससे ऑक्सीडेटिव तनाव को कम करता है, इससे कैंसर कोशिकाओं का बढ़ना मुश्किल हो जाता है।

**हार्ट को हेल्दी रखता**

हेल्थलाइन के मुताबिक, रागी में मौजूद फाइबर पेट में एक चिपचिपे पदार्थ में बदल जाता है, जो फैट्स के जमाव से जुड़ जाता है। इसके सेवन से बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल का खतरा कम होता जाता है। अध्ययन के मुताबिक रागी के सेवन से ट्राइग्लिसराइड के स्तर को कम करने में मदद करता है।

**एजिंग को दूर करता है**

शोध के मुताबिक, रागी में मौजूद फेनोलिक यौगिक त्वचा को चमकदार बनाता है। इसके अलावा शारीरिक कार्यों को भी तेज करता है। रागी के खाने से उम्र बढ़ने के प्रभावों को भी कम करता है।

डिस्क्लेमर: इस लेख के सुझाव सामान्य जानकारी के लिए हैं। इन सुझावों और जानकारी को किसी डॉक्टर या मेडिकल प्रोफेशनल की सलाह के तौर पर न लें। किसी भी बीमारी के लक्षणों की स्थिति में डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

### पाचन की समस्याओं को दूर करने के लिए घर पर बनाएं आंवले की गोली

आंवला एंटीऑक्सीडेंट और विटामिन सी से भरपूर होता है। आंवला इम्यूनिटी बूस्ट करने में कारगर साबित हो सकता है। आंवले के सेवन से हेल्थ ठीक रहती है। आंवले का जूस पीने से शरीर हेल्दी है। आंवले को डाइट में शामिल करने से पाचन संबंधी समस्याओं में लाभदायक होता है। आप भी अपने घर पर बेहद आसान तरीके से डाइजेस्टिव खट्टी-मीठी गोलियां बनाएं। इसे बच्चे से लेकर बड़े भी खूब खाना पसंद करेंगे।

**आंवले की खट्टी-मीठी गोली बनाने के लिए सामग्री**

500 ग्राम आंवला, एक कप गुड़, सेंधा नमक स्वादानुसार, काला नमक एक चम्मच, काली मिर्च पाउडर एक चम्मच, भुना जीरा 1 चम्मच, आधा कप पिसी चीनी, एक चौथाई चम्मच हींग, नींबू का रस।

**आंवले की खट्टी-मीठी गोली बनाने की विधि**

इसके लिए आप आंवले को अच्छे से धो लें। इसके बाद कूकर में उबाल लें। उबले आंवले को कूकर से निकालें और ठंडा होने के लिए रख दें। जब ये ठंडे हो जाएं तो आवले की गुठली को निकाल दें। अब आप आंवलों को मिक्सी में डालकर पीस लें और पेस्ट तैयार कर लें। ध्यान रहे कि आंवला बारीक पीसा हुआ। पीसने में पानी का थोड़ा इस्तेमाल करें। इसके बाद पैन गर्म करें और एक कप गुड़ डालें। इसके साथ ही पिसा हुआ आंवले का पेस्ट भी जरुर डालें। धीरे-धीरे मिक्स करते हुए आप इसे भूनें। गैस को धीमा ही रखें फिर अब इसमें सारे मसाले डाल दें। भुना हुआ जीरा, काली मिर्च, हींग, काला नमक, सेंधा नमक सब डाल दें, फिर इसे अच्छे से भूनें। आप इसे जब तक चलाएं कि ए गाढ़ा ना हो जाए। जब गाढ़ा हो जाए तो इकट्ठा तो गैस को बंद कर दें और इसे ठंडा होने दें। प्लेट पर पिसी चीनी डालें और तैयार आंवले की छोटी गोली बनाएं और पिसी चीनी को इस पर लपेटें। तैयार है आंवले की गोली।

# बजट है कम और चाहते हैं घूमना तो यहां जरूर जाएं

**सोलन हिमाचल प्रदेश में स्थित एक छोटा और सबसे खूबसूरत हिल स्टेशन है। पर्यटकों के लिए यह जगह जन्नत से कम नहीं है। चौल में एक जगह है साधुपुल। इस जगह की खास बात है कि यहां आप छोटी सी नदी के बीच में टेबल लगाकर नाश्ता कर सकता हूं। जरा सोचिए, बीच नदी में चाय नाश्ता का आनंद ले सकते हैं। परवाणु- हिमाचल प्रदेश का परवाणु गर्मियों में घूमने के लिए अच्छी जगह है। यहां पर काफी शांति मिल जाएगी आपको। देखा जाए तो 760 मीटर की ऊंचाई पर बसा परवाणु हिमालय का प्रवेश द्वार है। यहां आकर आप टिम्बर ट्रेल, फलों के बाग, गुरुद्वारा नाडा साहिब, पिंजोर गार्डन, मंसा देवी मंदिर और कैक्टस गार्डन को देखना बिल्कुल भी मत भूलना। परवाणु जाने के लिए नजदीकी एयरपोर्ट चंडीगढ़ एयरपोर्ट है। वहीं अगर आप ट्रेन से जाना चाहते हैं तो कालका से यहां के लिए आपको ट्रेन मिल सकती है।**

अगर आप भी कम बजट में कहीं घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो काठमांडू आपके लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकता है। यह नेपाल के खूबसूरत शहरों की लिस्ट में शामिल है। काठमांडू घूमना अन्य विदेशी लोकेशन के मुकाबले काफी सस्ता है। नेपाल में काठमांडू एक ऐसी जगह है, जहां पर पर्यटकों की भारी भीड़ लगी रहती है। यहां की फेमस जगहों पर घूमने के लिए लोग दूर-दूर से आते हैं। बता दें कि यह जगह इतनी ज्यादा सुंदर है कि आपका यहां पर घंटों रुकने का मन करेगा।

**गार्डन ऑफ ड्रीम्स**

गार्डन ऑफ ड्रीम्स को एक्सप्लोर कर आपको लगेगा कि आप सपनों के बगीचे में पहुंच गए हैं। क्योंकि यहां की खूबसूरती आपका मन मोह लोगी। यह काठमांडू का फेमस पर्यटन स्थल है। अगर आप घूमने के बाद थक गए हैं, तो आपको गार्डन ऑफ ड्रीम्स जरूर जाना चाहिए। यहां की ताजगी आपको तनाव से राहत देने का काम करेगी। बता दें कि इस गार्डन को 1920 के दशक में बनाया गया था।

आप जैसे ही इस उद्यान में प्रवेश करेंगे, तो आपको हरी घास, फव्वारे और रंग-बिरंगे फूलों का नजारा देखने को मिलेगा। जो आपके मन को खुश कर देगा। बता दें कि काठमांडू एक व्यस्त शहर है। ऐसे में आप शांति और सुकून की तलाश में यहां आ सकते हैं।

**तौदाहा झील**

आपको बता दें कि काठमांडू से लगभग 6 किलोमीटर दक्षिण पश्चिम में तौदाहा झील है। यह शांत और मीठे पानी की झील है। यहां की दलदली भूमि और हरी-भरी पहाड़ियां पर्यटकों को खासी पसंद आती हैं। वहीं अगर आप प्रकृति प्रेमी हैं और फोटोग्राफी आदि का शौक रखते हैं, तो आपको यह जगह जरूर पसंद आएगी।



**पशुपतिनाथ मंदिर**

बागमती नदी के तट पर स्थित पशुपतिनाथ मंदिर पूरी दुनिया में फेमस है। यह मंदिर काठमांडू शहर के केंद्र से लगभग 5 किलोमीटर पूर्व में स्थित है। पशुपतिनाथ मंदिर तक आने के लिए आपको टैक्सी, बस या निजी वाहन लेना पड़ेगा। इसके अलावा आप यहां पर स्वयंभू मंदिर के भी दर्शन कर सकते हैं। यह काठमांडू शहर से करीब 2 किमी दूर वेस्ट में स्थित है। इस मंदिर को लोग बंदर मंदिर के नाम से भी जानते हैं। स्वयंभू मंदिर काठमांडू घाटी के ऊपर एक पहाड़ी पर स्थित है। आप बौद्धनाथ मंदिर के भी दर्शन कर सकते हैं। यह नेपाल के सबसे बड़े स्तूपों में से एक है।

### हरियाणा के पिंजौर से एकदम नजदीक हैं ये पांच हिल स्टेशन

इस समय देश के ज्यादातर हिस्सें में गर्मी का कहर बरपा रही है। ऐसे में लोग हिल स्टेशन पर छुट्टियां बिताते हैं। यहां गर्मी से राहत तो मिलती है, साथ ही सुकूं भी बहुत मिलता है। वैसे तो भारत में कई हिल स्टेशन हैं, जहां हर साल लोग घूमने जाते हैं। लेकिन आज हम आपको हरियाणा के पिंजोर के आसपास स्थित हिल स्टेशनों के बारे में बताने जा रहे हैं। यह हिल स्टेशन ऑफबीट हिल स्टेशन की कैटेगरी में आते हैं। बता दें कि पिंजोर हिमाचल प्रदेश के काफी करीब है, यह जगह एक्सप्लोर करना किसी जन्नत से कम नहीं है। पिंजोर से 29 किमी दूर कसौली एक बहुत ही सुंदर जगह है और हिमाचल प्रदेश के सोलन में पड़ती है। ऊंचे पहाड़, घास के मैदान लोगों को भीड़ से दूर सुकून के कुछ पल देते हैं। यहां आप एडवेंचर राइडिंग और रोप वे ट्रेकिंग का मजा ले सकते हैं। इसके अलावा क्राइस्ट चर्च, सनसेट और मंकी पॉइंट देखने लायक जगह यहां एक हनुमान मंदिर भी है, जिसके बारे में कहा जाता है कि संजीवनी बूटी लाने के लिए हनुमान ने यहां अपना पैर रखा था।

**सोलन**-अगर आप भी पहाड़ घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो आप एक बार सोलन नहीं घूमा, तो इस बार यहां का टूर प्लान जरुर करें। प्राकृतिक नजारों से भरपूर है सोलन। यहां पर एक प्राचीन मंदिर है और कई पर्यटक स्थल है। पिंजोर से 48 किमी दूरी पर बसा सोलन मार्च से नवंबर तक घूमने लायक होता है। यहां पर बॉन मठ, क्राइस्ट चर्च, डगशाई जेल म्यूजियम, कुथार का किला और गिलबर्ट ट्रेल पॉपुलर ट्रेवल डेस्टिनेशन हैं।

# भविष्य की चिंता: क्या यादों को मिटने से टाला जा सकेगा

हमारी याद्दाश्त एकदम पक्की हो, यह तो हम सभी की इच्छा होती है। लेकिन फिर भी हमारे दिमाग से कई बातें बिसर जाती हैं। बिसरना, स्मृति का दूसरा पहलू है जो जीवों को बदलते पर्यावरण के अनुरूप ढलने में मदद करता है। इसलिए स्मृति को पूरी तरह से समझने के लिए उनके बनने के साथ-साथ उनके बिसरने को भी समझने की जरूरत है, जिसके प्रयास वैज्ञानिक करते आए हैं। ऐसे ही एक प्रयास में, तेल अवीव यूनिवर्सिटी के अनुवांशिकीविद ओदेद रेचावी और उनकी एक छात्रा डैना लैंडशाफ्ट बर्लिनर ने गोलकृमि (Caenorhabditis elegans) की अल्पकालिक याद्दाश्त बढ़ाने का प्रयास किया। दरअसल, CA elegans कोई भी नई जानकारी सीखने के दो-तीन घंटे बाद ही उसे भूल जाते हैं। तो, पहले तो शोधकर्ताओं ने कृमियों को उनकी एक पसंदीदा गंध को नापसंद करने के लिए प्रशिक्षित किया।

इसके लिए उन्होंने इस गंध को कृमियों को तब सुंघाया जब वे बहुत देर के भूखे थे। गंध नापसंद करना सीखने के दो घंटे बाद कृमि गंध के साथ बने इस नकारात्मक सम्बंध को भूल जाते थे और गंध की ओर फिर खिंचे चले जाते थे। यानी यदि वे गंध की ओर जाने लगें तो माना गया कि वे नापसंदगी को भूल गए हैं। फिर शोधकर्ताओं ने कृमियों को बर्फ में रखा। पाया कि कम से कम 16 घंटे तक ठंडे में रखने पर कृमियों की गंध सम्बंधी स्मृति बनी रहीं। लेकिन, जैसे ही उन्हें बर्फ से हटाया गया तो उनके स्मृति लोप की घड़ी चालू हो गई और तीन घंटे बाद वे गंध के प्रति अपनी घृणा को भूल गए। एक अन्य



प्रयोग में शोधकर्ताओं ने कृमियों को पहले रात भर बर्फ में रखा ताकि वे ठंडे वातावरण के प्रति अनुकूलित हो जाएं और फिर उन्हें गंध प्रशिक्षण दिया। और इसके बाद उनकी स्मृति बने रहने का समय मापा। वे हमेशा की तरह जल्दी ही गंध को भूल गए थे। एक और प्रयोग में उन्होंने कृमियों के एक समूह को लीथियम औषधि (दरअसल लीथियम का लवण) दी और एक को कंट्रोल के तौर पर रखा। फिर उन्होंने कृमियों में गंध से नापसंद का सम्बंध बैठाया। उन्होंने पाया कि लीथियम ने सामान्य तापमान पर भी उनकी स्मृति 5 घंटे बरकरार रखी थी, लेकिन ठंडे वातावरण के प्रति अनुकूलित कृमियों में लीथियम देने से उनकी स्मृति पर कोई असर नहीं पड़ा थाय उनकी स्मृति उसी रफ्तार से मिटी जितनी रफ्तार से गैर-लीथियम समूह की मिटी थी। शोधकर्ताओं का कहना है कि इसमें डायएसाइलग्लिसरॉल नामक एक संकेतक अणु की भूमिका लगती है। CA elegansesa यह अणु स्मृति और सीखने से सम्बंधित कोशिकीय प्रक्रिया को घटाने-बढ़ाने का काम करता है और गंध-स्मृति के लिए अहम होता है।

उनके इस निष्कर्ष का आधार यह है कि जब बर्फ एवं लीथियम से स्मृति लंबे समय तक बनी रही थी, तब उनमें डायएसाइलग्लिसरॉल के स्तर में कमी देखी गई थी। यह इसलिए भी उचित लगता है कि लीथियम उस एंजाइम को बाधित करने के लिए जाना जाता है जो डायएसाइलग्लिसरॉल का जनक है। बायपोलर समस्या-ग्रस्त व्यक्तियों में लीथियम की उपयोगिता का आधार शायद यही प्रक्रिया है। यह भी दिखा कि स्मृति का बने रहना कोशिका झिल्ली की कठोरता से भी जुड़ा है, जो ठंड के कारण बढ़ जाती है। जिन कृमियों की कोशिका झिल्ली सामान्य कृमियों की कोशिका झिल्ली से अधिक सख्त थी, उनकी भूलने की दर सामान्य कृमियों की तुलना में धीमी थी, यहां तक कि सामान्य तापमान पर भी। इससे लगता है कि झिल्ली का सख्त होना भूलने को टालता है। ये नतीजे बायोआर्काइव प्रीप्रिंट में प्रकाशित हुए हैं और समकक्ष समीक्षा के मुंतजिर है। स्मृति बनने-बिगड़ने के महत्व के मद्देनजर शोधकर्ता अन्य जीवों पर भी प्रयोग कर रहे हैं।

**-साभार**

**फिर उन्होंने कृमियों में गंध से नापसंद का सम्बंध बैठाया। उन्होंने पाया कि लीथियम ने सामान्य तापमान पर भी उनकी स्मृति 5 घंटे बरकरार रखी थी, लेकिन ठंडे वातावरण के प्रति अनुकूलित कृमियों में लीथियम देने से उनकी स्मृति पर कोई असर नहीं पड़ा थाय उनकी स्मृति उसी रफ्तार से मिटी जितनी रफ्तार से गैर-लीथियम समूह की मिटी थी। शोधकर्ताओं का कहना है कि इसमें डायएसाइलग्लिसरॉल नामक एक संकेतक अणु की भूमिका लगती है। CA elegansesa यह अणु स्मृति और सीखने से सम्बंधित कोशिकीय प्रक्रिया को घटाने-बढ़ाने का काम करता है और गंध-स्मृति के लिए अहम होता है। उनके इस निष्कर्ष का आधार यह है कि जब बर्फ एवं लीथियम से स्मृति लंबे समय तक बनी रही थी, तब उनमें डायएसाइलग्लिसरॉल के स्तर में कमी देखी गई थी। यह इसलिए भी उचित लगता है कि लीथियम उस एंजाइम को बाधित करने के लिए जाना जाता है जो डायएसाइलग्लिसरॉल का जनक है। बायपोलर समस्या-ग्रस्त व्यक्तियों में लीथियम की उपयोगिता का आधार शायद यही प्रक्रिया है। यह भी दिखा कि स्मृति का बने रहना कोशिका झिल्ली की कठोरता से भी जुड़ा है।**



अनंतनाग। गडोल कोकरनाग इलाके में चल रहे तलाशी अभियान के दौरान पहरा देते सुरक्षाकर्मी।

# अमेरिका में ग्रीनलैंड पर कब्जे का बिल पेश

## अमेरिका को 51वां राज्य बनाने का अधिकार मिलेगा, 300 सालों से यह डेनमार्क का हिस्सा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सांसद रैंडी फाइन ने ग्रीनलैंड एनेक्सेशन एंड स्टेटहुड एक्ट नाम से एक बिल पेश किया है। इस बिल का मकसद अमेरिकी सरकार को ग्रीनलैंड को अपने कब्जे में लेने और बाद में इसे अमेरिका का राज्य बनाने के लिए कानूनी अधिकार देना है। सांसद रैंडी फाइन ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके इस बिल की जानकारी दी।



- यह बहुत मुश्किल से पास होगा, क्योंकि यह अंतर्राष्ट्रीय कानून के खिलाफ है: एक्सपर्ट्स
- यह कदम रूस-चीन के प्रभाव को रोकने के लिए बहुत जरूरी है, यह बिल अभी सिर्फ पेश हुआ है

उन्होंने कहा कि यह कदम रूस-चीन के प्रभाव को रोकने के लिए बहुत जरूरी है। इसके बाद संसद को राज्य बनने के लिए जरूरी सुधारों की पूरी रिपोर्ट सौंपी जाएगी, अगर ये बिल पास हुआ तो अमेरिका को ग्रीनलैंड को अपना 51वां राज्य बनाने का अधिकार मिल जाएगा। हालांकि, यह बिल अभी सिर्फ पेश हुआ है इसे हाउस और सीनेट दोनों में पास होना है। कई एक्सपर्ट्स का कहना है कि यह बहुत मुश्किल से पास होगा, क्योंकि यह अंतर्राष्ट्रीय कानून के खिलाफ है। ग्रीनलैंड पर पिछले 300 सालों से डेनमार्क का कंट्रोल है। अमेरिकी सांसद कांग्रेसमैन रैंडी फाइन ने बिल पेश करने के बाद सोशल मीडिया पर यह पोस्टर शेयर किया। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया। उन्होंने जोर देते हुए कहा है कि ग्रीनलैंड अमेरिकी रक्षा के लिए जरूरी है। उन्होंने हाल ही में कहा था कि अमेरिका को ग्रीनलैंड की जरूरत है और वे इस दिशा में कदम उठा रहे हैं, चाहे दूसरे देश इसे पसंद करें या नहीं। ट्रम्प प्रशासन ने ग्रीनलैंड के लोगों को अमेरिका में शामिल होने के लिए पैसे देने जैसे तरीकों पर भी चर्चा की है। डेनमार्क और ग्रीनलैंड के अधिकारियों ने ट्रम्प के इस तरीके की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने इसे अपमानजनक बताया। वहीं राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के लगभग एक साल पहले पदभार संभालने के बाद से अब तक एक लाख से अधिक वीजा रद्द किए जा चुके हैं। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी है। विभाग ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि रद्द किए गए वीजा में लगभग 8000 छात्रों के वीजा और 2500 स्पेशल वीजा उन लोगों के शामिल हैं जिनका आपराधिक गतिविधि लिप्त होने पर अमेरिकी कानून प्रवर्तन एजेंसियों से सामना हुआ था। विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम अमेरिका को सुरक्षित रखने के लिए इन गुंडों को निर्वासित करते रहेंगे। रिपोर्ट के अनुसार, ज्यादातर वीजा उन व्यापार और पर्यटक यात्रियों के रद्द किए गए जिन्होंने अपने वीजा की अवधि से ज्यादा समय तक देश में बिताया था। रद्द किए गए वीजा में से लगभग 8000 छात्रों के वीजा है, क्योंकि प्रशासन ने हाल के महीनों में छात्र वीजा की जांच बढ़ा दी है। मंत्रालय ने कहा कि इससे पहले 2025 में अमेरिकी सरकार ने कुछ सोशल मीडिया स्क्रीनिंग की शर्तें लागू की थीं, जिनका मुख्य उद्देश्य उन छात्रों को वापस भेजना था जिन्होंने गाजा में इजरायल की कार्रवाई के खिलाफ विरोध प्रदर्शनों में हिस्सा लिया है। विभाग ने मई के आखिर में दुनिया भर में अमेरिकी दूतावासों और वाणिज्य दूतावास विभाग को छात्र वीजा आवेदकों के लिए नए साक्षात्कार रोकने का आदेश दिया। जून में, विभाग ने अपने राजनयिक मिशनों को छात्र वीजा के लिए आवेदन करने वाले सभी विदेशियों के सोशल मीडिया और ऑनलाइन मौजूदगी की जांच करने का निर्देश दिया। गौरतलब है कि विस्तारित आव्रजन प्रवर्तन केवल छात्र वीजा तक सीमित नहीं है। अगस्त में, अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा था कि वह 5.5 करोड़ से अधिक अमेरिकी वीजा धारकों के रिकॉर्ड की समीक्षा कर रहा है, ताकि निर्वासन योग्य किसी भी उल्लंघनकर्ता की पहचान की जा सके।

## अमेरिकी आपातकालीन सेवाओ को फर्जी कॉल करने के आरोप में किशोर गिरफ्तार

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू ) राज्य के एक किशोर को अमेरिका में आपातकालीन सेवाओं को कई फर्जी (स्वैटिंग) कॉल करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। ऑस्ट्रेलियन फेडरल पुलिस (एएफपी) ने कहा कि उसने अमेरिकी संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) से एक ऑनलाइन आपराधिक नेटवर्क के ऑस्ट्रेलियाई सदस्य के बारे में खुफिया जानकारी मिलने के बाद जांच शुरू की, जिस पर प्रमुख संस्थानों की स्वैटिंग से जुड़े होने का संदेह था। जांच के परिणामस्वरूप 18 दिसम्बर, 2025 को एनएसडब्लयू के एक घर में तलाशी वारंट जारी किया गया और कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और एक प्रतिबंधित हथियार जब्त किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### रोड्रिगेज ने ईयू, स्विस ब्रिटेन के राजयनिकों से मुलाकात की

**काराकास।** वेनेजुएला के कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने यूरोपीय संघ, स्विट्जरलैंड और ब्रिटेन के राजनयिकों से मुलाकात की है। विदेश मंत्री इवान गिल ने यह जानकारी दी है। गिल ने बातचीत को 'स्पष्ट' बताते हुए कहा कि हिस्सा लेने वालों ने आपसी रिश्तों की स्थिति की समीक्षा की और एक अच्छे रिश्ते को आगे बढ़ाने और गहरी बातचीत की अहमियत पर सहमति जताई है। उन्होंने कहा कि रोड्रिगेज का संदेश साफ था, जिसमें उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि देशों के सम्मान और बराबरी के फ्रेमवर्क के अंदर हम लोगों की भलाई के लिए एक नया एजेंडा आगे बढ़ाने को तैयार हैं।

### जॉर्जिया के पूर्व पीएम को धनशोधन मामले में पांच साल की सजा

**त्बिलिसी।** जॉर्जिया के पूर्व प्रधानमंत्री इराकली गैरीबाशविली को धनशोधन के आरोप में पांच साल जेल और दस लाख जॉर्जियन लारी (लगभग 370000 अमेरिकी डॉलर) जुर्माने की सजा दी गई है। स्थानीय मीडिया ने सोमवार को यह जानकारी दी। जॉर्जिया के लोक अभियोजक कार्यालय ने कहा कि गैरीबाशविली ने आरोपों को स्वीकार कर लिया है और समझौते की शर्तों पर सहमत हो गए, जिन्हें बाद में अदालत ने बरकरार रखा। उनकी आपराधिक गतिविधियों और उनके घर की तलाशी के दौरान जब्त किए गए धन को सरकारी खजाने में जमा करा दिया जाएगा।

### सोमालिया ने अमीरात के साथ सैन्य सहयोग समझौता खत्म किया

**मोगादिशु।** सोमालिया ने संयुक्त अरब अमीरात के साथ सैन्य सहयोग समझौता समाप्त कर दिया है। सोमालिया समाचार पोर्टल 'द अखबार' ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी गई है। पिछले सप्ताह यमन में सऊदी नेतृत्व वाले गठबंधन ने कहा कि संयुक्त अरब अमीरात ने 'सदर्न ट्रांजिशनल काउंसिल' के पूर्व नेता ऐदारस अल-जुबैदी को सोमालिया के रास्ते यमन से भागने में मदद की थी। इस घटना की जानकारी सोमालिया को नहीं दी गई थी।

### मध्य फिलीपींस में लैंडफिल ढहने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 11 हुई

**मनीला।** फिलीपींस के मध्य शहर सेबू में एक विशाल मलबा ढेर (लैंडफिल) ढहने की घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 11 हो गई है, जबकि बचावकर्मी मंगलवार को लापता अन्य 25 श्रमिकों की तलाश कर रहे हैं। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी है। सेबू शहर के मेयर नेस्टर आर्चीवल ने सोमवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा था कि सभी 18 जीवित बचे लोग घायल हैं और अस्पतालों में उनका इलाज चल रहा है।

# ईरान के साथ व्यापार करने वाले देशों पर अमेरिका ने लगाया 40% शुल्क

## ट्रम्प ने दोहराया कि यह फैसला तत्काल प्रभाव से लागू होगा, कहा: यह आदेश अंतिम और निर्णायक

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को ईरान के साथ कारोबार जारी रखने वाले देशों पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की। राष्ट्रपति ट्रम्प ने यह घोषणा ऐसे समय में की जब ईरान में सरकार-विरोधी प्रदर्शन जारी हैं।



- कहा: जमीनी हालात अमेरिका को बातचीत से पहले ही कार्रवाई करने के लिए मजबूर कर सकते हैं
- रिपब्लिकन सीनेटर लिडसे ग्राहम ने 25 प्रतिशत शुल्क लगाने के ट्रम्प के फैसले की सराहना की

ट्रम्प ने सोशल मीडिया ट्रुथ पर एक पोस्ट में दोहराया कि यह फैसला 'तत्काल प्रभाव से' लागू होगा और इस बात पर जोर दिया कि यह 'आदेश अंतिम और निर्णायक है। उन्होंने कहा कि कोई भी देश जो इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के साथ व्यापार कर रहा है उस देश पर यह फैसला तत्काल प्रभाव से लागू होगा। अमेरिका के साथ किए जाने वाले किसी भी और सभी व्यापार पर 25 प्रतिशत शुल्क देना होगा। यह आदेश अंतिम और निर्णायक है। ट्रम्प लगातार चेतावनी देते रहे हैं कि यदि देशव्यापी विरोध प्रदर्शन जारी रहे तो अमेरिका को ईरान के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है। इस बीच उन्होंने यह भी खुलासा किया कि तेहरान ने बातचीत के लिए अमेरिका से संपर्क किया है। जब उनसे पूछा गया कि क्या ईरान बातचीत चाहता है, तो ट्रम्प ने कहा कि हां, वे चाहते हैं। उन्होंने कहा कि ईरान ने कल बातचीत के लिए फोन किया। ईरान के नेताओं ने फोन किया। वे बातचीत करना चाहते हैं। मुझे लगता है कि वे अमेरिका से थक चुके हैं। ईरान बातचीत चाहता है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि हालांकि एक बैठक की व्यवस्था की जा रही है लेकिन जमीनी हालात अमेरिका को बातचीत से पहले ही कार्रवाई करने के लिए मजबूर कर सकते हैं। इस बीच, रिपब्लिकन सीनेटर लिडसे ग्राहम ने 25 प्रतिशत शुल्क लगाने के ट्रम्प के फैसले की सराहना की और इसे ईरान के नेतृत्व को आर्थिक रूप से अलग-थलग करने की दिशा में 'बेहद प्रभावशाली' कदम बताया। ग्राहम ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि ट्रम्प, आज आपके कदमों के जरिए इस शासन को आर्थिक रूप से अलग-थलग करने में आपका निर्णायक नेतृत्व बेहद प्रभावशाली है। प्रदर्शनकारियों के समर्थन और इस शासन को यह स्पष्ट संदेश देने का आपका वादा कि आप हत्याओं को बर्दाश्त नहीं करेंगे, ने इस कट्टर शासन की स्थापना के बाद से सबसे बड़े जन-आंदोलन को जन्म दिया है। मेरा मानना है कि ईरानी शासन सभी सीमाएं पार करते हुए बड़ी संख्या में अपने ही लोगों को मार रहे हैं और आपके नेतृत्व का धत्ता दिया जा रहा है। अब निर्णायक सैन्य कार्रवाई का समय है। राष्ट्रपति ट्रम्प के इस फैसले का भारत पर भी बड़ा असर पड़ सकता है, क्योंकि भारत ईरान के साथ निर्यात और आयात दोनों के माध्यम से महत्वपूर्ण व्यापारिक संबंध बनाए हुए है। भारत पहले से ही अमेरिका को अपने निर्यात पर 50 प्रतिशत शुल्क का सामना कर रहा है, जिसमें से 25 प्रतिशत शुल्क को अमेरिका भारत द्वारा रूसी तेल की खरीद से जोड़ता है। अमेरिका का कहना है कि इससे रूस के यूक्रेन युद्ध को वित्तीय मदद मिलती है। गौरतलब है कि भारत और ईरान प्रमुख व्यापारिक साझेदार हैं और हाल के वर्षों में भारत, ईरान के पांच सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों में शामिल रहा है। अमेरिका स्थित मानवाधिकार कार्यकर्ता न्यूज एजेंसी के अनुसार अमेरिका की ईरान के साथ व्यापार करने वाले देशों पर 25 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने की यह घोषणा ऐसे समय में की गई है जब ईरान में देशव्यापी विरोध प्रदर्शनों में मरने वालों की संख्या बढ़कर कम से कम 646 हो गई है।

## अमेरिका ने अपने नागरिकों से तत्काल ईरान छोड़ने का किया आह्वान

**वॉशिंगटन।** ईरान में अमेरिका के ऑनलाइन दूतावास ने अपने नागरिकों से ईरान से तुरंत बाहर निकलने का आग्रह किया है। पूरे ईरान में इस समय विरोध प्रदर्शन बढ़ने और उनके हिसक रूप लेने पर यह चेतावनी जारी की गई हैं। ऑनलाइन दूतावास ने अपनी वेबसाइट पर जारी बयान में कहा कि दूतावास ने प्रदर्शनों के कारण गिरफ्तारियां, सड़क अवरोध, परिवहन में बाधा और इंटरनेट सेवा बंद होने की आशंका जताई है। दूतावास ने अमरीकी नागरिकों को आर्मेनिया और तुर्की के रास्ते सड़क मार्ग से ईरान छोड़ने को कहा है। साथ ही बयान में यह भी कहा गया कि अमेरिकी-ईरानी दोहरी राष्ट्रीयता वाले नागरिकों को ईरानी पासपोर्ट का उपयोग करके ईरान छोड़ना होगा, क्योंकि ईरानी सरकार दोहरी नागरिकता को मान्यता नहीं देती। बयान में चेतावनी दी गई कि कि अमेरिकी नागरिक ईरान में पूछताछ, गिरफ्तार और हिरासत में लिए जाने के गंभीर जोखिम में हैं। एयरलाइनों ने ईरान के लिए या वहां से आने-जाने वाली उड़ानों को सीमित या रद्द कर दिया है, और कई सेवाओं को शुक्रवार तक निलंबित कर दिया गया है।

## ब्रिटेन सुरक्षा नहीं दे सका, तो लंदन से वापस बुला लेंगे अपने राजनयिक: ईरान

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि अगर ब्रिटेन ईरान के कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में विफल रहता है तो ईरान को लंदन में अपने दूतावास के कर्मचारियों को निकालने पर विचार करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। अराघची ने सोमवार को एक्स पर कहा कि आज शाम ब्रिटेन के विदेश सचिव के साथ फोन पर बातचीत में मैंने यह साफ कर दिया कि अंतर्राष्ट्रीय कानूनी दायित्वों के तहत, ब्रिटेन ईरान के लंदन दूतावास और वाणिज्य दूतावास की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बाध्य है। अगर ब्रिटेन राजनयिक मिशनों की रक्षा करने का अपना कर्तव्य नहीं निभा सकता है, तो ईरान के पास अपने कर्मचारियों को निकालने पर विचार करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा। उन्होंने कहा कि मैंने ब्रिटेन से ईरान के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करने का भी आग्रह किया, जिसमें न्यूज संगठनों के रूप में काम कर रहे इजरायली समर्थित आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई न करना शामिल है।

## दावा: ईरान में अब तक 12 हजार लोगों की हत्या

**वाशिंगटन।** ईरान में 12 हजार प्रदर्शनकारियों की हत्या का दावा किया जा रहा है। ईरान से जुड़े मामलों को कवर करने वाली ब्रिटिश वेबसाइट ईरान इंटरनेशनल ने दावा किया है कि ये हत्याएं पिछले 17 दिनों में हुई हैं। वेबसाइट ने इसे ईरान के आधुनिक इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा हत्याकांड बताया है।

- ज्यादातर की उम्र 30 साल से कम, जर्मनी बोला: ईरान में सरकार का खेल खत्म

वहीं रायटर्स न्यूज एजेंसी ने ईरानी अधिकारियों के हवाले से मरने वालों की संख्या 2000 बताई है। वेबसाइट का कहना है कि यह जानकारी कई सोर्सज पर आधारित है। इस डेटा की कई लेवल पर जांच की गई और सख्त प्रोफेशनल स्टैंडर्ड के मुताबिक पुष्टि के बाद ही इसे जारी किया गया। ज्यादातर मारे गए लोग 30 साल से कम उम्र के थे। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ज्यादातर हत्याएं 'रिवोल्यूशनरी गार्ड्स' और 'बसीज फोर्स' ने गोली मारकर की है और ये सब सुप्रीम लीडर अली खामेनेई के आदेश पर हुआ। दावा किया गया है कि अधिकतर हत्याएं 8 और 9 जनवरी की रात को हुईं। सरकार इंटरनेट और कम्युनिकेशन को ठप कर अपने अपराध दुनिया से छुपा रही है। वहीं भारत दौरे पर आए जर्मनी के चांसलर फेडरिक मर्त्ज ने मंगलवार को कहा कि ईरान में सरकार का खेल खत्म हो चुका है।

# बांग्लादेश में एक और हिंदू की हत्या

## 28 साल के आटो ड्राइवर को धर लौटते वक्त मारा चाकू, 23 दिन में 7 हिंदुओं का मर्डर

**ढाका।** बांग्लादेश के दक्षिणी हिस्से चटगांव डिवीजन के फेनी जिला स्थित दागनभुइयां में रविवार रात अज्ञात बदमाशों ने 28 साल के हिंदू युवक समीर कुमार दास की पीट-पीटकर और चाकू मारकर हत्या कर दी।



- रात करीब दो बजे जगतपुर गांव के एक खेत में स्थानीय लोगों को उसका शव मिला

उसका आटोरिक्शा भी लूट लिया गया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, समीर रविवार शाम करीब 7 बजे आटोरिक्शा लेकर घर से निकला था। देर रात तक जब वह नहीं लौटा तो परिजन ने उसकी तलाश शुरू की। रात करीब 2 बजे जगतपुर गांव के एक खेत में स्थानीय लोगों को उसका शव मिला। दागनभुइयां थाने के एक पुलिस अधिकारी के अनुसार, समीर की हत्या में देसी हथियारों का इस्तेमाल किया गया था। प्राथमिक जांच में लग रहा है कि हत्या पहले से प्लानिंग के तहत की गई थी। जांच जारी है और अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। बांग्लादेश में 23 दिनों के दौरान हिंदू की हत्या की ये 7वीं घटना है। इससे पहले 5 जनवरी को बांग्लादेश के नरसिंदी जिले में एक हिंदू दुकानदार की धारदार हथियारों से हत्या कर दी गई थी। मृतक 40 साल का शरत चक्रवर्ती मणि था। बांग्लादेश के मादारीपुर में मंगलवार को एक हिंदू टीचर पर स्कूल में घुसते समय हमला किया गया। शिक्षक का नाम अनादी बिस्वास है। उन पर हथौड़े से वार किया गया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। 35 साल के अनादी बिस्वास को तुरंत गंभीर हालत में मादारीपुर के जिला अस्पताल ले जाया गया। हमले के विरोध में सोमवार दोपहर करीब 2 बजे स्कूल के शिक्षक और छात्रों ने ह्यूमन चेन बनाकर प्रदर्शन किया। उन्होंने मांग की कि हमले में शामिल दोनों युवकों को जल्द गिरफ्तार कर सजा दी जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो आंदोलन तेज किया जाएगा। अस्पताल के डाक्टर अखिल सरकार ने बताया कि अनादी बिस्वास के सिर में गंभीर चोट आई है और उन्हें 6 टांके लगे हैं। उन्होंने कहा कि उनकी हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है और वे खतरे से बाहर नहीं हैं। सिर के अलावा शरीर में कोई और बड़ी चोट नहीं मिली है।

## श्रीलंकाई नौसेना ने तमिलनाडु के दस मछुआरों को किया गिरफ्तार

**चेन्नई।** श्रीलंकाई नौसैनिकों ने मंगलवार सुबह समुद्र में मछली पकड़ते समय तमिलनाडु के 10 मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया। मत्स्य पालन विभाग के सूत्रों ने यह जानकारी दी है। विभाग के सूत्रों के अनुसार, जब रामनाथपुरम जिले के रामेश्वरम द्वीप के मछुआरे नेदुनतीवू के पास मछली पकड़ रहे थे, तभी श्रीलंकाई नौसेना ने अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा पार करने के आरोप में उन्हें गिरफ्तार कर लिया। नौसेना ने उनकी नाव जब्त कर ली और आगे की कार्रवाई के लिए सभी मछुआरों को श्रीलंका के जाफना ले गई। मछुआरों की गिरफ्तारियों से तटीय जिलों के मछुआरा समुदाय में काफी नाराजगी है। इसका सीधा असर उनकी आजीविका पर पड़ता है। मुख्यमंत्री स्टालिन ने मछुआरों की रिहाई के लिए राजनयिक स्तर पर कदम उठाने के लिए कई बार केंद्र सरकार को पत्र लिखा है। उन्होंने इस जटिल समस्या का स्थाई समाधान खोजने के लिए दोनों देशों के मछुआरों के 'संयुक्त कार्य समूह' की बैठक बुलाने की भी मांग की है। इसके बावजूद गिरफ्तारियां जारी रहने से राज्य के मछुआरा समाज में गहरी चिंता पैदा कर दी है। विभिन्न मछुआरा संघों ने मछुआरों की गिरफ्तारी की बार-बार होने वाली घटनाओं की निंदा की है।

# सूडान में आरएसएफ के ड्रोन हमलों में 32 की मौत

## चोटों की गंभीरता के कारण मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है

**खार्तूम।** मध्य और दक्षिण सूडान में सोमवार को रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के ड्रोन हमलों में 32 लोग मारे गए एवं 86 अन्य घायल हो गए। स्थानीय सूत्रों ने यह जानकारी दी है।



- सिन्नार राज्य सरकार ने आम लोगों के हताहत होने की बात मानी, लेकिन सही संख्या नहीं बताई

सिन्नार के एक सरकारी सूत्र ने बताया कि मध्य सूडान के सिन्नार राज्य के सिन्जा शहर में एक सैन्य शिविर पर आरएसएफ के ड्रोन हमले में कम से कम 27 लोग मारे गए और 73 अन्य घायल हो गए एवं चोटों की गंभीरता के कारण मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। एक चश्मदीद ने कहा कि हमले में सूडानी सेना के 17वें इन्फैंट्री डिवीजन मुख्यालय और पास की बिजली और पानी की सुविधाओं को निशाना बनाया गया था। उन्होंने कहा कि शहर में एक साथ और जोरदार धमाके हुए, साथ ही सूडानी सेना के एंटी-एयरक्राफ्ट फायर की आवाज भी आई और बताया कि घायलों को राज्य के कई अस्पतालों में ले जाया गया। जानकार सूत्रों ने लक्षित की गई जगह की पुष्टि की और कहा कि हमला एक उच्च स्तरीय सुरक्षा बैठक के दौरान हुआ, जिसमें सिन्नार, व्हाइट नाइल और ब्लू नाइल राज्यों के गवर्नर के साथ ही सैन्य और सुरक्षा अधिकारी शामिल हुए थे। हमला सीधा बैठक हॉल पर हुआ। सिन्नार राज्य सरकार ने भी एक बयान जारी कर कहा कि सिजा को सोमवार दोपहर आरएसएफ के एक रणनीतिक ड्रोन ने निशाना साधा था और सूडानी सेना के वायु रक्षा प्रणाली ने ड्रोन को घेर लिया। बयान में आम लोगों के हताहत होने की बात मानी, लेकिन सही संख्या नहीं बताई। इस बीच, आरएसएफ कमांडर के सलाहकार एल बाशा ताबिग ने फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा कि 17वें इन्फैंट्री डिवीजन मुख्यालय पर हमले कोई अलग घटना नहीं है। उन्होंने कहा कि जो हुआ वह सैन्य नेतृत्व और युद्ध जारी रखने का समर्थन करने वालों को एक सीधा संदेश देता है और आने वाले समय में और बढ़ने की धमकी दी। इस बीच, स्वयंसेवी डॉक्टरों और चश्मदीदों ने कहा कि सोमवार को सूडान के दक्षिणी कोर्डोफन राज्य के एक बाजार में ड्रोन हमले में पांच नागरिक लोग मारे गए और 13 अन्य घायल हो गए। एक स्वयंसेवी समूह, सूडान डॉक्टर्स नेटवर्क ने एक बयान में कहा कि सुबह का हमला अल-जिबल अल-सिट्टा (सिक्स माउंटेन्स) इलाके में करतला बाजार को लक्ष्य करके किया गया था।

